
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 25 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-49 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और उसे ... 02
■ कांग्रेस मुख्यालय में वार रुम मतदाताओं को होने...
■ उपराज्यपाल ने की दिल्लीवालों से वोट डालने... 03
■ संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी
■ नॉर्वे रूसी पर्यटकों के प्रवेश पर लगाएगा रोक 07
भगवान श्रीराम का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ : नाना पटोले 10

छठे चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी

# मेनका, महबूबा व मनोहर चुनावी मैदान में

## आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 संसदीय सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

**लोक सभा चुनाव**

- 889 उम्मीदवार आजमा रहे हैं चुनावी किस्मत
- उप्र की 14, हरियाणा की 10 दिल्ली की 7 सीटें शामिल
- ओडिशा विस की 42 सीटों पर भी वोट पड़ेंगे

**नई दिल्ली,** 24 मई (देशबन्धु)। लोक सभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के लिए 42 सीटों पर मतदान सुचारु रूप से कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। दिल्ली की सात सीटों सहित छठे चरण में सभी 58 सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय परिवर्तित किया जा सकता है। छठे चरण में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी गायक एवं भाजपा उम्मीदवार निरहुआ, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद हो जाएगा। इस चरण में 58 लोकसभा सीटों पर 889 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के लिए 42 सीटों पर उतरे 44 महिलाओं सहित 383 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 और दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान हो चुका है।



### 428 सीटों पर हो चुका है मतदान

छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 162, हरियाणा की 10 सीटों पर 223, बिहार की आठ सीटों पर 86, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों के लिए 79, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात सीटों पर 162, ओडिशा की छह सीटों पर 64, झारखंड की चार सीटों पर 93 और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। आम चुनाव के पहले पांच चरणों में 25 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और 428 संसदीय सीटों के लिए मतदान सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

**11.13 करोड़ मतदाता तय करेंगे भाग्य**

चुनाव आयोग की ओर से आज जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य / केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 58 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 11.13 करोड़ मतदाता 1.14 मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 889 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 5.84 करोड़ पुरुष तथा 5.29 करोड़ महिला और 5120 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए उचित प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं हों।

### चुनाव आयोग ने मतदाताओं से की अपील

चुनाव आयोग ने मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए मतदाताओं से खास अपील की है। आयोग ने खासकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे शनिवार को छठे चरण के मतदान में बड़ी संख्या में हिस्सा लें। चुनाव आयोग ने कहाकि दिल्ली,गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया है।

## प्रज्वल को विदेश मंत्रालय ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,** 24 मई (देशबन्धु)। यौन उत्पीडन के आरोपों से घिरे जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब विदेश मंत्रालय ने रेवन्ना को नोटिस भेजकर पूछा है कि क्यो न उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया जाए। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में विदेश मंत्रालय को खत लिखकर उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के लिए कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर विचार कर रहा है। बताया गया है कि यौन उत्पीड़न के आरोप सामने आने के बाद रेवन्ना राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी फरार हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसी के तहत विदेश मंत्रालय ने उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उसे ईमेल के जरिए भेजा गया है। सूत्रों का कहना है कि वह राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी में है। हालांकि कर्नाटक की सरकार द्वारा यौन उत्पीडन की जांच के लिए गठित एसआईटी की अपील पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ ब्लू कार्नर नोटिस जारी किया है। हालांकि अभी तक उसका आधिकारिक रूप से कुछ पता नहीं चला है। लेकिन पासपोर्ट रद्द होते ही वह जहां भी है,वहां उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड सकता है।

## भाजपा में 'उत्तराधिकार युद्ध' चल रहा है : केजरीवाल



**नई दिल्ली,** 24 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए तिहाड़ जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि भाजपा में 'उत्तराधिकार युद्ध' चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सहयोगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए उनके उत्तराधिकारी के तौर पर कार्यभार सौंपने का रास्ता साफ कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने एक इंटरव्यू कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने खुद 2019 में बोला था कि 75 साल के सभी नेताओं को रिटायर किया जा रहा है। 2014 में पीएम बनने के बाद प्रधानमंत्री ने खुद ही ये रूल लगाया था, ताकि, युवाओं को मौका मिलना चाहिए। साथ ही पीएम ने ये भी कहा था कि 75 साल के ऊपर बीजेपी के संगठन में या सरकार में किसी को भी कोई पद नहीं दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि उसी रूल के तहत लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और सुमित्रा महाजन जी को इस्तीफा दिलवाकर रिटायर किया गया। इसके साथ ही यशवंत सिन्हा समेत कई बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की टिकटें काटी गई। फिलहाल, योगी आदित्यनाथ बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोग घर-घर में कह रहे हैं कि योगी जी को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाएगा, ताकि अमित शाह का रास्ता साफ किया जा सके।

**'अमित शाह के लिए रास्ता साफ कर रहे मोदी'**

### मोदी ने भी शराब घोटाले को फर्जी माना : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कबूल कर ही लिया कि तथाकथित शराब घोटाला पूरी तरह से फर्जी है और उनकी ईडी-सीबीआई के पास घोटाला होने का कोई सबूत नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश के सामने कबूल किया कि शराब घोटाला फर्जी है और इसमें कोई सबूत नहीं मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि कोई सबूत इसलिए नहीं मिला, क्योंकि केजरीवाल अनुभवी चोर है।

**सार संक्षेप**

### सांसद हत्या मामले में 12 दिन की हिरासत में आरोपी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को बांग्लादेश सांसद हत्या मामले के आरोपी जिहाद हवलदार को 12 दिनों की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेज दिया। मामला बांग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम की रहस्यमय मौत से जुड़ा है।

### फैक्ट्री विस्फोट में मरने वालों की संख्या 11 हुई



**ठाणे।** मुंबई में ठाणे के डोंबिवली स्थित अमुदान केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मलबे से तीन और शव निकाले गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना गुरुवार को घटी थी।

# सोरेन को जेल भेजने का बदला वोट से लेगा झारखंड : खड़गे

**देवघर,** 24 मई (एजेंसियां)। झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अंग्रेजी हुकूमत की तरह जल, जंगल, जमीन के अधिकारों पर प्रहार किया है। यूपीए सरकार ने वनों की सुरक्षा के लिए जो वन अधिकार कानून बनाया था, उसे इन्होंने बदल डाला। उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के लिए सीधे-सीधे पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन्हें लगा कि आदिवासी सीएम को अंदर कर झारखंड में चुनाव जीत लेंगे, लेकिन यहां की जनता उन्हें वोट से करारा जवाब देगी। वह आदिवासी नेता के अपमान का बदला लेगी। आप कितनों को जेल में डालेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ने वाले लोग हैं। खड़गे ने कहा कि इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और संसद के उद्घाटन से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रामनाथ कोविंद को दूर रखा।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने गोड्डा में की जनसभा**



बूथ वाइज आंकड़ें सार्वजनिक करने पर हुई सुनवाई

## चुनाव के बीच में सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट में बूथ वाइज वोटर्स के आंकड़े सार्वजनिक करने के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को प्रति बूथ पर पड़े कुल वोटों की जानकारी प्रकाशित करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव चल रहा है और बीच में दखल नहीं हो सकता है। इसके साथ ही इस मामले की सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद के लिए टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शनिवार को छठे फेज का चुनाव हो जाएगा और ऐसे में चुनाव आयोग की परेशानी को हम समझ सकते हैं।

## आजम, अब्दुल्ला को हाईकोर्ट से जमानत


**प्रयागराज,** 24 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दे दी है। इसके साथ ही आजम खान की सजा पर रोक भी लगाई है। आजम खान की सजा का आदेश स्थगित कर दिया है।




कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया

# बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'रेमल'

**नई दिल्ली**, 24 मई (एजेंसियां)। देश के एक बड़े हिस्से में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जबकि केरल में भारी बारिश हो रही है। इस बीच, बंगाल की खाड़ी में सीजन का पहला चक्रवाती तूफान भी उठा है। इसे रेमल नाम दिया गया है। इसका सबसे ज्यादा असर पश्चिम बंगाल पर पड़ेगा। मौसम विभाग ने बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठ रहा यह चक्रवाती तूफान 26 मई (रविवार) को एक गंभीर चक्रवात के रूप में पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश बांग्लादेश के तटों से टकरा सकता है। शनिवार को ही बंगाल में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ सीटों पर मतदान होना है।



- गंभीर चक्रवात के रूप में कल तटों से टकरा सकता है

**सौ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं**

मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवात के कारण 25 मई को पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और बांग्लादेश में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। तूफान के 25 मई (शनिवार) को गहरे दबाव में और 26 मई को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। आईएमडी ने कोलकाता, हावड़ा, नादिया, झाड़ग्राम, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि मौसम विभाग ने अभी चक्रवात के लैंडफॉल से संबंधित कोई भी आधिकारिक रूप से जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई है।

# देश

**उवाच**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले दस वर्षों से अनुच्छेद 370 का ढोल पीट रहे थे और जनादेश मिलने के बाद पांच अगस्त, 2019 को इसे रद्द कर दिया।

–गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.0 | 31.0 |
| मुंबई | 32.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 36.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# अग्निपथ योजना में फंसे प्रधानमंत्री मोदी ले रहे चुनाव आयोग का सहारा : कांग्रेस

## अग्निपथ योजना लाकर सेना को कमजोर करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जिस गलत नीति के कारण फंसते हैं, उससे बचने के लिए वह सहारा ढूंढते हैं और इस बार अग्निवीर योजना में फंसे हैं तो इससे निकलने के लिए वह चुनाव आयोग का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अग्निपथ योजना गलत है और इससे सेना में भेदभाव हो रहा है।



अग्निपथ योजना गलत है और इससे सेना में हो रहा है भेदभाव : कर्नल रोहित चौधरी

### अग्निपथ योजना देश, सेना व युवाओं के लिए गलत

यह योजना देश, सेना और युवाओं के लिए गलत है इसलिए कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे रद्द किया जाएगा लेकिन मोदी इस योजना के कारण फंस गए हैं और अब वह आयोग का सहारा ले रहे हैं। कर्नल चौधरी ने लिखा, चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है कि चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी के स्टार प्रचारक डिफेंस फोर्सेज की ऑपरेशनल चीजों पर बात न करें। मोदी जब भी फंसते है तो वह कोई ना कोई सहारा ढूंढते हैं। पहले वह डिफेंस फोर्सेज के पीछे जाकर छुपते थे और अब चुनाव आयोग का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने देश की सेना को मजबूत बताते हुए कहा, हमारी सेनाएं सक्षम हैं, बेहतरीन काम कर रही हैं और देश की सुरक्षा कर रही हैं। लेकिन मोदी सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर सेना को कमजोर किया है। हम उस अग्निपथ योजना को चैलेंज कर रहे हैं, जो देश, सेना और सैनिकों के हित में नहीं है। पूर्व सेना प्रमुख ने भी अग्निपथ योजना का अपनी किताब में जिक्र करते हुए लिखा है कि इस अग्निपथ योजना के ऐलान ने तीनों सेनाओं को चौंका दिया था।कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम देश के युवाओं को यह उम्मीद देना चाहते हैं कि हमारी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना रद्द होगी और जो अग्निवीर हैं, उनके स्थाई प्रबंधन का काम होगा। इस योजना ने सेना में भेदभाव पैदा कर दिया है और देश की सुरक्षा को भी कमजोर कर रही है। जब सरकार ये योजना लाई थी तब कहा था कि 4 साल बाद इन अग्निवीरों का कहीं न कहीं प्रबंध किया जाएगा लेकिन अब तक इस बारे में कोई नोटिफिकेशन नहीं आया है।

### हमारी सेनाओं पर थोपी गई है अग्निपथ योजना

कर्नल चौधरी ने कहा कि हमारे देश की सेनाओं ने कई लड़ाईयां लड़ीं है। बीते समय में सेनाओं का आधुनिकीकरण भी हुआ, जहाज खरीदे गए, डिफेंस सेक्टर में काफी काम हुआ और सेनाओं में रेगुलर सैनिक थे। अगर आज मोदी सरकार पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना लेकर आई है तो सवाल है कि क्या सरकार के पास सेना के लिए पैसे नहीं है।अग्निपथ योजना हमारी सेनाओं पर थोपी गई है और अब सैन्य यूनिटों में समस्याएं बढ़ रही है तो आप सर्वेक्षण का काम करा रहे हैं जबकि ये काम पहले करना चाहिए था।

# महाराष्ट्र में सूखे की स्थिति को लेकर शिंदे सरकार गंभीर नहीं : पटोले

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष नाना पटोले ने राज्य की शिंदे–भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सूखे की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है और कहा है कि सरकार को आचार संहिता के बहाने संकोच नहीं करना चाहिए और राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जानवरों को चारा, पीने का पानी और लोगों को काम तुरंत उपलब्ध कराना चाहिए। पटोले ने नागपुर में मीडियाकर्मियों से कहा कि राज्य में सूखे की स्थिति बहुत गंभीर है, कुछ गांवों को महीनों तक पानी नहीं मिला है, जानवरों के लिए चारा नहीं है, पीने का पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर में सूखे की समीक्षा बैठक की, लेकिन इस बैठक से पांच अभिभावक मंत्री अनुपस्थित रहे। इससे साफ है कि सरकार सूखे को लेकर गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री को मौके पर ही आदेश देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने सिर्फ बैठक कर खानापूर्ति कर दी। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार असंवैधानिक है और इस सरकार को आम लोगों से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा, गरीब लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। लोग सूखे के कारण पीड़ित हैं, लेकिन सरकार कोई उपाय नहीं कर रही है। डोंबिवली में एक रासायनिक कारखाने में विस्फोट में 11 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि डोंबिवली में एक पूर्व घटना के बाद महाविकास अघाड़ी सरकार ने इन कारखानों को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन उसके बाद आई भ्रष्ट गठबंधन सरकार ने पैसे लिए और कारखानों को चालू रखा। पटोले ने कहा कि लोगों के जीवन की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन खोके (बक्से) सरकार को गरीबों के जीवन की परवाह नहीं है।



# पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को किया संबोधित

**आरा,** 24 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक बार फिर दोहराया कि पाकिस्तान के परमाणु बम से हम नहीं डरते हैं, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है और हम उसको लेकर रहेंगे, ये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प है। शाह ने वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कहा कि ये कांग्रेस और लालू का घमंडिया गठबंधन हमें डराता है कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं लालू यादव एंड कंपनी से कहना चाहता हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं, पाकिस्तान के एटम बम से नहीं डरते। पीओके हमारा है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे, यह भाजपा का संकल्प है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन वाले लोग हमारे पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं और मुसलमानों के लिए आरक्षण लाना चाहते हैं। कोलकाता हाईकोर्ट ने उनके आरक्षण पर रोक लगाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक हम हैं आरक्षण को खत्म नहीं होने देंगे। आप एनडीए को 400 पार करा दो, हम मुस्लिम आरक्षण को खत्म कर पिछड़ा को देने का काम करेंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन गठबंधन के लोगों ने 12 लाख करोड़ का घोटाला भ्रष्टाचार किया लेकिन नरेंद्र मोदी ने 23 साल तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए चार आने का भी भ्रष्टाचार नहीं किया। उन्होंने जनता से पूछा, अब आप 12 लाख करोड़ के घोटाले वाले को चुनना चाहेंगे या ईमानदार और गरीब का कल्याण करने वाले मोदी के प्रतिनिधि आर के सिंह को।

### झारखंड में कांग्रेस-झामुमो के बीच भ्रष्टाचार को लेकर प्रतिस्पर्धा

**जामताड़ा।** गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बीच भ्रष्टाचार को लेकर प्रतिस्पर्धा है। शाह ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान को लेकर दुमका लोकसभा अंतर्गत जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के मेझिया फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करते कहा कि 'इंडि' गठबंधन की सरकार ने झारखंड को लव जिहाद, लैंड जिहाद और बांग्लादेशी तथा रोहांगिया घुसपैठियो की शरण स्थली बना दिया है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी से रतलाम में पारा 46.2 डिग्री

**भोपाल।** प्रचंड गर्मी का दौर शुक्रवार को भी मध्य प्रदेश में जारी रहा। इसका सर्वाधिक असर प्रदेश के दक्षिण पश्चिम के हिस्से में देखा गया, जहां लू चलने से अनेक स्थानों पर पारा में जबर्दस्त उछाल आया। रतलाम में पारा गुरुवार के मुकाबले लगभग एक डिग्री बढ़कर 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश भर में भीषण गर्मी का दौर बना रहा। राजधानी भोपाल में पारा गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को लुढ़ककर 43.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

### आंध्र प्रदेश में टीटीडी ने वीआईपी दर्शन रद्द किए

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों में तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए 30 जून तक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को वीआईपी दर्शन बंद कर दिए गए हैं। आम तीर्थयात्रियों के व्यापक हितों को देखते हुए यह निर्णय लिया है। सर्व दर्शन तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन समय में पहले से ही लगभग 30-40 घंटे लग रहे हैं। टीटीडी ने कहा ऐसे में वीआईपी दर्शन के लिए किसी तरह का सिफारिश पत्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ जांच पर 17 जून तक रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी नेता सुवेंदु अधिकारी के निवास सह कार्यालय से उनके निजी सचिव के नाम बड़ी संख्या में कथित रूप से हथियार और नकदी पकड़ी जाने के मामले में पुलिस को 17 जून तक जांच करने से रोकने का आदेश दिया है। न्यायालय से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यायालय की एकल पीठ की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमृता सिंह ने समन्वय बेंच के उस आदेश के आधार पर पुलिस को विपक्षी नेता के खिलाफ जांच पर 17 जून तक रोक लगाई है जिसमें निर्देश दिए गए थे कि उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने से पहले अदालत से अनुमति लेनी होगी।

### मतगणना दिवस पर सतर्कता से कार्य करें कांग्रेसजन : पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि लोस चुनाव को चार जून को मतगणना का कार्य होना है। मतगणना के लिए नियुक्त मतगणना अभिकर्ता मतदान दिवस पर पूरी सतर्कता से कार्य करें। पटवारी ने इसके लिए मध्य प्रदेश के लोस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से पत्र लिखकर कहा है कि कहीं न कहीं मतदान के बाद मतों की संख्या में बढ़ोतरी जरूर कुछ न कुछ अनियमितताओं की आशंका जाहिर करती है।

# एग्जिट पोल व इसके परिणाम का प्रचार एक जून तक प्रतिबंधित : राजन

**भोपाल,** 24 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण एक जून तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन प्रतिबंधित है। राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 28 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान एक जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार–प्रसार करना पूर्णत: प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि आयोग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।




# ओडिशा में मोदी बनाम नवीन के बीच लोकप्रियता की परीक्षा

## लोकसभा की छह व 42 विधानसभा सीटों पर आज डाले जाएंगे वोट

**भुवनेश्वर,** 24 मई (एजेंसियां)। ओडिशा में शनिवार को लोकसभा की छह और 42 विधानसभा सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की लोकप्रियता की परीक्षा होगी। वर्ष 2019 के आम चुनाव में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने छह में से चार लोकसभा और 34 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खाते में दो लोकसभा और छह विधानसभा सीटें गईं जबकि कांग्रेस को विधानसभा की दो सीटों से ही संतोष करना पड़ा। ओडिशा में चुनाव के लिए मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और असम, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों सहित 12 से अधिक भाजपा स्टार प्रचारकों के साथ एक हाई–प्रोफाइल अभियान देखा गया है। 'डबल इंजन सरकार' और 'ओडिया गौरव' के अपने नारे के साथ भाजपा का लक्ष्य राजनीतिक रूप से संवेदनशील



तटीय जिलों में पैठ बनाना है, जो पिछले दो दशकों से बीजद का गढ़ रहे हैं। बीजद अभियान, जिसका नेतृत्व ज्यादातर पार्टी सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री तथा उनके भरोसेमंद नौकरशाह से नेता बने वीके पांडियन ने किया है। बीजद ने सभी वर्गों के लोगों के लिए चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं की श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया है जो सबसे महत्वपूर्ण है। अपना वर्चस्व बरकरार रखने के लिए बीजद ने जुलाई से राज्य की 90 प्रतिशत आबादी को मुफ्त बिजली देने की भी घोषणा की है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि सत्तारूढ़ पार्टी को भाजपा के आक्रामक अभियान के मद्देनजर वर्ष 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना मुश्किल होगा। भाजपा ने पटनायक पर अपनी सरकार को निहित और भ्रष्ट नौकरशाहों को आउटसोर्स करने का गंभीर आरोप लगाया है, जिससे राज्य 50 साल पीछे चला गया है। इसके अतिरिक्त सत्ता विरोधी लहर दो मंत्रियों, छह पूर्व मंत्रियों और कई मौजूदा विधायकों सहित बीजद के कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला करने में प्रमुख भूमिका निभा सकती है। सभी छह लोकसभा सीटों पर बीजद और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, छह बार के लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और भाजपा के मौजूदा भुवनेश्वर सांसद अपराजिता सारंगी जैसी दिग्गज शामिल होंगी।

### 64 लोकसभा व 383 विधानसभा उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में होगा बंद

राज्य में 40.30 लाख पुरुष मतदाताओं, 39.31 लाख महिला मतदाताओं और 850 ट्रांसजेंडरों सहित 94.41 लाख से अधिक मतदाता 64 लोकसभा उम्मीदवारों और 383 विधानसभा उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। शनिवार को जिन छह लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें भुवनेश्वर, कटक, ढेंकनाल और पुरी (सभी तटीय ओडिशा में), पश्चिमी ओडिशा में संबलपुर और उत्तरी ओडिशा में एकमात्र (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र क्योंझर शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों के अलावा, राज्य के 30 जिलों में से 10 में फैली इन संसदीय संविधानों के तहत आने वाली 42 विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा।

# भाजपा विधायक राजू सिंह की मुश्किलें बढ़ीं

## पैसे बांटने व आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज



**पटना/वैशाली,** 24 मई (देशबन्धु)। वैशाली लोकसभा क्षेत्र में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के रोड शो में रुपए बांट रहे बीजेपी विधायक राजू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज प्रखंड के बीडीओ के आवेदन पर स्थानीय पुलिस ने विधायक के खिलाफ चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटने और आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दें कि रुपए बांटने का यह वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। वैसे यह वाकया विगत 22 मई का है। उस दिन मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में चिराग पासवान का रोड शो हो रहा था।

चिराग पासवान वैशाली लोकसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी की उम्मीदवार वीणा देवी के लिए चुनाव प्रचार करने गए थे। रोड शो में चिराग की गाड़ी पर ही प्रत्याशी वीणा देवी के साथ साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह भी सवार थे।

### राजद प्रत्याशी ने चुनाव आयोग से की थी शिकायत

वैशाली लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी मुन्ना शुक्ला ने चुनाव आयोग और मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से इसकी शिकायत की थी और कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद राजू सिंह के खिलाफ प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। साहेबगंज के थानेदार सिकंदर कुमार ने मीडिया को बताया कि पैसे बांटने और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में बीजेपी विधायक राजू कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। साहेबगंज के बीडीओ अलाउदीन अंसारी के आवेदन विधायक राजू कुमार सिंह के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा है कि वह वायरल वीडियो को जब्त कर हकीकत का पता लगाया जा रहा है।

# ईडी के रांची क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे आईएएस मनीष रंजन

### मांगी अगली तारीख



**रांची,** 24 मई (एजेंसियां)। झारखंड में ईडी के समन के बाद शुक्रवार को आईएएस मनीष रंजन ईडी के रांची क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्होंने ईडी कार्यालय को पत्र लिखकर उपस्थिति के लिए अगली तारीख देने की बात कहीं है। रंजन के पत्र को लेकर पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारी अनिल कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पत्र में क्या है, उसे नहीं मालूम। उसे पत्र लेकर ईडी ऑफिस जाने को कहा गया, तो जिसके बाद मैं इसे लेकर पहुंचा हूं। उल्लेखनीय है कि टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने 22 को रंजन को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था।

# चार जून के बाद नमाज पढ़ते नजर आएंगे लालू यादव : गिरिराज सिंह

### मुस्लिम आरक्षण को लेकर दिए बयान पर कसा तंज

**पटना,** 24 मई (देशबन्धु)। देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण की वोटिंग होनी है। इस बार चुनाव में जो मुद्दा सबसे अधिक गरम है, वह है आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का मुस्लिम आरक्षण को लेकर दिया गया बयान। जिसमें लालू ने मुसलमान को पूरा आरक्षण दिए जाने की वकालत की है। उसके बाद भाजपा के छोटे से लेकर बड़े नेताओं ने लालू की घेराबंदी शुरू कर दी। इसी कड़ी में अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बड़ी बात कह डाली है। गिरिराज सिंह ने कहा कि 4 जून के बाद लालू यादव नमाज पढ़ते नजर आएंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव ने बिहार में यादव सहित सभी पिछड़े वर्ग और सनातनियों का अपमान किया है। जिस तरह से वह मुसलमानो को आरक्षण देने की बात कर रहे हैं,



उससे साफ मालूम पड़ता है कि वह हिंदुओं को लेकर कैसा विचार रखते हैं। हार की डर से वह कुछ भी बोल रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि 4 तारीख के बाद वह आपको नमाज पढ़ते नजर आ जाएं और उनके सहयोगी राहुल गांधी कहीं दूसरी जगह टूरिस्ट प्लेस घूमते हुए नजर आएंगे।

सबसे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने मुस्लिम रिजर्वेशन को लेकर लालू प्रसाद यादव पर बड़ा हमला बोला था। सीएम सरमा ने कहा था कि आप अगर मुसलमानों को रिजर्वेशन देना चाहते हैं तो पाकिस्तान चले जाइए, वहीं आरक्षण दीजिएगा।

**चुनाव** *हमलों के बीच अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र चुनाव के लिए तैयार*

# अनंतनाग में पिछले तीन दिनों में हो चुके हैं चार आतंकी हमले

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 24 मई (देशबन्धु)। चार महीनों में जिस संसदीय क्षेत्र में सात आतंकी हमलों ने सभी को चौंकाया है वहां कल यानि 25 मई को संसदीय सीट के लिए मतदान होने जा रहा है। यह संसदीय क्षेत्र अनंतनाग-राजौरी-पुंछ के नाम से जाना जाता है जो कश्मीर और जम्मू संभाग का हिस्सा है।**

अनंतनाग में मतदान पहले 7 मई के लिए निर्धारित था, लेकिन भाजपा, अपनी पार्टी और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी सहित कई पार्टियों के अनुरोध के बाद प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण इसे 25 मई तक के लिए टाल दिया गया था। अनंतनाग–राजौरी निर्वाचन क्षेत्र को 2022 में परिसीमन आयोग द्वारा पुनर्गठित किया गया था, पुलवामा और शोपियां के कुछ हिस्सों को छोड़कर, जबकि अधिकांश राजौरी और पुंछ जिलों को शामिल किया गया था। और इस संसदीय क्षेत्र के प्रति चिंताजनक बात यह है कि अनंतनाग में पिछले 30 दिनों में चार आतंकी हमले हो चुके हैं। जबकि राजौरी व पुंछ के जिलों में इस साल अभी तक 3 हमले हो चुके हैं।



■ अनंतनाग-राजौरी क्षेत्र में बीस उम्मीदवार आजमा रहे अपना भाग्य

वर्ष 2023 में, राजौरी, पुंछ और पड़ौसी रियासी जिले में मुठभेड़ों की एक श्रृंखला देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप 54 मौतें हुईं, जिनमें 19 सुरक्षाकर्मी और 28 आतंकवादी शामिल थे और अब राजौरी और पुंछ के जुड़वां सीमावर्ती जिलों में, विशेष रूप से नियंत्रण रेखा पर, अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा, जहां 25 मई को मतदान होना है, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने दावा किया कि इन उपायों में सुरक्षा कर्मियों की बढ़ती तैनाती, पहाड़ी क्षेत्रों में क्षेत्र प्रभुत्व, अतिरिक्त चौकियां और क्षेत्र में और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर चौबीसों घंटे निगरानी शामिल है। वैसे भी जम्मू कश्मीर में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए जोर–शोर से चल रहा चुनाव प्रचार कल शाम को समाप्त हो गया, क्योंकि शाम को अनंतनाग–राजौरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव प्रचार बंद हो गया। दक्षिण कश्मीर–पीर पंजाल क्षेत्र में नवगठित लोकसभा सीट पर शनिवार को मतदान होना है, जो जम्मू कश्मीर में मतदान के समापन का प्रतीक है क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश के चार अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में पहले ही मतदान हो चुका है। अनंतनाग–राजौरी निर्वाचन क्षेत्र में 20 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती भी शामिल हैं, जो 2019 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार के बाद संसद में लौटने की उम्मीद कर रही हैं।

श्रीनगर और बारामुल्ला में रिकार्ड उच्च मतदान के साथ, राजनीतिक पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि दक्षिण कश्मीर निर्वाचन क्षेत्र में भी उम्मीद से अधिक मतदान होगा। हालांकि इस संसदीय क्षेत्र में आतंकी हमलों का डर जरूर बना हुआ है।

उल्टा पुल्टा

पुलिस : हम पुलिस वाले हैं दरवाजा खोलो
चिंटू : क्यों ?
पुलिस : हमें कुछ बात करनी है।
चिंटू : तुम लोग कितने हो ?
पुलिस : हम तीन हैं।
चिंटू : तो आपस में बात कर लो, मेरे पास टाइम नहीं है...

# कांग्रेस मुख्यालय में वार रूम मतदाताओं को होने वाली समस्या से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली**, 24 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव द्वारा 25 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर दिन भर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समन्वय स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि चॉदनी चौक, नार्थ ईस्ट और नार्थ वेस्ट लोकसभा के तीनों उम्मीदवारों ने सभी पोलिंग बूथों पर एजेंट और स्थानीय नेता और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

देवेन्द्र यादव ने बताया कि दिल्ली में हमारे नेता राहुल गांधी ने इस चुनाव को गंभीरता से लेते हुए चॉदनी चौक, नार्थ ईस्ट और नार्थ वेस्ट लोकसभा के तीनों उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां और महिला के अधिकार दिलाने के लिए विचार विमर्श के तहत टाउन हॉल कार्यक्रम में शामिल होकर उनकी समस्याओं से रुबरु हुए। दिल्ली की जनता के बीच राहुल गांधी के पहुंचने पर दिल्ली में कांग्रेस के प्रति रुझान बढ़ा है और लगातार कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी की जानकारी देने और गारंटी कार्ड भरने के बाद दिल्ली के लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है।

पूरे लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भी खुद विभिन्न समाज और वर्गों के साथ 5 टाउन हॉल कार्यक्रय किए है। उन्होंने कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों सहित इंडिया गठबंधन के चारों आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में भी प्रचार किया। सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया।



कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी की जानकारी देने व गारंटी कार्ड भरने के बाद दिल्ली के लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है : **देवेन्द्र यादव**

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों ने पूरे प्रचार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में अनेक बैठकें और पैदल यात्रा करके जनता तक कांग्रेस पार्टी की भविष्य की योजना और विचारों को पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि न केवल 3 कांग्रेस की सीटों पर बल्कि इंडिया गठबंधन की चारों सीटों पर स्थानीय नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से जुटने के लिए कहा।

देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वो मतदाताओं को घरो से बाहर निकाल कर हर बूथ पर अधिक से अधिक वोट डलवाने का काम करें। हमारे कार्यकर्ता दिल्ली के 13630 बूथों पर बूथ एजेंट, पोलिंग एजेंट के रुप में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

देवेन्द्र यादव ने बताया कि प्रदेश कार्यालय में वार रुम ओर कंट्रोल रुम कल मतदान के दौरान आने वाले परेशानियों के लिए पूरी मुस्तैदी से काम करेंगे। इसके लिए वार रुम और कंट्रोल रुम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की टीम पूरे दिन मौजूद रहेगी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को उन चार अन्य लोकसभा सीटों पर भी सक्रिय बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है, जहां भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस का वार रुम और कंट्रोल रुम पिछले 1 महीने से भी ज्यादा समय से पूरी निष्ठा के साथ काम रहा है, जो कल मतदान के दिन भी किसी भी क्षेत्र से कोई समस्या के समाधान को तत्पर रहेंगे।

# उपराज्यपाल ने की दिल्लीवालों से वोट डालने की अपील

लोकसभा चुनाव सबके लिए ऐसा स्वर्णिम अवसर है, जब आप तय करेंगे कि आने वाले समय में देश की दिशा और दशा कैसी होगी : **सक्सेना**

**नई दिल्ली**, 24 मई (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार को सातों लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मतदान से पहले दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने दिल्लीवासियों से खास अपील की है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आने वाले समय में देश की दशा और दिशा तय करने का चुनाव है।

होली, दशहरा, दिवाली और ईद तो हर साल आते हैं, लेकिन चुनाव का यह त्योहार 5 साल में एक बार आता है। इसलिए सभी याद रखें कल का दिन छुट्टी का दिन नहीं, ड्यूटी का दिन है। उपराज्यपाल ने कहा कि 25 मई के दिन हम सभी लोकतंत्र का महापर्व मनाने जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव सबके लिए ऐसा स्वर्णिम अवसर है, जब आप तय करेंगे कि आने वाले समय में देश की दिशा और दशा कैसी होगी। उन्होंने कहा कि एक भारतीय के रूप में आप



सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर पर अपने देश और खुद को किस रूप में देखना चाहते हैं। यह तय करने का काम आपका है। भारत के नागरिक होने के नाते एक सक्षम और जिम्मेदार सरकार चुनने की जिम्मेदारी सभी की बनती है। एलजी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदार बने। उन्होंने दिल्लीवालों से अपील की कि हर एक व्यक्ति बढ़चढ़ कर मतदान के उत्सव में शामिल होकर देश में एक मजबूत और काम करने वाली सरकार बनाने का हिस्सा बनें। उन्होंने बढ़ते तापमान का जिक्र करते हुए कहा कि गर्मी बहुत है, इसलिए कोशिश करें सबसे पहले सुबह-सुबह वोट देकर राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनें।

## मतदाता खुद भी डाउनलोड कर सकते हैं वोटर पर्ची

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है, इसको लेकर चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी पार्टियों के पोलिंग एजेंट और कार्यकर्ता मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर पर्चियां भी पहुंचाई गई हैं। वहीं, चुनाव आयोग ने भी वोटर पर्ची मतदाता द्वारा खुद से डाउनलोड करने की भी सुविधा प्रदान की हुई है। अगर किसी मतदाता को वोटर पर्ची प्राप्त नहीं होती है तो वह खुद से भी चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 1950 पर मैसेज करके वोटर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। वोटर पर्ची प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन ऐप पर अपने फोन नंबर और एक पासवर्ड बनाकर लॉगिन कर सकते हैं।

**चुनाव आयोग ने प्रदान की सुविधा**

## सार संक्षेप

### दिल्ली के अलीपुर में रिजॉर्ट में लगी आग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक रिजॉर्ट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्निवल रिजॉर्ट में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की गाड़ियां मौके पर तुरंत भेज दी गई। अनुमान है कि आग बिजली के तारों के शार्ट-सर्किट के कारण लगी। अंतिम सूचना मिलने तक आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे थे।

### चार दिन की न्यायिक हिरासत में बिभव कुमार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन पर आप की राज्यसभा सदस्य और डीसीडब्ल्यू की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। पांच दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने पर बिभव को अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 13 मई को मालीवाल पर हुए हमले के सिलसिले में बिभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इस दौरान उन्हें सीएम आवास भी ले जाया गया, जहां क्राइम सीन रीक्रिएट किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस हिरासत के दौरान बिभव कुमार को मुंबई में तीन स्थानों पर ले जाया गया। सूत्र ने कहा कि कुमार ने अपने फोन को फॉर्मेट कर दिया था, जिसका खुलासा तकनीकी जांच के बाद हुआ। पुलिस के मुताबिक, 17 मई को उन्होंने अपने फोन में खराबी बताकर उसे फॉर्मेट कर दिया था। मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट के बाद दिल्ली पुलिस ने कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### आईजीएनसीए जर्नी इनटू बुद्धिज्म पुस्तक का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 'इकोज ऑफ एनलाइटनमेंटः आईजीएनसीए जर्नी इनटू बुद्धिज्म' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक को बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा प्रकाशित की गई है। जिसका उद्देश्य आईजीएनसीए के महत्वपूर्ण प्रयासों के बारे में और अधिक जानकारी देना तथा साथ ही बौद्ध धर्म के संक्षिप्त ऐतिहासिक विकास, इसके दार्शनिक आधार और पूरे एशिया में इसके सांस्कृतिक प्रभाव का विवरण प्रस्तुत कराना है। इस मौके पर आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, डॉ. मयंक शेखर, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के महानिदेशक अभिजीत हलदर, जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. सुधामही रघुनाथन, दिल्ली विश्विद्यालय के प्रो. अमरजीव लोचन और आईजीएनसीए के डीन (प्रशासन) एवं कलानिधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश चंद्र गौड़ मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशियों ने किया अपने चुनावी कैम्पेन के अनुभवों को साझा

**नई दिल्ली**, 24 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली से सभी भाजपा प्रत्याशियों ने अपनी थकान उतारी और अनौपचारिक वार्ता अपने 83 दिनों के चुनावी कैम्पेन के अनुभवों को साझा किया। भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज एवं प्रवीण खंडेलवाल ने अपने अनुभव साझा किए।

दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित अनौपचारिक लंच पर चर्चा बैठक में मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल आदि भी उपस्थित थे। श्री कपूर ने चिलचिलाती गर्मी में चुनाव प्रचार मे सहयोग के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही मीडिया कर्मियों का भी आभार प्रकट किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपनी चुनावी रैलियों के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि दिल्ली के अंदर तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी जीतेगी और



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदानमंत्री बनाने जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी इस चुनाव कैम्पेन में पूरा मार्गदर्शन एवं सहयोग दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो विशाल रैलियों को सम्बोधित किया। गृहमंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, भजन लाल शर्मा, प्रमोद सावंत, हिमंता विस्वा शर्मा, पुष्कर सिंह धामी, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी दिया कुमारी, देवेन्द्र फडणवीस, प्रेमचंद बैरवा, श्री के. अन्नामलाई, नवनीत राणा, वनाथी श्रीनिवासान, माधवी लथा आदि ने जनसभाओं, संगठात्मक बैठकों को सम्बोधित किया और रोड शो में सम्मलित हुए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि हमारे नेता एवं प्रत्याशी 131 बड़ी जनसभा एवं रोड़ शो के अतिरिक्त 2625 नुक्कड सभाओं और 10048 पदयात्राओं में सम्मलित हुए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार से हमने जनता का प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति उत्साह देखा है और जिस तरह सातों सांसद प्रत्याशियों को प्यार मिला है उसे देखते हुए हमें विश्वास है कि हम सातों सीट जीतेंगे।

मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं ने लगातार कोशिश की कि भाजपा के बारे में झूठ और कुप्रचार किया जाए, लेकिन दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि सच्चाई क्या है। किसने वायदे करके पूरे नहीं किए और जनता मन बना चुकी है कि एक बार फिर से पीएम मोदी को लाना है।

# अपहरण कर मासूम लड़की की हत्या, शव नाले में फेंका

**नई दिल्ली**, 24 मई (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में पड़ोसी ने साढ़े तीन साल की मासूम लड़की का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को नाले में फेंक दिया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को बुधवार रात 8:51 बजे कॉल पर सूचना मिली कि कापसहेड़ा इलाके में गली नंबर 9 में एक मासूम लड़की का अपहरण कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच सालों से अपने परिवार के साथ यहां किराए के मकान में रह रही है। बुधवार शाम करीब 6 बजे उसकी साढ़े तीन साल की बेटी को पड़ोसी अनिल ने अगवा कर लिया।


दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि लड़की और आरोपी का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी को खंगाला। एक कैमरे में शाम 7:05 बजे आरोपी लड़की के साथ गंदा नाला की ओर जाता हुआ नजर आया। उसी कैमरे में वह शाम करीब 7:25 बजे लड़की के बिना अकेले लौटता हुआ दिखाई दिया।

आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की लोडेड सर्विस रिवॉल्वर छीन ली और हिरासत से भागने की कोशिश की। उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी : **रोहित मीणा, डीसीपी**

पुलिस ने आरोपी अनिल (34) को उसी दिन रात करीब 11:55 बजे कानपुर की ओर जा रही एक बस के अंदर से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने शुरू में अपहरण में किसी भी तरह की भूमिका होने से इनकार किया। लेकिन लगातार पूछताछ के दौरान वह टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया।


डीसीपी ने आगे बताया कि आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की लोडेड सर्विस रिवॉल्वर छीन ली और हिरासत से भागने की कोशिश की। उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी को तुरंत इंदिरा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया।

# युवाओं ने की लोगों से भारी संख्या में वोट करने की अपील



**नई दिल्ली**, 24 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होने हैं। गौरतलब है कि 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार विजयी हुए थे। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार बदले हैं और युवा उम्मीदवार जैसे बांसुरी स्वराज को मौका दिया है। नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से युवा एवं पढ़ी-लिखी महिला उम्मीदवार को भाजपा ने मैदान में उतारा है और इससे क्षेत्र के युवा मतदाताओं में खासा जोश है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के युवा वोटिंग से एक दिन पहले तक खासे उत्साह में जनसंपर्क करते देखे गए, जहां उन्होंने 'अब की बार 400 पार' फिर एक बार मोदी सरकार' स्टीकर लगी टीशर्ट पहनकर क्षेत्र के मतदाताओं से वोट की अपील करते देखे गए। इन युवाओं का नेतृत्व कर रहे युवा भाजपा नेता डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद वोटिंग प्रतिशत कम न हो जाए, इसलिए वह युवाओं के साथ मतदाताओं से अपील कर रहे हैं कि 25 मई को भारी संख्या में घरों से बाहर निकलकर वोट करें तथा युवा एवं कर्मठ उम्मीदवार बांसुरी स्वराज को ज्यादा-से-ज्यादा मतों से जिताएं। उनकी इस मुहिम में डॉ. छत्र सिंह बैद, संदीप अग्रवाल, सरदार जगदीप सिंह, सत्येंद्र कुमार चौधरी, कमल हांडा का विशेष सहयोग रहा।

# डीयू के प्रोफेसर्स ने अपोजिट पोशाक पहनकर किया रैम्प वॉक



**नई दिल्ली**, 24 मई (देशबन्धु)। दिल्ली यूनिवर्सिटी आमतौर पर अपनी पढ़ाई, कॉलेज, छात्रों, एडमिशन, फेस्ट जैसे कई मुद्दों को लेकर चर्चा में रहती है। मगर इस बार दिल्ली यूनिवर्सिटी अपने प्रोफेसर के कारण चर्चा में आई है। इस बार प्रोफेसरों ने इक फैशन शो में हिस्सा लेकर रैंप वॉक किया है। मगर सिर्फ रैंप वॉक करना ही चर्चा का कारण नहीं है। ये रैंप वॉक कोई साधारण रैंप वॉक नहीं थी बल्कि पार्टिसिपेंट प्रोफेसर्स ने क्रॉस ड्रेसिंग कर इस रैंप वॉक में हिस्सा लिया है। महिला प्रोफेसर्स ने इस दौरान फॉर्मल शर्ट और ट्राउडर पहनें जबकि पुरुष प्रोफेसर्स ने साड़ी, लहंगा पहनकर रैंप वॉक किया। फैशन शो का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि प्रोफेसर्स ने खुद को तैयार कर लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती दी है। इस वीडियो की शुरुआत में मॉडल के तौर पर रैंप वॉक पर प्रोफेसर चलते है, जिसमें एक पुरुष और एक महिला प्रोफेसर है। महिला प्रोफेसर पुरुष परिधान पहने है जबकि पुरुष प्रोफेसर महिलाओं के परिधान में रैंप वॉक कर रहे है। पुरुष प्रोफेसर ने साड़ी, घाघरा जैसे परिधान पहनें, महिला प्रोफेसर ने पुरुषों की पोषाक पहनी। फैशन शो में लगभग 6-10 प्रोफेसरों ने क्रॉस-ड्रेसिंग और भाग लिया। जहां कुछ ने अकेले मंच पर कदम रखा, वहीं अन्य ने अपने पहनावे को और अधिक स्पष्ट बनाने के लिए जोड़ी के रूप में प्रदर्शन किया। वीडियो पोस्ट में घटना का वर्णन करते हुए कैप्शन दिया गया और कहा गया, डीयू के प्रोफेसर सभी रूढ़िवादिता को तोड़ रहे हैं। एक पोशाक से आपके लिंग को क्यों परिभाषित किया जाना चाहिए।

पोशाक से लिंग की पहचान करने की रूढ़िवादिता को तोड़ने की सोच : **डॉ. कला अय्यर**

**चिंताजनक** *दिल्ली एम्स 17 से 25 मई तक मना रहा है 'हाइपरटेंशन सप्ताह'*

# देश के युवाओं में बढ़ रहा हाइपरटेंशन : एम्स

**नई दिल्ली, 24 मई (एजेंसियां)। अगर आप भी हाइपरटेंशन बीमारी के शिकार हैं, तो आज ही अपना चेकअप करवा लें, क्योंकि यह गंभीर बीमारी आपके लिए खतरे की घंटी हो सकती है। अक्सर देखा जाता है कि जब भी हम किसी बीमारी को लेकर डॉक्टर के पास जाते हैं, तो सबसे पहले हमारा ब्लड प्रेशर चेक किया जाता है। वर्तमान समय में लगभग हर आयु वर्ग से लोगों में हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) की समस्या देखने को मिल रही है। कई लोग इस समस्या को बड़े ही सामान्य तौर पर लेते हैं। शायद उन्हें अंदाजा भी नहीं है कि यह कितनी खतरनाक बीमारी हो सकती है।**

- काफी कम खर्च में किया जा सकता है हाइपरटेंशन का सफल इलाज
- भारत में लगभग 22 करोड़ वयस्कों को है उच्च रक्तचाप

हाइपरटेंशन 'साइलेंट किलर' है, जो व्यक्ति के शरीर को अंदर ही अंदर काफी नुकसान पहुंचा सकता है।

हाइपरटेंशन से बचाव के लिए दिल्ली एम्स 17 से 25 मई तक 'हाइपरटेंशन सप्ताह' मना रहा है, इसमें एम्स में आए मरीज और उनके परिजनों को इस घातक बीमारी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। यह ऐसी बीमारी है, जिसे हर कोई नजरअंदाज कर देता है। लेकिन, इसके परिणाम काफी घातक हो सकते हैं। एम्स ने शुक्रवार को हाइपरटेंशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें डॉक्टरों ने इस बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी।




कॉन्फ्रेंस में एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि देशभर से हाइपरटेंशन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, इसके चलते एम्स कई सारी योजनाएं बना रहा है। इससे आने वाले समय में लोग आसानी से हाइपरटेंशन का इलाज करवा सकेंगे। डॉक्टरों ने कहा कि हाइपरटेंशन का इलाज काफी कम खर्च में किया जा सकता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में लगभग 22 करोड़ वयस्कों को उच्च रक्तचाप है।

एम्स के सीसीएम डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. किरण गोस्वामी ने बताया कि आज के समय में युवाओं में हाइपरटेंशन की बीमारी ज्यादा देखी जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, खाने में अधिक नमक का सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी, अधिक वजन, तला आहार, फल और सब्जियों का कम सेवन और तनाव जैसे कई मुख्य कारण हैं। इसके बचाव के लिए हमें अपने भोजन में हरी सब्जियां और स्वच्छ फल, धूम्रपान-तंबाकू का सेवन ना करना, अपनी जीवन शैली में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करना जरूरी है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम मौहम्मदपुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 29/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 13.01.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानो के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मौहम्मदपुर गुजर | 270 | श्रीमती धीरो पत्नी स्व0 चतरसिंह व श्री चतरसिंह पुत्र श्री नेतन निवासी ग्राम डेरीन गुजरान, मजरा दनकौर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री अजीत<br>श्रीमती पूजा<br>श्रीमती आशा | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री | 48 वर्ष<br>22 वर्ष<br>34 वर्ष | विवाहित<br>विवाहित<br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01722, भूखण्ड संख्या-49, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-230 वर्ग मीटर श्री बुद्धराज पुत्र श्री गेन्दा, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री बुद्धराज पुत्र श्री गेन्दा की मृत्यु के उपरांत इनके सर्वश्री रविन्द्र चौधरी, योगेश नागर पुत्रगण स्व0 श्री बुद्धराज, श्रीमती ज्योति (विवाहित), श्रीमती पवित्रा (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री बुद्धराज, निवासी-ग्राम-रोजा जालालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री रविन्द्र चौधरी, योगेश नागर पुत्रगण स्व0 श्री बुद्धराज, निवासी-ग्राम-रोजा जालालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री रविन्द्र चौधरी, योगेश नागर पुत्रगण स्व0 श्री बुद्धराज, निवासी-ग्राम रोजा जालालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस0आर0एस0-02 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-312, BLOCK-B, AREA-300 SECTOR-SIGMA-01, ALLOTMENT NO. SRS0261037, GREATER NOIDA संयुक्त रूप से SH. SATINDER NARAIN SOOD S/O SH. SATISH NARAIN SOOD AND SMT. PUNAM SOOD W/O SH. SATINDER NARAIN SOOD के पक्ष में आवंटित है। सह आवंटी SH. SATINDER NARAIN SOOD की मृत्यु दिनांक 14.10.2014 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को समाचार विज्ञप्ति/वारिसान के आधार पर मृतक आवंटी की पत्नी SMT. PUNAM SOOD W/O SH. SATINDER NARAIN SOOD द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के 1/2 भाग को अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. SATINDER NARAIN SOOD के स्थान पर भूखण्ड के 1/2 भाग को उनकी पत्नी SMT. PUNAM SOOD W/O LATE SH. SATINDER NARAIN SOOD, R/O UNIT NO.-CRE01A0202, 02ND FLOOR, CRESCENT COURT, TOWER NO.-01A, JAYPEE GREENS GREATER NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR U.P. 201310 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी सम्पत्ति
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

समय-समय पर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए संबंधित टीम से बैठक की जाती है, इसी क्रम में वी टी एम एस टीम के साथ बैठक की गई, बताया गया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे हुए जीपीएस के माध्यम से गाड़ियों की पूरी जानकारी के लिए कार्यवाही जोरों से चल रही है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां किस समय किस स्थान पर है आसानी से जानकारी ली जा सकती है।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## उपलब्धि : नगर निगम की 663 गाड़ियों में शुरू हुआ जीपीएस

### नगर आयुक्त ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की मॉनिटरिंग प्रबल करने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग शहर से नियमित कूड़े का उठान कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूती देने के लिए टीम से बैठक की। शहर के पांचों जोन में चल रहे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगा हो स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त द्वारा जीपीएस के माध्यम से निगम के वाहनों को ट्रैक करने की पद्धति को और अधिक मजबूत करने के लिए भी कहा है। इसी कड़ी में गाजियाबाद नगर निगम द लगभग 663 गाड़ियों में जीपीएस लगाया गया है जिसके आधार पर निगम की वर्किंग को और अधिक स्मार्ट बनाया जा सके। कार्य कर रहे वाहनों पर नजर रखने के लिए विशेष टीम मॉनिटरिंग के कार्य में लगाई हुई है, रोड स्वीपिंग मशीन पर भी स्वास्थ्य विभाग अधिकारी पूरी नजर



**नियमित हो कूड़े का उठान, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करे स्वास्थ्य : मलिक**

बनाए हुए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि समय-समय पर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए संबंधित टीम से बैठक की जाती है, इसी क्रम में वी टी एम एस टीम के साथ बैठक की गई, बताया गया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे हुए जीपीएस के माध्यम से गाड़ियों की पूरी जानकारी के लिए कार्यवाही जोरों से चल रही है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां किस समय किस स्थान पर है आसानी से जानकारी ली जा सकती है तथा पूरा कलेक्शन का कार्य सही प्रकार से चले इस पर नजर बनाए हुए हैं, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कवि नगर जोन अंतर्गत व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। सड़कों पर धूल मुक्त शहर करने की योजना के क्रम में चल रही रोड स्वीपिंग पर भी स्वास्थ्य विभाग अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश को चल रही मॉनिटरिंग के कार्य को प्रबल बनाने के लिए कहा है। जिसमें हर जोन के लिए अलग-अलग टीम के द्वारा कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। बिना जीपीएस के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, तथा रोड स्वीपिंग वाहन को कार्य में इस्तेमाल न करने के लिए निर्देश दिए हैं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## पिछले निर्णयों पर अमल न होने पर जिलाधिकारी ने ली विभागों की क्लास

**गाजियाबाद,** 24 मई (देशबन्धु)। महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी बैठक में लिए गए निर्णय के सापेक्ष कृत कार्यवाही के सम्बंधित प्रश्न किए गए। जिसमें जिलाधिकारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों की जमकर क्लास ली।

बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण, जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा, ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा, परिवर्तन कार्यवाही की समीक्षा, तीन या तीन



से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने संभावित दुर्घटनास्थलों से 250 मीटर दूरी से पहले सांकेतिक बोर्ड व स्पीड लिमिट लिखने के निर्देश दिए। जेब्रा क्रासिंग, रैलिंग को लेकर सांकेतिक चिन्ह आदि को सही तरीके से दर्शाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संभावित अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों में रावली रोड मुरादनगर, गंगनहर

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हो गम्भीर प्रयास : इन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी**

कांवड़ पटरी मार्ग, मसूरी, वेव सिटी व मोहननगर मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में गत मीटिंग में दिए गए निर्णय व कार्यवाही करने को लेकर अधिकारियों से टाइम लाइन निश्चत कराई। इसके अलावा चिन्हित ब्लैक स्पॉट मणिपाल हास्पिटल, सुंदरदीप कॉलेज, कौशिक ढाबा रसूलपुर सिकरोड़ आदि पर रैलिंग व साइनेज आदि का कार्य पूर्ण कराने को एनएचएआई के अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया गया। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर (राज्यमर्गा 117) पर लोक निर्माण विभाग/आरआरटीएस के अधिकारियों को चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर तत्काल समय से कार्य पूर्ण कराने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।

बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों में से किसी ने सात दिन व किसी ने दस दिन का समय मांगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दस दिन के भीतर सभी कार्य पूण कर लिए जाने चाहिए। अगली बैठक में किए गए कार्यों का पूर्ण विवरण व कार्य की फोटो/वीडियो सहित रिपोर्ट संबंधित विभागों के अधिकारी लेकर आएंगे। बैठक में डीसीपी यातायात वीरेन्द्र कुमार, डीआईओएस राजेश श्रीवास, बीएसए ओम प्रकाश यादव सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सार संक्षेप

#### 22वें राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला का समापन

**नोएडा।** एमिटी विवि में 6वीं से 12वीं के छात्रों के लिए साप्ताहिक 22वें राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुक्रवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला सें देश भर के विद्यालयों से लगभग 300 छात्रों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में एनएसयूटी पूर्वी परिसर के निदेशक डा नरेन्द्र कुमार और डीआरडीओ से डॉ. मीना मिश्रा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. नरेन्द्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के विकास के लिए इस प्रकार के राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला में हिस्सा लेना समय की मांग है। यह आपके कक्षा के बाहर विज्ञान का ज्ञान प्राप्त करने के प्रति जूनून, दृढ निश्चियता को दर्शाता है। पिछले 7 दिवसीय इस कार्यशाला में आपको गणित के ज्ञान के अलावा अपनी नींव को मजबूत करने एवं कौशल विकसित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

#### जालसाजों ने व्यक्ति से 35 लाख रुपए ऐंठे

**नोएडा।** एक व्यक्ति को 25 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर उससे 35 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। जिससे तत्काल 14.45 लाख रुपए फ्रीज करा दिए गए। हालांकि 20 लाख रुपए जालसाज के खाते में चले गए। पुलिस ने आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में सेक्टर-31 निवासी हेमंत छाबड़ा ने बताया कि एक मई को उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताते हुए शिकायतकर्ता को जानकारी दी कि उसके नाम से जो पार्सल भेजा गया था उसे मुंबई के एक्साइज विभाग ने जब्त कर दिया है। पार्सल में ड्रग्स, पासपोर्ट, कपड़े और क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान होने की जानकारी भी कथित फेडेक्स कंपनी के कर्मचारी की ओर से दी गई।

#### किडजानिया में खेल-खेल में बच्चे जुड़ेंगे मप्र पर्यटन से

**मुंबई।** अब बच्चें खेल खेल में मध्यप्रदेश पर्यटन से जुड़ेंगे। वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसी नवीनतम तकनीक से बच्चें प्रदेश की विरासत, संस्कृति, वन्य जीवन और रोमांच का अनुभव करेंगे। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जो मुख्यतः बच्चों को आकर्षित करने के उद्देश्य से मुंबई और दिल्ली में किडज़ानिया मॉल में एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर शुरू करने जा रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश के खूबसूरत और दर्शनीय पर्यटन स्थलों से वर्तमान पीढ़ी का हमेशा से जुड़ाव रहा है। इसे एक कदम और आगे ले जाते हुए भावी पीढ़ी के साथ जेनरेशनल बॉन्ड बनाने के विजन को लेकर यह प्रयास किया जा रहा है।

#### रोडरेज के मामले में लाठी-डंडे से तीन युवकों को पीटा

**नोएडा।** रोडरेज के मामले में अट्टा मार्केट के पास कार सवार युवकों ने एक अन्य कार में टक्कर मारी और विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने लाठी और डंडे से हमला कर कार का शीशा भी चकनाचूर कर दिया। पीड़ित ने सोशल मीडिया पर मामले की शिकायत सेक्टर-20 पुलिस और नोएडा जोन के अधिकारियों से की है। अधिकारियों ने सेक्टर-20 पुलिस को मामले में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## जीडीए के मुख्य अभियंता ने ईडब्ल्यूएस भवनों के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 24 मई (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) के प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को जोन-1 के अन्तर्गत नन्दग्राम योजना में विकसित किए जा रहे नए पॉकेट को जोड़ने के लिए मुख्य सड़क तथा साइड पटरी पर अनुबन्धित फर्म द्वारा लगाई गई इंटरलॉकिंग टाईल्स का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम-नूरनगर (राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद) में निर्माणाधीन 480 ईडब्ल्यूएस भवनों का निरीक्षण भी किया। निर्माणाधीन 480 ईडब्ल्यूएस भवनों में से चार ब्लॉक जिनमें 192 ईडब्ल्यूएस



■ **सभी कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश : मानवेन्द्र सिंह**

भवनों का निर्माण अन्तिम चरण/लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राधिकरण की योजनान्तर्गत निर्मित भवनों को निर्धारित समय के अन्तर्गत गुणवत्ता/निर्धारित मानकों के आधार पर पूर्ण किया जाना एवं योजना के आन्तरिक विकास कार्य व वाहय विकास कार्य को प्रत्येक दशा में 31 अक्टूबर, 2024 तक पूर्ण कराते हुए योजनाओं में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित/निर्मित करते हुए योजना के आवंटियों को समयान्तर्गत कब्जा प्रदान किये जाने का लक्ष्य रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अभियन्ता व अनुबंध फर्म की ओर से उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया की निर्मित किये जा रहे भवनों पर पर्याप्त मात्रा में पानी की तराई की जाए।

पार्षद की गिरफ्तारी का मामला

## चौकी व थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े आंदोलनरत पार्षद

**गाजियाबाद,** 24 मई (देशबन्धु)। राजीव कालोनी के पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को पार्षद इकट्ठे होकर महापौर सुनीता दयाल से मिले और आगे की रणनीति पर चर्चा की। पार्षदों ने सामूहिक रूप से फैसला लिया है कि एडीसीपी कल्पना सक्सेना द्वारा शनिवार तक मांगी गई मोहलत का इंतजार किया जाए, उसके बाद भी यदि पुलिस पार्षदों की मांग पूरी नहीं करती तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पार्षदों का कहना है कि पुलिस ने पार्षद की गिरफ्तारी कर एकतरफा कार्रवाई की है। पुलिस को किसी जनप्रतिनिधि को गिरफ्तार करने से पहले आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए थी। पार्षदों की मांग है कि संबंधित चौकी और थाना प्रभारी के खिलाफ



■ **पार्षदों ने शनिवार को पुलिस के जबाब आने तक इंतजार का निर्णय लिया**

■ **शनिवार को कोई संतोषजनक रेस्पांस नहीं मिला तो तेज करेंगे आंदोलन**

कार्रवाई की जाए और जेल में बंद पार्षद सुधीर कुमार को रिहा किया जाए। बता दें कि पार्षद पर एक चाय की गुमटी लगाने वाले दंपत्ति ने मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाया था। इस संबंध में वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पार्षद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की थी, ऐसा नहीं है कि पुलिस को पार्षदों की प्रतिक्रिया का अहसास नहीं था, गिरफ्तारी से पूर्व ही पार्षदों ने मेयर के यहां पहुंचकर दवाब बनाने का प्रयास किया था लेकिन फिर भी पुलिस ने मंगलवार को आरोपी पार्षद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार से पार्षद अपने साथी की गिरफ्तारी के विरोध में मेयर के नेतृत्व में आंदोलनरत हैं लेकिन अभी तक पुलिस कमिश्नर से सीधे मिलकर अपनी मांगें तक नहीं रख पाए हैं। गुरुवार को पार्षदों ने पुलिस कमिश्नर के घेराव का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर बैरंग लौटा दिया। पुलिसकर्मियों से उनकी नोंक झोक भी हुई।

## सोसाइटी निवासियों ने नहीं बढ़वाया लोड, निगम ने जारी किया नोटिस

■ **रोजाना शहर में हो रही 2350 मेगावाट बिजली की खपत**

**नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। शहर में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए विद्युत निगम ने 15 से अधिक बिल्डर सोसायटी को नोटिस भेजा है। उन्हें बिजली ढांचे की क्षमता में वृद्धि करने और लोड बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सोसाइटी को नोटिस का सात दिनों में जवाब देने को कहा गया है।

जिले में बिजली की मांग 2350 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। यह प्रदेश के किसी भी जिले में सबसे अधिक है। शहर की सोसाइटी में भी बिजली की मांग बढ़ी है। यहां लोकल फॉल्ट की वजह से बत्ती गुल हो रही है। इससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है।

बिजली कटौती होने पर लोग सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन तक कर रहे हैं। सोसाइटी में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत निगम ने 15 से अधिक सोसायटी को नोटिस जारी किया है। इन सोसायटी में करीब 40 हजार से अधिक फ्लैट बने हुए हैं। इनमें 90 से 95 प्रतिशत लोग रह रहे हैं और बिजली का उपयोग कर रहे हैं। नोटिस में सोसाइटी को मांग के अनुसार बिजली लोड बढ़वाने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली ढांचे की क्षमता वृद्धि के लिए भी कहा है।

विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार बिल्डर की कई सोसाइटी को बिजली ढांचे में सुधार और लोड बढ़वाने के लिए पहले भी दो से तीन बार नोटिस भेजा जा चुका है। ऐसे में अगर सोसाइटी की सप्लाई व्यवस्था बाधित होती है तो विद्युत निगम की जिम्मेदारी नहीं होगी।

**इन सोसाइटी को भेजा नोटिस**

सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी, सेक्टर-120 आम्रपाली जोडिएक सोसायटी, सेक्टर-70 आर्शीवाद होम्स, सेक्टर-75 इंफ्रा, सेक्टर-70 पान ओएसिस, सेक्टर-75 मैक्स बिल्स इको सिटी, मैक्स बिल्स इको, सेक्टर-79 गुलशन होम्स, सेक्टर-75 एम्स सोसाइटी, सेक्टर-74 अजनारा समेत शहर की अन्य सोसाइटी को नोटिस भेजा गया है।

## नोएडा में ब्लैक थार का स्टंट

**नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-126 एमिटी यूनिवर्सिटी पास से एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें काले रंग की थार गाड़ी नियमों का उल्लंघन करके स्टंट बाजी करते हुए दिखाई दे



रही है। वीडियो वायरल होने पर नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी का 35 हजार का चालान काटा है। सोशल मीडिया पर एक 7 सेकंड का ये वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें काले शीशे लगी हुई थार जिसमें गुर्जर लिखा हुआ है। रोड पर चल रही लड़की को टककर मरने का प्रयास कर करती दिख रही है।

किसी तरह लड़की बच जाती है ऐसे तमाम छात्रों की जान जोखिम में डालकर रोड पर स्टंट कर रही है। ऐसे में इस गाड़ी के वीडियो को वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस ने संज्ञान लिया है और 35,000 का ई-चालान किया है। गाड़ी की नंबर प्लेट HR30Z4504 है। वीडियो वायरल होने के बाद काटे गए चालान में गाड़ी की लोकेशन सेक्टर-125 नोएडा आई है। वहीं, पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते 184 एक्ट, काले शीशे, गलत तरीके से वाहन को चलाने, लोगों को नुकसान पहुंचाने, और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के तहत ई-चालान काटा है। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि कार चालक की गिरफ्तारी के टीम गठित की गई है। चालक की गिरफ्तारी और कार को सीज करने की प्रक्रिया की जाएगी।

## मां वैष्णो देवी जा रही ट्रैवलर गाड़ी ट्रॉले से टकराई, छह की मौत, 20 घायल



**बुलंदशहर,** 24 मई (देशबन्धु)। ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर से मां वैष्णो देवी दर्शन करने जा रही बस हरयाणा के अम्बाला पर हुई दुर्घटनाग्रस्त जिसमें 6 लोगों के मृत्यु होने की सूचना है और और करीब 20 लोग गंभीर रूप से घायल की जानकारी मिली है। वैष्णो देवी जा रही एक ट्रैवलर गाड़ी आगे चल रहे ट्रॉले से टकरा गई। हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 20 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में छह माह की बच्ची और एक दंपती भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रही एक ही परिवार से भरी ट्रैवलर की ट्राले में भिड़त हो गई। यह हादसा अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास रात करीब 2 बजे हुआ। ट्रैवलर में कुल 26 लोग थे। उनमें से 6 माह की बच्ची सहित छह की मौत है और 20 लोग घायल हो गए। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रैवलर का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और घायल हाईवे पर ही इधर-उधर गिर गए। जबकि कुछ घायल ट्रैवलर में ही फंस गए थे। चीख पुकार सुनने के बाद राहगीरों ने घायलों को निकाला और पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए छावनी नागरिक अस्पताल व आदेश अस्पताल में दाखिल करवाया।

**गांव में पसरा है सन्नाटा**

अंबाला सड़क हादसे के बाद गांव में पसरा है सन्नाटा गांव में नहीं जल रहे चूल्हे। अंबाला सड़क हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत के बाद सिकंदराबाद एसडीएम और सीओ पहुंची मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची गांव। समाचार लिखे जाने तक मृतकों के शव गांव नहीं पहुंच पाए थे।

## नोएडा के 67 तालाबों में 40 पर अतिक्रमण

■ **18 हेक्टेयर में प्राधिकरण ने विकसित किए नए तालाब**

■ **10 तालाब और 2 वेटलैंड शामिल**

नोएडा, 24 मई (देशबन्धु)। नोएडा में 67 तालाब है। इनका दायरा करीब 28 हेक्टेयर के आसपास है। इनमें से 40 तालाब अतिक्रमण की श्रेणी में है। इन तालाबों पर मकान बन चुके है। यानी ये पूरी तरह से समाप्त हो चुके है। प्राधिकरण ने इसकी भरपाई के लिए अलग से 18 हेक्टेयर में 12 तालाब बनाए जिसमें दो वेटलैंड शामिल है। इसके अलावा 4 हेक्टेयर में सेक्टर-167 में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमित तालाब की जमीन लाल डोरे में आती है। इस पर अवैध निर्माण हटाने का अधिकार जिला प्रशासन के पास है।

ऐसे में वे तालाब से अतिक्रमण हटाकर दे हब तालाब विकसित कर देंगे। इसको लेकर प्राधिकरण जिला प्रशासन को पत्र लिख चुका है। नोएडा में इस समय सेक्टर-54 और सेक्टर-93 में वेटलैंड बनाए गए है। बता दे गौतमबुद्ध नगर में आगामी 10 साल में ग्राउंड वाटर लेवल की स्थिति खराब हो सकती है। औसतन सालाना डेढ़ से दो मीटर तक वाटर लेवल गिर रहा है। जिससे यहां पीने योग्य पानी नहीं बचेगा। इसलिए अब जनपद में ग्राउंड वाटर बढ़ाने के लिए तालाबों का एक मास्टर प्लान बनाने की तैयारी है। इसके लिए सेटलाइट इमेज का सहारा लिया जा रहा है। वहीं अतिक्रमित तालाब के स्थान पर 1.25 गुना अधिक तालाब तत्काल बनवाए जाए। देखा जाए तो जनपद गौतमबुद्ध नगर में शुरुआती दौर में 1,018 तालाब थे। इससमें 67 तालाब नोएडा प्राधिकरण, 281 ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र और 277 तालाब यमुना विकास प्राधिकरण और करीब 361 तालाब ग्राम पंचायत क्षेत्र में है। विगत एक साल में तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में कई तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया। जिसमें से 217 के करीब तालाबों पर अतिक्रमण था। जिसमें नोएडा में 40 तालाब शामिल है।

### अब जानते है नोएडा का ग्राउंड वाटर लेवल

| साल | नोएडा |
|---|---|
| 2017 | 19.56 |
| 2018 | 18.88 |
| 2019 | 18.96 |
| 2020 | 20.15 |
| 2021 | 23.54 |
| 2022 | 23.68 |

**नोट-सभी आकड़े मीटर में है।**

## सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर बने यू टर्न पर बैरिकेडिंग की समस्या का होगा समाधान

**नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के यू टर्न पर बैरिकेडिंग की समस्या के समाधान के लिए शुक्रवार को नोएडा ट्रैफिक सेल के डिप्टी जनरल मैनेजर एसपी सिंह, परियोजना अभियंता आर के शर्मा और असिस्टेंट मैनेजर नवीन और उनकी टीम के साथ आरडब्ल्यूए सेक्टर-51 की ओर से अध्यक्ष अनिल प्रकाश रनोत्रा, महासचिव संजीव कुमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने मौके पर जाकर नोएडा ट्रैफिक सेल टीम के साथ सर्वे किया। समस्याओं के विषय में जानकारी दी ताकि समस्या का समाधान करवाया जा सके।



सेक्टर-51 नोएडा के यू टर्न पर बैरिकेडिंग न होने के चलते विपरीत दिशा से आ रही गाड़ियों से एक्सीडेंट का खतरा रहता है। जिसके चलते यू टर्न पर बैरिकेडिंग दीवार लगाना आवश्यक है। इसका मौके पर जाकर जायजा लिया गया और सहमति बनी कि इस यू टर्न पर बैरिकेडिंग लगवाई जाएगी। अंडरपास की शुरुआत पर होशियारपुर से सेक्टर-122 की ओर जाते वक्त एक छोटा सा डिवाइडर बना हुआ है। जिसके चलते ट्रैफिक बाधित होता है और आए दिन वहां एक्सीडेंट होते हैं। नोएडा एनटीसी की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यह डिवाइडर गलत बना है इस डिवाइडर को सड़क के मध्य से हटाए जाने पर सहमति बनी यू टर्न के कॉर्नर पर दीवार सड़क पर आगे निकली हुई है। जिससे हटाया जाना है। सड़क के बीच बने ट्रायंगुलर ट्राइपॉड रोड को छोटा करने के विषय पर भी चर्चा की गई। जिससे सड़क थोड़ी चौड़ी हो जाए और गाड़ी आसानी से मुड़ सके। डीजीएम ने बताया की इन सभी अल्टरेशन को करवाने के लिए स्ट्रक्चर इंजीनियर और डिजाइनर से बात करके ही कार्य करवाया जाएगा।

उवाच “

टीएफएस के साथ अनुबंध कर यात्रियों को असाधारण आतिथ्य प्रदान किया जाएगा। वहीं, टीएफएस के कार्यकारी निदेशक वरुण कपूर का कहना है कि नोएडा एयरपोर्ट के सहयोग से इस रोमांचक यात्रा को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ स्थानीय खानपान का भी स्वाद मिलेगा। एयरपोर्ट पर ऐसे लाउंज विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है।

**क्रिस्टोफ श्नेलमैन, सीईओ,यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट**

# कैपिटल ज़ोन

## फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर बेव्यू कंपनी 12 मार्च को लेगी जमीन पर कब्जा

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी निर्माण को लेकर विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स 12 जून को जमीन पर कब्जा लेगी। जमीन पर कब्जा लेने पर छह माह के अंदर कंपनी को निर्माण कार्य शुरू करना होगा। जमीन पर कब्जा लेने से पहले बेव्यू प्रोजेक्ट्स को समझौता ज्ञापन की अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। बेव्यू प्रोजेक्ट्स के सीईओ व फिल्म निर्माता निर्देशक बोनी कपूर अपने कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह के साथ बैठक कर 12 जून को जमीन पर कब्जा देने की मांग रखी। जमीन पर कब्जा मिलने के बाद जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन बोनी कपूर की तरफ से दिया गया। कंपनी द्वारा लगाई गई सबसे बड़ी आर्थिक बिड के हिसाब से विकासकर्ता का चयन किया गया था। मार्च में बेव्यू कंपनी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हाथों से आवंटन पत्र सौंपा गया था।

- **जमीन पर कब्जा लेने से पहले विकासकर्ता को करना होगा एसपीवी कंपनी का गठन, बैंक की गारंटी भी देनी होगी**
- **जमीन पर कब्जा मिलने पर छह माह के अंदर करना होगा निर्माण कार्य शुरू**
- **प्रथम चरण में 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म सिटी, निर्माण पर 1510 करोड़ होंगे खर्च**



फिल्म सिटी के प्रथम चरण के निर्माण के लिए प्राधिकरण पहले से ही जमीन पर कब्जा ले चुका है। 12 जून को बेव्यू प्रोजेक्ट्स को जमीन पर कब्जा दे दिया जाएगा। 90 साल की लीज पर जमीन दिया गया। यमुना प्राधिकरण फिल्म सिटी के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण करेगा। इसके अलावा आंतरिक विकास से लेकर फिल्म सिटी की डिजाइन, फाइनेंस आपरेट, राजस्व इकट्ठा इन सब की जिम्मेदारी विकासकर्ता कंपनी की होगी। कंपनी जमीन का ट्रांसफर, सब लीज आदि नहीं कर पाएगी। सिर्फ किसी को भी सब लाइसेंस देने की छूट होगी।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

230 एकड़ में फिल्म सिटी पहला चरण विकसित किया जाएगा जिस पर करीब 1510 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। फिल्म सिटी के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

फिल्म सिटी निर्माण को लेकर फरवरी में आर्थिक निविदा खोली गई थी। जिसमें फिल्म निर्माता व निर्देशक बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने रियल इस्टेट कंपनी भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे ज्यादा 18 फीसदी 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर प्रथम चरण के निर्माण के लिए विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त किया था। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने सेक्टर-21 में प्रथम चरण के लिए 230 एकड़ से ज्यादा जमीन पर कब्जा लेकर तार फेसिंग कर चुका है।

जमीन पर कब्जा लेने से पहले विकासकर्ता को एक विशेष वाहन (एसपीवी) कंपनी का गठन करना होगा। कार्य सम्पादन जमानत यानी बैंक गारंटी 80 करोड़ रूपए जमा करना होगा। इसके लिए प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन करना होगा। बोनी कपूर की तरफसे आश्वासन दिया गया कि 12 जून से पहले सारी प्रक्रिया पूरी कर जमीन पर कब्जा लेंगे। कंपनी का प्रयास होगा कि जमीन पर कब्जा मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। इसमें 155 एकड़ में फिल्म उद्योग से जुड़ी इंडस्ट्री और आवासीय सुविधा होगी, जबकि 75 एकड़ में व्यवसायिक गतिविधियां होटल, मॉल और प्लॉजा होंगे। वहीं दूसरे चरण में विला, गोल्फ कोर्स व मनोरंजन पार्क होंगे।

प्रथम चरण की परियोजना को 7 जोनों में बांटकर विकसित किया जाएगा, जिनकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपए है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके मूर्तरूप लेने के 8 साल बाद विकासकर्ता कंपनी को होने वाली कुल आय का 18 फीसदी हिस्सा प्राधिकरण को मिलेगा।

## सुरक्षा समूह को यमुना प्राधिकरण के 1335 करोड़ रुपए का करना होगा भुगतान

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने शुक्रवार को कर्ज में डूबी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) के लिए सुरक्षा समूह समाधान योजना को बरकरार रखा, जबकि उसे यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को 1335 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया। चार साल में किसानों को मुआवजा एनसीएलएटी ने मुंबई स्थित परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) सुरक्षा समूह द्वारा संशोधित समाधान योजना के कार्यान्वयन को अनिवार्य कर दिया, जिसमें 20000 घर खरीदारों और 10000 किसानों सहित सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश ने एनसीएलटी के पहले के फैसले को आंशिक रूप से रद्द कर दिया, जिसमें अतिरिक्त किसानों के मुआवजे के लिए यीडा के 1689 करोड़ रुपये के दावे को केवल 10 लाख रुपए तक सीमित कर दिया गया था, इसे एक परिचालन ऋणदाता के रूप में माना गया था।

- **जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण करने वाली कंपनी सुरक्षा समूह को एनसीएलटी से नहीं मिली राहत**
- **एनसीएलटी ने 20 हजार घर खरीदारों और दस हजार किसानों को दी राहत**

हालांकि, पिछले साल मार्च में एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित सुरक्षा की बाकी समाधान योजना को बरकरार रखा गया था। न्यायनिर्णयन प्राधिकारी (एनसीएलटी) द्वारा पारित आदेश जहां तक अपीलकर्ता के 1689 करोड़ रुपए के अतिरिक्त किसानों के मुआवजे के दावे से संबंधित है, को खारिज कर दिया गया है। समाधान योजना को मंजूरी देने वाले विवादित आदेश के बाकी हिस्से को बरकरार रखा जाता है। सफल समाधान आवेदक, यानी, प्रतिवादी नंबर 2 (सुरक्षा) को अपीलकर्ता को 79 फीसदी के अनुपात में 1689 करोड़ रुपए के सुरक्षित परिचालन ऋण का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है, जिसे अन्य सुरक्षित लेनदारों को भुगतान किया गया है, जो राशि 1334.31 करोड़, एनसीएलएटी के आदेश में कहा गया है। 18 अप्रैल, 2024 को सुरक्षा समूह ने अतिरिक्त किसानों के मुआवजे के लिए चार वर्षों में किश्तों में 1216 करोड़ रुपए का भुगतान करने की पेशकश की। इसमें 90 दिनों के भीतर 10 फीसदी अग्रिम भुगतान, पहले वर्ष के अंत तक 15 फीसदी और अगले तीन वर्षों के लिए हर साल 25 प्रतिशत भुगतान करने की पेशकश की गई। एनसीएलएटी ने एआरसी को अन्य सुरक्षित लेनदारों के भुगतान के साथ जोड़कर अतिरिक्त 118.31 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया। मान लीजिए कि एसआरए ने अपने प्रस्ताव के अनुसार 1216 करोड़ रुपए का भुगतान समयसीमा में किया है। इसके भुगतान को अन्य सुरक्षित लेनदारों को दिए गए भुगतान के बराबर बनाने के लिए आवश्यक 118.31 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान भी प्रस्ताव में बताई गई समय-सीमा के अनुसार किया जाना चाहिए। इसका मतलब यह है कि 1334.31 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान 18 अप्रैल, 2024 के प्रस्ताव में बताई गई समयसीमा और अनुपात के अनुसार किया जाना चाहिए। यीडा ने 7 मार्च, 2023 को पारित एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसमें विशेष रूप से किसान के मुआवजे के दावे के उपचार के खिलाफ सुरक्षा रियल्टी द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दी गई थी। विशेष रूप से, यीडा और सुरक्षा पिछले साल जुलाई से इस मुद्दे पर समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा चरणबद्ध तरीके से राशि का भुगतान करने को तैयार थी, जबकि यीडा ने पूरी राशि एक बार में प्राप्त करने पर जोर दिया। सुरक्षा समूह की एक निपटान योजना अनुमोदन के लिए राज्य सरकार के पास लंबित है। नौ महीने से अधिक के इंतजार के बाद, अपीलीय न्यायाधिकरण ने 18 अप्रैल को मामले में दैनिक सुनवाई शुरू की थी। सुनवाई के दौरान, भुगतान अनुसूची में संशोधन करते हुए, सुरक्षा समूह ने पांच में 1216 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुआवजा देने की पेशकश की थी। चार वर्षों में किश्तें। हालांकि, यीडा ने सुरक्षा समूह के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और जोर देकर कहा कि मामले का फैसला उसकी योग्यता के आधार पर किया जाए। इसके अतिरिक्त, यीडा ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत दिए गए बढ़े हुए मुआवजे के हिस्से के रूप में अलीगढ़ में भूमि अधिग्रहण के लिए 120.5 करोड़ रुपए और आगरा में इसके लिए 1570.7 करोड़ रुपए की मांग की है। सुरक्षा समूह की पेशकश के खिलाफ यीडा ने याचिका दायर की है। 29 अप्रैल को एक हलफनामे में इस प्रस्ताव को 'स्पष्ट रूप से अनुचित, अनुचित और सार्वजनिक हित के विरुद्ध' बताया गया। यीडा ने कहा कि किसान 2014 से अपने उचित बकाये का इंतजार कर रहे हैं और उनसे चार साल की अवधि तक धैर्यपूर्वक इंतजार करने की उम्मीद करना अवास्तविक है। जब तक संबंधित किसानों को अतिरिक्त मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं हो जाता तब तक कोई भी निर्माण या विकास कार्य नहीं हो सकेगा।

## नोएडा एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्री उठा सकेंगे स्टारबक्स कॉफी का लुत्फ

- **यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने स्टारबक्स के साथ किया समझौता ज्ञापन**

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को स्टारबक्स की कॉफी समेत सभी कई खान-पान की चीजों का लुफ्त उठाने का मौका मिलेगा। इसको लेकर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और स्टारबक्स के बीच में एएमयू साइन हुआ है। स्टारबक्स दो जगह पर अपने आउटलेट बनाएगा। पहला फूड कोर्ट पर और दूसरा टर्मिनल पर आउटलेट होगा। जहां पर लोग स्टारबक्स की कॉफी समेत अन्य आइटम्स का मजा ले सकते हैं।

जितनी तेजी के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम चल रहा है, उतनी तेजी के साथ फूड कोर्ट में भी आउटलेट बढ़ते जा रहे हैं। कुछ समय पहले खान-पान के लिए नोएडा एयरपोर्ट की तरफ से ताजसैट्स के साथ समझौता किया गया था। मतलब, ताजसैट्स की तरफ से एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को खानपान की सुविधा दी जाएगी। दोनों के बीच 37 सालों को समझौता हुआ है। ताजसैट्स की गिनती दुनिया के बेहतरीन फूड जोन में होती हैं। इसके अलावा वर में नोएडा एयरपोर्ट पर रेस्तरा, कैफे और खान-पान की अन्य दुकानों को बनाने के



साथ इनका ऑपरेशन देखने का ठेका एचएमएस हाट्स को दिया है। स्टारबक्स एक अंतरराष्ट्रीय कॉफी और कॉफीहाउस श्रृंखला है, जो वॉशिंगटन के सिएटल में स्थित है। करीब 50 देशों में 16,858 से अधिक स्टोर के साथ स्टारबक्स दुनिया की सबसे बड़ी कॉफी हाउस कंपनी है, जिसमें अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में 11000 से अधिक, कनाडा में 1000 से अधिक और यूके में 700 से अधिक स्टोर हैं। पहला स्टारबक्स 30 मार्च 1971 को वॉशिंगटन के सिएटल में खोला गया था।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन का कहना है कि टीएफएस के साथ अनुबंध कर यात्रियों को असाधारण आतिथ्य प्रदान किया जाएगा। वहीं, टीएफएस के कार्यकारी निदेशक वरुण कपूर का कहना है कि नोएडा एयरपोर्ट के सहयोग से इस रोमांचक यात्रा को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ स्थानीय खानपान का भी स्वाद मिलेगा। एयरपोर्ट पर ऐसे लाउंज विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टर व दो पहिया वाहन के चलने पर सख्त हुआ प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर रोक के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली व दो पहिया वाहन फर्राटा भरते हैं। जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को मथुरा की ओर से आ रही कार आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में कार सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद यह सवाल खड़ा हो रहा है कि यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टर ट्राली चलने पर प्रतिबंध होने के बाद कैसे एक्सप्रेस वे पर फर्राटा भर रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने शुक्रवार को सख्त कदम उठाते हुए एक्सप्रेस वे के संचालन कंपनी जेपी इंफ्राटेक को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सीईओ की तरफसे पत्र में कहा गया है कि ट्रैक्टर ट्राली व दो पहिया वाहनों का एक्सप्रेस वे पर प्रतिबंध होने के बावजूद कैसे चल रहे हैं। कंपनी की तरफसे इस पर क्या कदम उठाया गया। यमुना एक्सप्रेस वे पर प्रवेश व निकासी पर बोर्ड भी लगाया गया है कि ट्रैक्टर ट्राली और दो पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ट्रैक्टर ट्राली चल रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की तरफसे यातायात पुलिस को भी पत्र लिखा गया है कि एक्सप्रेस वे पर चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली के प्रवेश को रोका जाए।

- **यमुना एक्सप्रेस वे के सीईओ ने जेपी इंफ्राटेक को पत्र लिखकर मांगा जवाब**
- **यमुना एक्सप्रेस वे पर दनकौर के ट्रैक्टर ट्राली से कार टकराने पर प्राधिकरण ने उठाया सख्त**

## किसान सभा ने आपात बैठक कर दस फीसदी आबादी भूखंड और अतिरिक्त मुआवजा की मांग उठाई

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा की पीठ के समक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण के 9 आवंटियों की शिकायतों पर रेरा द्वारा मार्च 2023 में पारित आदेशों के कार्यान्वयन के मामलों की सुनवाई हो रही थी। उन्होंने देखा कि प्रोमोटर के अलकनंदा अपार्टमेंट परियोजना, जिसके आवंटियों के मामलों की सुनवाई हो रही थी, का पूर्णता प्रमाण-पत्र माह जनवरी 2024 में जारी हो गया था। रेरा द्वारा प्रोमोटर को आदेश के अनुपालन हेतु कई अवसर दिए जाने के बावजूद प्रोमोटर द्वारा आवंटियों के नाम उनकी संपत्तियों की रजिस्ट्री नहीं की गयी जबकि रेरा ने उनके नाम रजिस्ट्री करने और कब्जा देने में विलम्ब के लिए ब्याज देने के आदेश मार्च 2023 में ही दिए थे। भूसरेड्डी ने प्रोमोटर की हीला-हवाली पर गम्भीर अप्रसन्नता व्यक्त की और सभी 09 मामलों को रेरा के एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर, जो कि जिला जज रहे हैं, के न्यायालय को सी.पी.सी. में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए रजिस्ट्री तथा कब्जे की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए प्रेषित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने इन सभी मामलों में आवंटियों को वर्ष 2016 से एस.बी.आई. एम.सी.एल.आर.1 प्रतिशत की दर से ब्याज के भुगतान हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने का भी आदेश दिया है। इस अवसर पर संजय भूसरेड्डी ने यह जानकारी दी गई कि रेरा का आदेश होने और परियोजना का पूर्णता प्रमाण-पत्र भी होने के बावजूद प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटियों के नाम रजिस्ट्री न किया जाना आपत्तिजनक ही नहीं बल्कि सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के लिए आर्थिक रूप से अलाभप्रद है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारी प्राधिकरणों को हमेशा आगे आकर आवंटियों को उनके घरों के कब्जे रजिस्ट्री उपरान्त दे देने चाहिए और उनके द्वारा रजिस्ट्री और कब्जे में जितना विलम्ब किया जाएगा, कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज की धनराशि में उतनी ही वृद्धि होती रहेगी। रेरा का कार्य रेरा अधिनियम के अनुसार आवंटियों को राहत प्रदान करना है।

- **सी.सी. मिलने के बाद भी प्रोमोटर के कब्जा नहीं देने पर रेरा सख्त**
- **रेरा के आदेश के एक वर्ष बाद भी पीडीए द्वारा अलकनंदा परियोजना के 9 आवंटियों की रजिस्ट्री न करने पर कड़ा रूख अपनाया**

## रवि काना की जमानत याचिका अदालत ने की रद्द

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। गैंगरेप और गैंगस्टर एक्ट में जेल में बंद स्क्रैप और सरिया माफिया रवि काना की जमानत याचिका शुक्रवार को अदालत ने रद्द कर दी। गैंगरेप और एससी एसटी एक्ट के मामले में जमानत याचिका दायर की गई थी। हालांकि रंगदारी वसूलने के एक पुराने मामले में उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली गई। इसके बाद भी अन्य मामलों में जमानत नहीं होने से उसके जेल से बाहर आने का रास्ता बंद ही रहेगा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने बताया कि इससे पहले मुकदमे में जब एससीएसटी एक्ट की धारा नहीं थी। तब आरोपी की ओर से 13 मई 2024 को हाईकोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की थी, जिसे वहां खारिज कर दिया गया था। इसके बाद पुलिस की ओर से मुकदमे में एससीएसटी एक्ट को जोड़ा गया। जिसके बाद स्थानीय अदालत में जमानत याचिका फिर से प्रस्तुत की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि रवि काना पर लगे रंगदारी (386) के एक पुराने मुकदमे में अदालत ने जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। अन्य मामलों में जमानत नहीं मिलने से वह अभी जेल में ही रहेगा। रवि काना पर नोएडा के थाना सेक्टर-39 में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा रवि काना पर थाना बीटा-2 में गैंगस्टर एक्ट में भी मुकदमा दर्ज है। उसके गिरोह के सभी 16 नामजद सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। रवि और उसकी महिला सहयोगी काजल को थाईलैंड के बैंकाक से गिरफ्तार किया गया था। 27 मई को काजल की जमानत याचिका पर सुनवाई है। रवि और काजल वर्तमान में लुक्सर जेल में बंद हैं।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## सामुदायिक जुड़ाव और स्थिरता के लिए एक बड़ी पहल, वर्मी कम्पोस्ट इकाई विकसित की

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। कनरसा-कनारसी गांव में श्री प्रेमराज नागर के बाग में एक वर्मीकम्पोस्ट इकाई सफलतापूर्वक विकसित की है। इस पहल को गलगोटिया विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित किया गया है। यह परियोजना एक विश्वविद्यालय की पहल के हिस्से के रूप में शुरू हुई जिसका उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा में संलग्न होने, स्थायी कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने और क्षेत्र के स्थानीय समुदाय में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है। वर्मीकम्पोस्टिंग जैविक कचरे को उच्च गुणवत्ता वाली खाद में बदलने के लिए केंचुओं का उपयोग करने की प्रक्रिया है। छात्रों ने स्थानीय रूप से उपलब्ध, लागत प्रभावी सामग्री का उपयोग करके वर्मीकम्पोस्ट इकाई का डिजाइन और निर्माण किया है। इकाई द्वारा उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाली खाद स्थानीय किसानों के लिए एक मूल्यवान संसाधन है, जो महंगे रासायनिक उर्वरकों पर उनकी निर्भरता को कम करती है।



पायलट प्रोजेक्ट की सफलता से खुश होकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि ये प्रयास इस बात का उदाहरण हैं कि वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक ज्ञान का उपयोग कैसे किया जा सकता है।

## अतिरिक्त मुआवजा व भूखंड को लेकर किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी



- **किसान सभा ने आपात बैठक कर दस फीसदी आबादी भूखंड व अतिरिक्त मुआवजा की मांग उठाई**

**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। किसान सभा ने 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा और 120 वर्गमीटर भूखंड देने की मांग को लेकर फिर से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। किसान सभा शुक्रवार जिला कमेटी के आपात बैठक हुई। किसान सभा की आपात बैठक में सभी ग्राम कमेटियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक वीर सिंह नागर ने किया। सभा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहाकि 2 मई को हाई पावर कमेटी ने किसानों के 10 फीसदी भूखंड, नए कानून को लागू करने, विश्वविद्यालय के अधिग्रहण से प्रभावित एवं सीधी खरीद से प्रभावित किसानों के अतिरिक्त मुआवजे, रोजगार, 120 मीटर न्यूनतम प्लॉट साइज सहित अन्य मुद्दों को विस्तार से साक्ष्य के साथ रखा था। गौरतलब है कि 10 फीसदी आबादी भूखंड को लेकर हाईकोर्ट ने प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा और 10 फीसदी प्लाट देने के आदेश दिए थे। बैठक में महेश प्रजापति, प्रवीण भाटी, सूले यादव, अंकित यादव, शिशांत भाटी, प्रशांत भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, नितिन चौहान, प्रधान तेजपाल सिंह, दुष्यंत सैन, यतेंद्र, सुंदर प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

## गांवों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन का प्राधिकरण पर प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा,** 24 मई (देशबन्धु)। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली, पानी, सड़क, सीवर, शमशान घाट आदि समस्याओं को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया तथा सभी समस्याओं के संबंध में ओएसडी हिमांशु वर्मा को ज्ञापन सौपा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व आलोक नागर ने बताया कि कहने को तो ग्रेटर नोएडा विश्व पटल पर अलग पहचान बनाए हुए है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओ के नाम पर ढाक के तीन पात नजर आते है। ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का जमघट लगा हुआ है। प्रवीण भारतीय ने बताया कि करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने जुनेदपुर, रोशनपुर, बरसात, डाढा, इमलिया, झालडा, तालडा, रोनी, रामपुर, खेरली, लडपुरा, चूहडपुर, मायंचा तथा कनारसी आदि गांवों में नाली, सीवर, सड़क, शमशान घाट, तालाब ओवरफ्लो, ग्रीन बेल्ट, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कोर कमेटी सदस्य मास्टर दिनेश नागर, बलराज हूंण, प्रेम प्रधान, कमलेश आदि लोग उपस्थित रहे।


प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रम

साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि Vinayak Education Society की प्रबंध समिति के गठन हेतु 05 पदाधिकारी (अध्यक्ष, उपाध्ययक्ष, सचिव, उपसचिव, एवं कोषाध्यक्ष एवं 04 सदस्यों का चुनाव कार्यक्रमानुसार दिनांक 27 मई 2024 (सोमवार) को सम्पन्न होगा।

1. नामांकन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
2. नाम वापसी दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे
3. नामांकन की जाँच दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
4. मतदान (यदि आवश्यक है) 2:00 से 4:00 तक
5. मतगणना सायं 4:00 बजे से
6. परिणाम की घोषणा के पश्चात

चुनाव अधिकारी

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस0आर0एस0-02 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-313, BLOCK-B, AREA-300 SECTOR-SIGMA-01, ALLOTMENT NO. SRS0261027, GREATER NOIDA आवंटी SH. SATINDER NARAIN SOOD S/O SH. SATISH NARAIN SOOD के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. SATINDER NARAIN SOOD की मृत्यु दिनांक 14.10.2014 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को समाचार विज्ञप्ति/वारिसान के आधार पर मृतक आवंटी की पत्नी SMT. PUNAM SOOD W/O SH. SATINDER NARAIN SOOD द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. SATINDER NARAIN SOOD के स्थान पर भूखण्ड को उनकी पत्नी SMT. PUNAM SOOD W/O LATE SH. SATINDER NARAIN SOOD, R/O UNIT NO.-CRE01A0202, 02ND FLOOR, CRESCENT COURT, TOWER NO.-01A, JAYPEE GREENS GREATER NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR U.P. 201310 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी सम्पत्ति
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।

# अभिमत

*गुरूजी हमेशा कहते थे कि उन्होंने राजमार्ग छोड़, पगडंडी पकड़ ली है। यानी रंगों की दुनिया को छोड़ प्रकृति में ही उसके मूल रूप को ढूंढ़ लिया है। राजमार्ग सपाट है, वहां ढाबा है, दुर्घटनाएं हैं, टेंशन है पर पगडंडी का रास्ता खुद बनाना पड़ता है। वहां पेड़ हैं, उनकी छाया है, नदी है, झरने हैं। पगडंडी का आनंद ही अलग है। हालांकि वे कहते थे उन्होंने रंग व ब्रश की दुनिया छोड़ी थोड़ी है, प्रकृति के कलर बॉक्स को ही इस्तेमाल करने लगा हूं। यह एक नई शुरुआत है।*

## हाईवे को छोड़ पगडंडी पर चलने वाले गुरूजी

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

चित्रकारी भी शिक्षा का एक माध्यम है। यह भी रेखा, रंग, आकारों का खेल है। खेल-खेल में आड़ी-तिरछी, टेढ़ी-मेढ़ी, सरल तथा घुमावदार रेखाओं से कई प्रकार के आकार बन जाते हैं। रंगों के छींटे और धब्बे भी तो अजीबोगरीब आकार बना लेते हैं। शुरू में ये सारे बेमतलब से लगते हैं, परंतु गौर से देखते रहने पर धीरे-धीरे उनमें परिचित शक्लें उभरने लगती हैं। वास्तव में वहां तो होते हैं, केवल धब्बे और बादलों के टुकड़े। शक्लें तो होती हैं देखने वालों के मस्तिष्क में। यह कहना था गुरूजी यानी विष्णु चिंचालकर जी का। आज मैं इस स्तंभ में उनकी कहानी बताने जा रहा हूं।

विष्णु चिंचालकर, ऐसे मशहूर चित्रकार थे, जो कला को जनसाधारण के दैनंदिन जीवन तक ले गए। रोजमर्रा के काम आने वाली ऐसी बेकार चीजों से कला की दुनिया को सजाया संवारा, जिन्हें लोग कबाड़ समझते थे। धीरे-धीरे कला में बुनियादी मूल्यों की समझ के करीब आते हुए, गुरूजी कला में पेंट और ब्रश के क्षेत्र से आगे बढ़ गए।

घर-आंगन के आसपास घास का तिनका, पत्ते, फूल, फल, टहनियां, कुल्फी की डंडी, फूटी बोतलें, नारियल की नट्टी, टूटी रबड़ की चप्पल, सुपारी, नारियल की नट्टी, मकई का भुट्टा, सिंघाड़े का छिलका इत्यादि। इन सबमें गुरूजी तरह-तरह की आकृतियां देखते थे। संक्षेप में प्रकृति की विभिन्न वस्तुएं, और बेकार पड़ी कई चीजें, उनके स्पर्श से एक नया आकार ग्रहण कर लेती थीं, एक भिन्नता का आभास देती थीं।

गुरूजी का जन्म मध्यप्रदेश देवास जिले के आलोट में 5 सितंबर, 1917 को हुआ था। उन्होंने इंदौर स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन किया। बेंद्रे और एम.एफ. हुसैन उनके वरिष्ठ थे। इंदौर में पढ़ाया भी। 'नई दुनिया' से भी जुड़े रहे। लेकिन बाद में प्रकृति में ही चित्रों की तलाश करने लगे, नए रूपाकारों की खोज करने लगे। गुरूजी पर बेवसाइट https://www.vishnuchinchalkar.in/ भी है, जिसमें उनके काम का विवरण है।

गुरूजी से मैं सबसे पहले बार एक स्वयंसेवी संस्था के परिसर में मिला था। यह 80 के दशक की बात है। वे कोसम पेड़ से टिके एक ब्लैकबोर्ड पर बच्चों को अक्षरों की आकृति से कुछ चित्र बनाकर बता रहे थे। वे शरीर के हाव-भाव से भी चित्र बनाकर बता रहे थे। इसमें बच्चों और गुरूजी दोनों को मजा आ रहा था।

बाद में जब इंदौर गया तो गुरूजी से नियमित मिलना होने लगा। वे ही मुझे उनकी लूना पर बिठाकर 'नई दुनिया' के दफ्तर ले गए थे, संपादक राहुल बारपुते से मिलवाया था। 'नई दुनिया' में कुछ साल काम किया था। राहुल बारपुते ने मुझसे कहा था कि- अगर पत्रकारिता अच्छे से करनी है तो खूब पढ़ना। लिखने के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है।

उन दिनों मैं नई दुनिया में काम करने के साथ कॉलेज की पढ़ाई भी कर रहा था। नवलखा के पास बापना हॉस्टल में रहता था। गुरूजी संवाद नगर में रहते थे, जो पास ही था। जैसे ही मुझे मौका मिलता था, गुरूजी के पास मैं मिलने पहुंच जाता था। उनसे बात करने व काम देखने का मौका मिलता था। उनके साथ कई यात्राएं भी कीं। वे बच्चों की कई कार्यशालाएं करते थे, बच्चों के बीच बच्चों जैसे बन जाते थे।

उनसे बातचीत के दौरान वे एक एक चित्र के बारे में विस्तार से बताते थे। वे बेकार पड़ी चीजों से चित्र बनाते थे। टूथ ब्रश, पलंग की निवार, पेड़ों की टहनियां, सूखी पत्तियां जैसी बेजान पड़ी चीजों को स्पर्श देकर नया आकार दे देते थे, जो उनके घर की दीवार पर जगह पा जाती थीं। फटी बनियान से ईसा मसीह का चित्र मैं भूल नहीं पाता हूं। टूटी से चप्पल से मोनालिसा भी बनाई थी। आम की गुठली से टैगोर, सुपारी और पीपल के पत्तों में गणेश जी, केतली में मुकुटधारी गजानन के दर्शन करवाने लगे। वे कहते थे कि मटेरियल ही फार्म को डिक्टेट करता है।

उनके घर की छत ही उनकी 'प्रयोगशाला' थी। वे सुबबूल जैसे पेड़ों से कुछ टहनी छांट लेते थे। उसे अलग रख लेते थे और बाद में उनमें से कुछ को नया आकार दे देते थे। हर चीज को पकड़ने का नजरिया खुद का हो। अपना हो। चुराया न हो तो चीजें स्पष्ट समझ आती हैं।

वे कहते थे कि हाथ से ताली नहीं बजती। उसी तरह चित्रों के आकार भी हैं। वे प्रकृति में मौजूद हैं, उन्हें हमें ढूंढना पड़ता है। यानी इस प्रकार की टकराहट के लिए और अंदर की छिपी शक्तियों को प्रकट करने के लिए हमारे आसपास के वातावरण की हरेक चीज तैयार है। बशर्ते हममें संवाद स्थापित करने की संवेदन क्षमता हो।

गुरूजी कहते थे कि सिखाने के प्रयास में कोई सीखता नहीं है। वह तो सीखता है स्वयं के प्रयास से। उसके अन्त:प्रेरित प्रयास को आसान करने के लिए हम केवल सहयोग दें, तो सही ढंग से विकास होने की संभावना अधिक है। वे याद करते थे उनके गुरू की बात जो उन्होंने बताई थी- टीजिंग इज़ चीटिंग, रियल टीचिंग इज़ नेचर। यानी प्रकृति ही सबसे बड़ी गुरू है। प्रकृति में देखिए- पत्ते, टहनियां, पत्थर, बादल कितने तरह के आकार हैं। रंग इतने कि एक हरे की सैकड़ों छटाएं देख लो।

अक्षरों से चित्र बनाने की उनकी कल्पना बहुत आकर्षक थी। वे हिन्दी-अंग्रेजी के अक्षरों से कई तरह के चित्र बनाते थे। वे कहते थे कि कबूतर का पढ़ते हैं, उसमें कबूतर कहां है, आ आम का पेड़ हैं, उसमें आम कहां है। हर अक्षर में कई चित्र छिपे हैं, उन्हें ढूंढ़कर आकार दें तो चित्र बन जाता है।

गुरूजी ने हिन्दी-अंग्रेजी के अक्षरों से चित्र बनाने की दृष्टि विकसित की। अक्षरों में न जाने कितने सारे जानवर, पक्षी, लोग, घर आदि छिपे हैं। अगर बच्चे इन अक्षरों को प्यार से उल्टा सीधा करके देखेंगे तो उन्हें खुद ही उनमें बहुत सारे नए नए चेहरे दिखेंगे। धीरे-धीरे ये बेजान अक्षर बच्चों के गहरे मित्र बन जाएंगे। वे कल्पना से उनमें नई-नई चीजें देखेंगे, और अपनी परिधि का विस्तार करेंगे।

गुरूजी, यारों के यार थे। उनके दो दोस्त अपने-अपने क्षेत्र में उच्चतर शिखर पर थे। एक कुमार गंधर्व जो संगीत में जाना माना नाम था और राहुल बारपुते, जो पत्रकारिता के गुरू थे। चित्रकला, संगीत और साहित्य की अनूठी तिकड़ी।

गुरूजी के बारे में उनके मित्र कुमार गंधर्व ने कहा था कि सिर्फ कलाकृति ही नहीं, ठेठ प्रकृति की ओर कैसे देखा जाए, ये गुरूजी ने ही उन्हें सिखाया है। भीमबेटका, अजंता एलोरा, दक्षिण के मंदिर, गुरूजी के साथ देखते -देखते उन्हें नई दृष्टि मिली। यानी गुरूजी ने उन्हें देखना सिखाया।

जैसे कुमार गंधर्व कहते थे कि गुरूजी ने उन्हें देखना सिखाया, गुरूजी भी कहते थे-कुमार गंधर्व जी ने उन्हें सुनना सिखाया। सुर की समझ दी। ज्ञान की सीख होती है कि यह एकतरफा नहीं होती। इसमें सीखना सिखाना चलता रहता है। उनके साथ पढ़े एम.एफ.हुसैन ने कहा था कि उनकी गहरी रेखाएं विष्णु चिंचालकर की देन हैं। तीनों ने एक दूसरे से सीखा और समृद्ध किया।

उनके खुद के जीवन में मोड़ जब आया तब उन्होंने गांधी जी का एक किस्सा सुना। गांधी जी एक बार मैसूर गए थे। तब किसी ने उनसे जोग फाल्स देखने को कहा। गांधी जी ने इसका जवाब दिया- वे आकाशीय प्रपात यानी बारिश देखते हैं। गुरूजी ने इसका अर्थ निकाला कि नैसर्गिक चीजें अनुपम हैं। इसके बाद से रंगों की दुनिया को छोड़कर प्रकृति में ही उसके मूल रूप खोजने लगे।

गुरूजी हमेशा कहते थे कि उन्होंने राजमार्ग छोड़, पगडंडी पकड़ ली है। यानी रंगों की दुनिया को छोड़ प्रकृति में ही उसके मूल रूप को ढूंढ़ लिया है। राजमार्ग सपाट है, वहां ढाबा है, दुर्घटनाएं हैं, टेंशन है पर पगडंडी का रास्ता खुद बनाना पड़ता है। वहां पेड़ हैं, उनकी छाया है, नदी है, झरने हैं। पगडंडी का आनंद ही अलग है। हालांकि वे कहते थे उन्होंने रंग व ब्रश की दुनिया छोड़ी थोड़ी है, प्रकृति के कलर बॉक्स को ही इस्तेमाल करने लगा हूं। यह एक नई शुरुआत है।

गुरूजी के साथ काम कर चुके टॉयमेकर अरविंद गुप्ता ने बताया कि गुरूजी ने बरसों गर्मी की छुट्टियां बाबा आमटे के गढ़चिरौली जिले में स्थित आनंदवन में बिताईं। गर्मियों में बाबा आमटे श्रम छावनी का आयोजन करते थे, जिसमें महाराष्ट्र के सैकड़ों छात्र भाग लेते थे। सुबह से दोपहर तक छात्र बारिश के पानी को रोकने और उसके भंडारण के लिए जमीन में गड्ढे खोदते थे। फिर दोपहर से रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता था, जिसमें पु.ला. देशपांडे, नीलू फुले, गुरूजी, कुमार गंधर्व और अन्य प्रगतिशील कलाकार भाग लेते थे। उनके गहरे सामाजिक सरोकार थे।

मैं उनके आखिरी दिनों में जब मिलता था, तब वे थोड़े कमजोर हो गए थे। उनके बगीचे में बैठे रहते थे। मैंने उनसे पूछा- गुरूजी इन दिनों आप क्या करते हैं? उन्होंने आकाश की ओर देखकर कहा- अब ज्यादा आनंद में हूं, मुझे कुछ नहीं करना पड़ता, बैठे -बैठे देखते रहता हूं आसमान में कई रंग। नीम का पेड़ दिखाते हुए बोले इसमें कई आकृतियां हैं। ये भी तो हमारी तरह हैं, इनके हाथ, पैर सब कुछ तो हैं। ये सब भी अपने तो है। ऐसा गुरूजी ही सोच सकते थे।

कुल मिलाकर, गुरूजी ने चित्रकला का नया नजरिया दिया। पेंट-ब्रश की सीमित दुनिया से आगे प्रकृति की मुक्त दुनिया से जुड़ने की दृष्टि दी है। खेल-खेल में शिक्षा का मंत्र दिया है। कला को आसपास के जनसाधारण, वातावरण और परिवेश से जोड़ा। पर्यावरण के प्रति बच्चों व बड़ों को जागरूक बनाया। कलाबोध व सौंदर्यबोध कराया। कला को भी एक सीमित दायरे से हटकर जनजीवन को जोड़ने का जतन किया है। वे ऊंचे दर्जे के चित्रकार, शिक्षक तो थे ही, बहुत ही सरल व सहज इंसान थे। उनका निधन 30 जुलाई 2000 को हो गया। लेकिन उनके काम व सोच के माध्यम से सदैव पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

**गुरूजी ने हिन्दी-अंग्रेजी के अक्षरों से चित्र बनाने की दृष्टि विकसित की। अक्षरों में न जाने कितने सारे जानवर, पक्षी, लोग, घर आदि छिपे हैं। अगर बच्चे इन अक्षरों को प्यार से उल्टा सीधा करके देखेंगे तो उन्हें खुद ही उनमें बहुत सारे नए नए चेहरे दिखेंगे। धीरे-धीरे ये बेजान अक्षर बच्चों के गहरे मित्र बन जाएंगे। वे कल्पना से उनमें नई-नई चीजें देखेंगे, और अपनी परिधि का विस्तार करेंगे।**

## बीता सप्ताह

**18 मई**

- टेक्सास में विकराल तूफान से ह्यूस्टन में चार लोगों की मौत हो गई।
- मेक्सिको में नाव के पुल में टकराने से दो हजार गैलन तेल बह गया।
- ब्राजील के पैराधविक येल्तसीन जैक्स ने पुरुषों की 5 हजार मीटर टी-11 का विश्व रिकार्ड तोड़ा।
- अनुभवी गेंदबाज जैक्स एंडरसन लॉर्ड्स टेस्ट के बाद संन्यास लेंगे।

**19 मई**

- छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजर जिले के भटगांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर आरोपी ने स्वयं फांसी लगा ली।
- दिल्ली मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवस रक पिराई मामले स्वाति पालीवाल की शिकायत पर केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को गिरफ्तार किया गया।
- अफगास्तिान में बारिश और बाढ़ से 50 लोगों की मौत हो गई।
- एलोर्डा कप 2024 में निखत, मीनाक्षी के स्वर्ण सहित भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 12 पदक।

20 मई

- लोक सभा के पांचवें चरण का चुनाव आठ राज्यों की 49 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हुआ।
- गाजा में इजरायली हमले में 24 लोगों की मौत हो गई।
- उरूग्वे के पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि, चीन ने विश्व शांति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- रूसी वायु रक्षा सेना ने नौ एटीएसीएमएस मिसाइलों को मार गिराया।

**21 मई**

- एक पिकअप गाड़ी छत्तीसगढ़ कवर्धा के ग्राम वाहपानी के खाई में अनियंत्रित होकर गिरी उसमें सवार 19 लोगों की मौत हो गई।
- ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाईयन का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।
- नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकदल दहल ने 2022 में दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद चौथी बार प्रतिनिधि सभा में विश्वासमत हासिल किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया।

**22 मई**

- ब्रिटिश भारतीय निदेशक संध्या सूरी निर्मित पहली फीचर फिल्म 'संतोष' को 77वें कान फिल्म महोत्सव में भारी सराहना मिली।
- सिंगापुर में तबाही मचाने के बाद कोरोना का केपी-1 और केपी-2 वेरिएंट का संक्रमण भारत में दस्तक दिया।
- हरियाणा की मनु भाकर ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर बनीं।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने केंद्र सरकार के समक्ष युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा।

23 मई

- कलकत्ता के हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में सत्तारूढ़ टीएमसी सरकार के 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिया।
- वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य जनरल टू लैम वियतनाम के नए राष्ट्रपति बने।
- हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम संस्कार में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ तेहरान पहुंचे।
- इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में बस्तियां बसाने की कोई योजना नहीं।

**24 मई**

- छत्तीसगढ़ बस्तर के नारायणपुर में जवानों एवं नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए।
- नेवी चिल्ड्रन स्कूल मुंबई की छात्रा काम्या कार्तिकेयन माउंट एवरेस्ट शिखर पर नेपाल की तरफ से पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई।
- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम का कोलकाता में रहस्यमय तरीके से मौत हो गई।
- ठाणे डोंबिवली में एमआईडीसी परिसर स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से छ: लोगों की मौत हो गई।

## 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए का बहुमत खोने की संभावना

■ नित्य चक्रवर्ती

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले पांच चरण अब तक समाप्त हो चुके हैं, तथा अगले दो चरणों में मतदान के लिए कुल 543 में से केवल 115 सीटें बची हैं। नतीजे 4 जून को आयेंगे। पिछले कुछ दिनों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक बैठकों और टीवी चैनलों और समाचार पत्रों में साक्षात्कारों की एक श्रृंखला में घोषणा की है कि भाजपा पहले ही पार कर चुकी है 272 का जादुई आंकड़ा, जो बहुमत का निशान है, और अगले दो चरणों में, यह 300 से अधिक को पार कर जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह तो पहले पांच चरणों में भाजपा के लिए 310 प्लस का आंकड़ा बता चुके हैं।

जहां तक इंडिया ब्लॉक का सवाल है, पहले पांच चरणों की उनके अपने आकलन ने उन्हें बड़ी उम्मीद दी है कि मतदान के रुझान एनडीए के खिलाफ जा रहे हैं, और उन्हें लग रहा है कि एनडीए बहुमत खो देगी। राहुल गांधी चुनावी सभाओं में प्रमुखता से घोषणा कर रहे हैं कि 4 जून के बाद केंद्र में इंडिया ब्लॉक नयी सरकार बना रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अगली रणनीति तय करने के लिए 4 जून के बाद इंडिया ब्लॉक पार्टियों की बैठक बुलाने की बात कही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 3 जून को अपने पिता एमके करुणानिधि की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने और स्थिति पर चर्चा करने के लिए सभी भारतीय ब्लॉक नेताओं को डीएमके कार्यालय में दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने अभियान में कहा कि 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटें 200 पार नहीं करेगी।

**जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का सवाल है तो परिदृश्य थोड़ा अलग है। यह 2004 या 1996 के चुनाव के बाद के परिदृश्य की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। विवादास्पद मुद्दा यह है कि 2019 के चुनावों में पार्टी को मिली 303 सीटों में से भाजपा कितनी सीटें खो देगी? 2019 में मोदी लहर में भाजपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसकी संख्या निश्चित रूप से कम होनी है और इसकी कम संख्या ही अगली सरकार के गठन की दिशा तय करेगी।**

4 जून को उभरने वाला वास्तविक परिदृश्य क्या है? बुधवार को जाने-माने अमेरिकी राजनीतिक वैज्ञानिक और जोखिम सलाहकार इयान ब्रेमर ने एनडीटीवी को दिये एक इंटरव्यू में कहा कि-भाजपा को 295 से 315 के बीच सीटें मिलेंगी, यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर लेगी। भारत में कार्यरत कई वैश्विक कंपनियों और निवेश बैंकों ने पिछले कुछ हफ्तों में सर्वेक्षण किये हैं। मैं वित्तीय क्षेत्र में अपने स्रोतों से जो कुछ भी इकट्ठा कर सका हूं, उसके अनुसार प्रारंभिक रिपोर्टें भाजपा के लिए अत्यधिक अनुरकूल थीं; हालांकि, पांचवें चरण के बाद, अद्यतन रिपोर्टों में अनिश्चितता की बात कही गई है। मेरे सूत्रों का कहना है कि- एक शीर्ष अमेरिकी निवेश कंपनी ने अपने मुख्यालय को त्रिशंकु लोकसभा की संभावना का संकेत दिया है, लेकिन अंतत: नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कमजोर सरकार बनेगी।

भारत को जानने वाले शीर्ष निवेश विश्लेषकों में से, मुझे रुचिर शर्मा पर भरोसा है, जिन्होंने वर्तमान चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जिलों में बड़े पैमाने पर यात्रा की है। मैं उनकी कुछ टिप्पणियों से सहमत हूं, जिन्हें मैंने पिछले कुछ महीनों में दक्षिणी राज्यों और उत्तर प्रदेश की अपनी यात्राओं के दौरान भी नोट किया था। पहला, कोई लहर नहीं है: न नरेंद्र मोदी के पक्ष में, न विपक्ष के पक्ष में। यह इंडिया ब्लॉक के लिए एक प्रमुख सकारात्मक कारक है, क्योंकि 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में बड़ी मोदी लहर देखी गई थी।

दूसरे, राज्यों में स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दे अधिक हावी रहे, मुख्यत: दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में। उत्तरी राज्यों में राम मंदिर समेत भावनात्मक मुद्दे मतदाताओं के बीच मौजूद हैं, लेकिन बेरोजगारी, खराब स्वास्थ्य सुविधाएं, आवश्यक वस्तुओं की ऊंची कीमतें जैसे अन्य जीवंत मुद्दों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया भाषणों का उद्देश्य मुसलमानों को बदनाम करना और कांग्रेस को हिंदू विरोधी पार्टी करार देना था। हो सकता है कि वे शेष 115 सीटों पर हिंदू वोटों को पूर्णरूप से एकजुट करने, जैसा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता चाहते हैं, में सफल न हों।

तीसरी बात मेरी अपनी है। इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में भाजपा का विरोध करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। यह कांग्रेस ही है जो उन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा विरोधी मूड का पूरा फायदा उठाने में विफल रही जहां पार्टी इंडिया ब्लॉक की ओर से भाजपा से लड़ रही है। पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी ने भाजपा की वित्तीय और संगठनात्मक बाहुबल के खिलाफ कांग्रेस की संगठनात्मक तैयारी को प्रभावित किया।

आइए 1996 और 2004 के चुनावों के बाद लोकसभा चुनाव के बाद के परिदृश्य पर नजर डालें। 1996 में भाजपा को 161 और कांग्रेस को 140 सीटें मिलीं। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाई जो 13 दिन बाद गिर गई। जनता दल के नेतृत्व में विपक्ष ने तब सरकार बनाई लेकिन 1998 में वह भी गिर गई। 2004 के चुनावों में, कांग्रेस को 145 और भाजपा को 138 सीटें मिलीं। यूपीए का गठन कांग्रेस द्वारा किया गया था और यूपीए डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में दो कार्यकाल तक चली।

जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का सवाल है तो परिदृश्य थोड़ा अलग है। यह 2004 या 1996 के चुनाव के बाद के परिदृश्य की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। विवादास्पद मुद्दा यह है कि 2019 के चुनावों में पार्टी को मिली 303 सीटों में से भाजपा कितनी सीटें खो देगी? 2019 में मोदी लहर में भाजपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इसकी संख्या निश्चित रूप से कम होनी है और इसकी कम संख्या ही अगली सरकार के गठन की दिशा तय करेगी। विकल्प के सरकार गठन की सुविधा के लिए भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में कम से कम 80 सीटें खोनी होंगी। भाजपा का 240 से अधिक का आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने में मदद करेगा।

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा के पास 282 सीटें थीं और एनडीए के पास कुल 336 सीटें; यानी एनडीए के अन्य दलों को कुल मिलाकर 54 सीटें मिलीं। 2019 के चुनावों में, भाजपा को 303 सीटें मिलीं और एनडीए की कुल सीटें 353 हो गईं, यानी गैर-भाजपा एनडीए दलों को कुल मिलाकर 50 सीटें मिलीं। 2024 के चुनावों में, एनडीए सहयोगियों की संख्या कम हो जायेगी, लेकिन यह 25 से 30 के बीच हो सकती है। इसलिए एनडीए के कुल आंकड़े तक पहुंचने के लिए इस आंकड़े को भाजपा की संख्या में जोड़ना होगा।

यदि भाजपा को 220 या उससे कम सीटें मिलती हैं और एनडीए का 25 से 30 का आंकड़ा जोड़ा जाता है, तो यह 245 से 250 तक पहुंचता है- बहुमत के आंकड़े 272 से 22 कम। भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन हो सकता है और राष्ट्रपति द्वारा सरकार बनाने के लिए उसे आमंत्रित किया जा सकता है। विश्वास मत का सामना करने पर वाईएसआरसीपी और बीजेडी जैसी अन्य पार्टियों का उसे समर्थन महत्वपूर्ण होगा। इन दोनों पार्टियों को ज्यादा नहीं तो कुल मिलाकर 20 सीटें मिल सकती हैं। अगर नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि ऐसी सरकार चले तो इन पार्टियों के समर्थन से एनडीए सरकार को बने रहने में मदद मिल सकती है।

लेकिन इंडिया ब्लॉक के लिए, वर्तमान चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच जारी लड़ाई एक आशा की किरण जगाती है कि त्रिशंकु स्थिति होने पर नवीन भाजपा के साथ संबंध तोड़ने पर विचार कर सकते हैं और इंडिया ब्लॉक को समर्थन दे सकते हैं। इंडिया ब्लॉक के नेताओं, विशेषकर एम के स्टालिन और ममता बनर्जी द्वारा नवीन के साथ थोड़ी पैरवी की आवश्यकता होगी। जहां तक जगनमोहन रेड्डी की बात है तो वह अंतिम नतीजों का आकलन करने के बाद अपनी रणनीति तय करेंगे। वह देखेंगे कि आंध्र प्रदेश में उनकी वाईएसआरसीपी के लिए असली खतरा कौन सी पार्टी है? निश्चित तौर पर भाजपा-टीडीपी गठबंधन उनके राजनीतिक वर्चस्व के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरेगा। राष्ट्रीय राजनीति में जगन कभी भी चंद्रबाबू नायडू के साथ एक खेमे में नहीं रह सकते, जो अब एनडीए में हैं। जगन के पास लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए को समर्थन न देने का हर कारण है।

इसलिए कुल मिलाकर देखें तो 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद भी इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आने की कुछ संभावनाएं हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए, भाजपा की संख्या को 220 के स्तर तक नीचे लाना होगा। कांग्रेस को उन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा से सीटें हासिल करने की पूरी कोशिश करनी चाहिए जहां पार्टी लड़ रही है।

अंत में, इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय नेताओं को जगन और नवीन के संपर्क में रहना चाहिए। तभी, भारतीय गुट कुछ आशावाद के साथ 4 जून का इंतजार कर सकता है।

## संकुचित नजरिया है महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा पर हमला

चुनावी मौसम में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चुने हुए मीडिया घरानों के साथ साक्षात्कारों की एक श्रृंखला शुरू की है। ज्यादातर साक्षात्कारों पर नियंत्रण दिखाई देता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इन साक्षात्कारों के सुरक्षित खाली स्थानों में भी कुछ अलिखित शब्द बच गए हैं जो आज देश के सामने मौजूद कुछ ज्वलंत मुद्दों के बारे में समझ और वचनबद्धता की खतरनाक कमी को प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक की शक्ति योजना पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को लें! शक्ति योजना पिछले साल जून में शुरू की गई थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अब तक महिलाओं और लड़कियों ने लगभग 200 करोड़ फेरे की शून्य लागत पर राज्य परिवहन की यात्रा बसों में की है। प्रतिदिन लगभग 65 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। ये आंकड़े सिटी बस सेवाओं और राज्य में शहर या गांव में चल रही बस सेवाओं की फेरियों के माध्यम से कहीं भी आने-जाने का लाभ उठा रही महिला यात्रियों के हैं। राज्य में इस योजना का जबरदस्त असर हुआ है और इसका एक सरल और स्पष्ट संदेश है कि महिलाएं खुद को स्वतंत्र महसूस करती हैं। वे हर जगह यात्रा कर रही हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि वास्तव में यह एकमात्र कल्याणकारी योजना है जिसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। योजना सरल, स्पष्ट, प्रयोग करने योग्य है- अपना निवासी कार्ड दिखाएं और यात्रा करें।



जगदीश रत्तनानी

**देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से लगता है कि `इंडिया शाइनिंग' का कीड़ा गहराई तक अंतर्निहित है। भारत को चमकने के लिए मजबूर किया जा सकता है लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या भारत के लोग चमकेंगे- और यही वह जमीन है जिस पर इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कांग्रेस भारी पड़ रही है।**

एक साक्षात्कार में इस योजना के बारे में प्रधानमंत्री ने अज्ञानता भरी टिप्पणी करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की पेशकश से नवनिर्मित मेट्रो सेवाओं का उपयोग कम होगा इसलिए मेट्रो घाटे में चलेगी और कोई भी देश में मेट्रो सेवाओं का निर्माण नहीं करेगा। यह बहुत ही सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण है और यह नज़रिया उस समय टिक नहीं पाता है जब हम समझेंगे कि कल्याणकारी योजनाएं कैसे काम करती हैं। वे कैसे सशक्त हो सकती हैं और मुक्ति के लिए एक ताकत बन सकती हैं तथा समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के लिए नए अवसर खोल सकती हैं। जैसा कि कर्नाटक के मामले में है। यह आश्चर्यजनक है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के पदों पर दो दशकों से अधिक समय तक रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी विकास की बुनियादी बातों के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं देते या उन्होंने ये सबक सुने तो हैं लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया है; अथवा चुनाव के इस कड़वे मौसम में वे कर्नाटक में यह योजना लाने वाली कांग्रेस के प्रति अपनी नफ़रत में अंधे हो गए हैं। भारत सरकार, यहां तक कि भाजपा सरकार भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और अगर प्रधानमंत्री की इसी सोच को लागू किया जाए तो अवधारणात्मक रूप से यह एक ऐसी सरकार होनी चाहिए जो न केवल कर्नाटक में मुफ्त परिवहन योजना बल्कि गैर-भाजपा शासित राज्यों- दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब की सभी कल्याणकारी योजनाओं को अस्वीकार करती है।

कर्नाटक की शक्ति योजना के संपूर्ण प्रभाव को देखने और समझने में अभी समय लगेगा। फिर भी यह विचार सभी तर्कों को पराजित कर देता है कि यह योजना सवारियों को मेट्रो से दूर ले जाती है। इसकी जड़ में यह बात है कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गरीबों को भुगतान करने तथा मेट्रो लाइनों की सवारी करने के लिए कहें (जहां किराया सामान्य रूप से बहुत अधिक है) ताकि मेट्रो व्यवहार्य हो जाए एवं निवेश की भरपाई हो सके और इस प्रकार बताया जा सके कि विकास हुआ है। विकास के क्या मायने हैं यह उनके नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक भयावह संकीर्ण दृष्टिकोण है और शायद इसे जाने बिना ही प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के आरोप को स्वीकार कर लिया है कि यह अमीरों की, अमीरों द्वारा और अमीरों की सरकार है। जिस लेंस से काम करने का यह पूरा तरीका देखा जा रहा है वह फाइनेंसर का लेंस है। यह उन महिलाओं और लड़कियों का लेंस नहीं है जो कर्नाटक में मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठा रही हैं, जो सुविधाएं स्पष्ट रूप से पहले नहीं थीं। यह नरेंद्र मोदी की समझ की कमी की भी याद दिलाता है जो उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले दिखाई थी। जब वे नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे थे तब उन्होंने मुंबई में एक सार्वजनिक बैठक में कहा था कि -'बुलेट ट्रेन दुनिया को यह दिखाने के लिए थी कि भारत विकसित है भले ही कोई इसका इस्तेमाल न करे।' भले ही उस समय इस बात को एक अपरिपक्व टिप्पणी कहकर खारिज कर दिया गया हो लेकिन इस बार शक्ति योजना तथा भारत में असमानता में वृद्धि पर पूछे गए अन्य प्रश्नों पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी वृद्धि और विकास के मुद्दों के विचार और समझ में कुछ बुनियादी समस्याओं को दर्शाती है।

कर्नाटक की फ्री बस योजना के मामले में जो स्पष्ट प्रश्न उठते हैं वे सीधे हैं- जैसे 1. महिलाएं पहले उस तरह से यात्रा क्यों नहीं कर रही थीं जिस तरह से वे अब कर रहीं हैं? 2. जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था के लिए यात्रा में इस भारी वृद्धि का क्या मतलब है? 3. अब सामने आ रही शिकायतें- जैसे कि बसों में भीड़ होती है और वे अक्सर समय पर नहीं चलतीं आदि के बारे में सार्वजनिक सेवा की उच्च गुणवत्ता के लिए जमीनी स्तर की मांग के लिए क्या उपाय हैं? 4. इन मांगों के बारे में सरकार की प्रतिक्रिया कैसी होगी और क्या उसे सार्वजनिक परिवहन में अधिक निवेश करने के लिए मजबूर किया जाएगा? 5. महिला श्रम बल की भागीदारी और समग्र रूप से अर्थव्यवस्था पर आनुषांगिक लाभ क्या होंगे? 6. क्या आपको काम करने का अधिकार हो सकता है लेकिन काम करने के लिए सुरक्षित और शालीन तरीके से यात्रा करने का अधिकार नहीं है? ऐसे और भी कई प्रश्न इस योजना को लेकर सामने आते हैं लेकिन इनमें से कोई भी सवाल प्रधानमंत्री और मेट्रो सेवाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने की उनकी नीति के समक्ष विचारणीय नहीं है। इसका मतलब चाहे महिलाओं को उस तरह से यात्रा करने से रोकना हो जिस तरह से वे अभी कर रहीं हैं।

विश्व की सबसे अमीर अर्थव्यवस्थाओं में से एक लक्ज़मबर्ग ने लगभग चार साल पहले न केवल वहां के निवासियों के लिए बल्कि सभी लोगों के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की। यूरो न्यूज़ के अनुसार द ग्रीन्स पार्टी के नेता और लक्ज़मबर्ग के पूर्व उप प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बॉश ने कहा- 'यह योजना काफी लागत वाली है, लेकिन इसका सभी करदाताओं द्वारा भुगतान किया जाता है ... वहां अधिक इक्विटी है क्योंकि जाहिर है कि जो लोग कम करों का भुगतान करते हैं वे इस प्रणाली में कुछ भी नहीं या बहुत कम भुगतान करते हैं। जो लोग अधिक कर का भुगतान करते हैं ... एक मूल्य टैग है जो थोड़ा अधिक हो सकता है।' वहां इस योजना का आनुषांगिक लाभ यह है कि देश की परिवहन प्रणाली में निवेश धीमा नहीं हुआ है। नई ट्राम प्रणाली नियमित और विश्वसनीय है जो ट्रैफिक की बाधाओं से मुक्त है। देश ने अपने रेल नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश किया है।

अंत में, देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से लगता है कि 'इंडिया शाइनिंग' का कीड़ा गहराई तक अंतर्निहित है। भारत को चमकने के लिए मजबूर किया जा सकता है लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या भारत के लोग चमकेंगे- और यही वह जमीन है जिस पर इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कांग्रेस भारी पड़ रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## वियतनाम : हनोई की एक इमारत में लगी आग, 14 की मौत

**हनोई,** 24 मई (एजेंसियां)। हनोई में शुक्रवार तड़के एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। वीएनएक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इमारत 100 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करती है और यह लगभग दो मीटर चौड़ी और ट्रुंग किन्ह स्ट्रीट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर संकरी गली में स्थित है, जिससे वहां अग्निशमन ट्रकों का जाना मुश्किल हो रहा है। वियतनाम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बहुमंजिला इमारत में प्रत्येक मंजिल पर दो कमरे हैं, पहली मंजिल का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक साइकिल की बिक्री और मरम्मत के लिए किया जाता है।



# संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

**संयुक्त राष्ट्र,** 24 मई (एजेंसियां)। यूगोस्लाविया के विघटन के बाद हुए गृह युद्ध के दौरान 1995 में स्रेब्रेनिका में बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ था। अब इस नरसंहार की याद में एनुअल डे मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव लाया गया। लेकिन भारत ने इस प्रस्ताव से अलग रहने का फैसला किया।

जर्मनी और रवांडा द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर गुरुवार को 193 सदस्यीय महासभा में केवल 84 वोट पड़े। इससे विभिन्न देशों में मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि ऐसे प्रस्ताव सर्वसम्मति से अपनाए जाते हैं। उन्नीस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 68 देश अनुपस्थित रहे और 22 ने बिल्कुल अलग रहने का फैसला किया।

भारत क्यों इस प्रस्ताव से दूर रहा, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

प्रस्ताव पारित होने के बाद, संयुक्त राष्ट्र हर साल 11 जुलाई को स्रेब्रेनिका में 1995 के नरसंहार का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाएगा। 1995 में बोस्निआ में 8000 मुसलमानों की हत्या हुई थी। गृहयुद्ध से जूझ रहे बोस्निया में आजादी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को देखते ही गोली मार दी गई थी।



- उन्नीस देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ किया मतदान
- 68 देश अनुपस्थित रहे व 22 ने अलग रहने का किया फैसला किया
- भारत ने प्रस्ताव से दूर रहने का कारण नहीं बताया

संयुक्त राष्ट्र में जर्मनी के स्थायी प्रतिनिधि एंटजे लेन्डर्टसे ने कहा कि उनका देश जर्मन नाजी द्वारा किए गए नरसंहार को दोबारा होने से रोकने के लिए प्रस्ताव को प्रायोजित कर रहा था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ियों ने 60 लाख यहूदियों को मार डाला था।

लेन्डर्टसे ने कहा कि यह बोस्निया में स्रेब्रेनिका नरसंहार के पीड़ितों की याद का सम्मान करने के लिए था और यह सर्बों के खिलाफ नहीं था, बल्कि केवल उन लोगों के खिलाफ था जिन्होंने हत्याएं कीं।

पड़ोसी देश सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने जर्मनी के इतिहास को देखते हुए इस तरह का प्रस्ताव पेश करने के रुख पर सवाल उठाया और कहा कि इसे राजनीतिक कारणों से और सर्बियाई लोगों को कलंकित करने के लिए पेश किया गया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने नरसंहार को अंजाम दिया, उन पर पहले ही मुकदमा चलाया जा चुका है, दोषी ठहराया गया है और जेल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव एकतरफा है। इस प्रस्ताव को पश्चिम और रूस के बीच टकराव के नजरिए से भी देखा जा रहा है, क्योंकि सर्बिया मास्को का सहयोगी देश है। अधिकांश मुस्लिम देशों ने प्रस्ताव पर पश्चिमी देशों के साथ मतदान किया, उन्होंने गाजा में हो रही हत्या का भी मुद्दा उठाया।

# नॉर्वे रूसी पर्यटकों के प्रवेश पर लगाएगा रोक



**कोपेनहैगन,** 24 मई (एजेंसियां)। नॉर्वे सरकार ने कहा कि वह अगले हफ्ते से रूसी पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा देगा। ओस्लो अपने पड़ोसी के साथ 198 किमी लंबी आर्कटिक भूमि सीमा को सख्त करना जारी रखे हुए है। यूक्रेन पर रूस के चौतरफा आक्रमण के मद्देनजर नॉर्वे सरकार ने मई 2022 में रूसियों के लिए गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए प्रवेश वीजा प्राप्त करना कठिन कर दिया। नॉर्वे ने अवैध क्रॉसिंग को रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी है। दरअसल, रूस के नागरिकों को डर है कि उन्हें सेना में भर्ती करके युद्ध में धकेल दिया जाएगा। या रूस अपने नागरिकों के बाहर निकलने पर पर प्रतिबंध लगा सकता है। इसके चलते नॉर्वे ने सीमा पर चौकसी बढ़ाई है।

नॉर्वे की पुलिस के पास उन रूसियों को निष्कासित करने की शक्ति होगी, जो मई 2022 से पहले जारी किए गए पर्यटक वीजा पर देश में हैं। ऐसे वीजा यूरोप के पासपोर्ट-मुक्त शेंगेन यात्रा क्षेत्र तक पहुंच की इजाजत देते हैं। नए उपाय नॉर्वे में उन रूसियों पर भी लागू होते हैं, जिनके पास अन्य शेंगेन सदस्य देशों से जारी वीजा है। हालांकि, नए नियमों में कुछ अपवाद होंगे, जिनमें नॉर्वे में रहने वाले परिवार के सदस्यों से मिलने वाले लोग भी शामिल हैं। नॉर्वे में काम करने वाले या पढ़ने वाले रूसी प्रभावित नहीं होंगे। न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री एमिली एंगर मेहल ने एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रवेश नियमों को कड़ा करने का फैसला यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध के खिलाफ प्रतिक्रियाओं में सहयोगियों और भागीदारों के साथ खड़े होने के नॉर्वेजियन दृष्टिकोण के अनुरूप है। एकमात्र कानूनी क्रॉसिंग प्वाइंट स्टोर्सकोग सीमा स्टेशन है। सरकार के अनुसार, नॉर्वेजियन अधिकारी वहां सीमा यातायात की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और जरूरी उपाय कर रहे हैं।

## सुडोकू 6565

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 25 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

वृषभ - दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1611 – मुगल शासक जहांगीर ने मेहरून्निसा से निकाह किया जो इतिहास में नूरजहां के तौर पर जानी जाती हैं।
1831 – प्रसिद्ध उर्दू शायर दाग देहलवी का जन्म।
1886 – प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का जन्म।
1919 – जावा में केलट ज्वालामुखी फटने से 16 हजार से भी अधिक लोगों की मौत।
1978 – भारतीय राजनीतिज्ञ तथा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीरेन मित्रा का निधन।
1995 – अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डी.एन.ए. को डीकोड करने में सफलता मिली।
1998 – परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए यूरोपीय संघ के सभी 15 सदस्य देश सहमत।
2002 – चाइना एयरलाइंस उड़ान 611 के ताइवान जलडमरूमध्य में दुर्घटनाग्रस्त होने से सभी 225 यात्रियों की मौत हो गई।
2003 – चिली ने पहली बार विश्व कप टेनिस ख़िताब जीता।
2005 – हिन्दी फ़िल्म अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ सुनील दत्त का निधन
2006 – नासा ने जीओईएसएन नामक मौसम उपग्रह अंतरिक्ष में रवाना किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पोत आधारित इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
2007 – श्रीलंका की सरकार ने तमिल शरणार्थियों की नागरिकता पर सैद्धांतिक अनुमति दी।
2008 – कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों में से 110 सीट जीत कर भाजपा दक्षिण के लिए किसी राज्य में पहली बार सरकार बनाने में सफल रही।
2010 – भारतीय मूल की कमला प्रसाद बिसेसर (59) निवर्तमान प्रधानमंत्री पैट्रिक मैनिंग को पराजित कर त्रिनिदाद और टोबेगो की पहली महिला प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं।
2011 – द ओपरा विनफ्रे शो की अंतिम कड़ी का प्रसारण। सबसे लंबे समय तक प्रसारित हुए इस टेलीविजन कार्यक्रम ने ओपरा को अमेरिका की सबसे रईस और प्रभावी शख्सियत बना दिया।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में लगभग 100 लोगों के मरने की आशंका

**सिडनी,** 24 मई (एजेंसियां)। दक्षिण प्रशांत द्वीप पर बसे देश पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के गांव में शुक्रवार तड़के भूस्खलन हुआ, जिसमें लगभग 100 लोगों के मारे जाने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एबीसी के हवाले से बताया कि यह आपदा पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह 3:00 बजे के आसपास हुई। पोरगेरा वुमेन इन बिजनेस एसोसिएशन की प्रेसिडेंट एलिजाबेथ लारुमा ने कहा कि भूस्खलन के दौरान लोग अपने-अपने घरों में सो रहे थे और पूरा गांव मलबे में दब गया। लारुमा ने कहा कि मैं जो अनुमान लगा सकता हूं, उसके अनुसार लगभग 100 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हुए हैं। यह हादसा स्थानीय समय के अनुसार तड़के 3 बजे करीब हुआ। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि अभी नहीं की है। राहत और बचाव कर्मी लोगों को निकालने के काम में जुटे हुए हैं। कई शवों को निकाला जा चुका है, लेकिन कई अभी भी मलबे में दबे हैं। दबे हुए शवों को बाहर निकालने में स्थानीय लोग भी राहत और बचाव कर्मियों की मदद कर रहे हैं।

# किर्गिस्तान में फंसे बच्चों को वापस लाने के लिए मप्र सरकार करे पहल : कांग्रेस

**भोपाल,** 24 मई (एजेंसियां)। किर्गिस्तान में अशांति है और मध्य प्रदेश के लगभग 1,200 बच्चे वहां फंसे हुए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार से बच्चों को सुरक्षित लाने के लिए आवश्यक पहल करने की मांग की है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि किर्गिस्तान में मध्य प्रदेश के 1,200 बच्चे फंसे हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकालने का भरोसा दिया है, लेकिन, राजनीतिक वादे की तरह उन्हें वापस लाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। किर्गिस्तान में फंसे छात्रों के बयानों का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि स्टूडेंट्स का कहना है कि पाकिस्तान अपने छात्रों को यहां से निकाल चुका है, परंतु, भारत सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। केवल बयान और मीडिया हेडलाइंस में सरकार सक्रिय है। हकीकत में मदद जैसा कुछ नहीं है। जो बच्चे फ्लैट में रह रहे हैं, वे बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। खाने-पीने का सामान खत्म हो गया है। उन्हें भूखे ही रहना पड़ रहा है, क्योंकि बाहर निकलते ही मारपीट हो रही है। लोकल लोग लड़कियों से भी मारपीट कर रहे हैं। पटवारी ने आगे कहा कि बच्चों का कहना है कि पहले वापसी टिकट करीब 15-20 हजार रुपए में हो जाता था, लेकिन, जबसे हालात बिगड़े हैं, 50 हजार रुपए में फ्लाइट का टिकट मिल रहा है। यह सभी के लिए संभव नहीं है। बच्चों ने नाराजगी जताते हुए मीडिया से यह भी कहा है कि किर्गिस्तान से अपने स्टूडेंट्स को निकालने के लिए पाकिस्तान सरकार ने फ्री ऑफ कॉस्ट फ्लाइट भेजी है, लेकिन, भारत की सरकार अभी तक बेफिक्र नजर आ रही है।



स्टूडेंट्स का कहना है कि पाकिस्तान अपने छात्रों को यहां से निकाल चुका है, परंतु भारत सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है : जीतू पटवारी

# पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगा संयुक्त अरब अमीरात


**अबू धाबी,** 24 मई (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है।

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और पाकिस्तानी प्रधान मंत्री मुहम्मद शाहबाज शरीफ के बीच अबू धाबी में गुरुवार को गोलमेज सम्मेलन 'इनोवेट टुगेदर: यूएई-पाकिस्तान टेक कोलैबोरेशन' के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बैठक में दोनों नेताओं ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। इस मौके पर शरीफ ने द्विपक्षीय सहयोग और संयुक्त उद्यमों की स्थापना के जरिए पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदलने के लिए अपनी सरकार का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि, खनन और उद्योग सहित पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 60 फीसदी युवाओं की है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए आईटी कौशल का विकास आवश्यक है।



# सोनी ने दर्शकों को 'पुकार-दिल से दिल तक' के साथ एक सम्मोहक ड्रामा पेश किया

मुंबई 24 मई (एजेंसियां)। अपने फिक्शन स्लेट में मनोरंजन के नए रंग के रूप में राजस्थान के जीवंत पहलू को जोड़ते हुए, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न दर्शकों के लिए पुकार - दिल से दिल तक पेश करता है। यह सम्मोहक ड्रामा एक परिवार की हार्दिक 'पुकार' को दर्शाता है, जिसके सदस्य एक-दूसरे को खोज रहे हैं और विभिन्न हालातों के बावजूद साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। सम्मोहक किरदारों और बेहतरीन कहानियों के साथ महिलाओं के विविध प्रतिरूप को प्रदर्शित करते हुए, पुकार - दिल से दिल तक फॉर्च्यून प्रीमियम कच्ची घानी शुद्ध सरसों तेल द्वारा सह-प्रायोजित है, और इसका प्रीमियर 27 मई 2024 को होगा, जो हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे प्रसारित होगा। गुलाबी शहर, जयपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित, यह शो प्यार, नुकसान और मुक्ति की कहानी बुनता है, और एक तनहा मां, सरस्वती (सुखदा खांडकेकर) के सफर और अपनी खोई हुई बेटियों - वेदिका (सायली सालुंखे) और कोयल (अनुष्का मर्चंडे) से दोबारा मिलने की उसकी दृढ़ उम्मीद को दर्शाता है।




## गाजा में इजरायली सेना ने की 24 लोगों की हत्या

**गाजा।** इजरायली सेना ने उत्तरी और मध्य गाजा में दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें रात भर में कम से कम 24 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने गुरुवार को कहा कि बुधवार रात गाजा शहर के केंद्र में एक घर पर इजरायली सेना की गोलाबारी के बाद 10 बच्चों सहित कुल 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को सुबह में सैन्य बलों ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर के एक घर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए।

**तैयारी** मोटी पगार के लालच में गए लोग भारत सरकार से लगा रहे मदद की गुहार

# कंबोडिया में फंसे अब तक 360 भारतीयों का हुआ रेस्क्यू

**फ्नोम पेन्ह, 24 मई (एजेंसियां)। कंबोडिया से लगातार भारतीयों के स्वदेश आने का सिलसिला जारी है। इसी बीच, 60 भारतीय नागरिकों ने अपनी सरजमीं पर कदम रखा। जिसकी खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। दरअसल, इन्हें मोटी पगार वाली नौकरी देने का झांसा देकर एक ट्रेवल एजेंसी ने कंबोडिया भेजा था, लेकिन वहां जाने के बाद इनसे कुछ और काम कराए जाने लगे। भारतीय दूतावास ने इस संबंध में बताया कि इन्हें जिनबेई-4 नामक जगह से 20 मई को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था।**

■ भारतीय विदेश मंत्रालय ने जारी किया एडवाइजरी

भारतीय दूतावास के मुताबिक, कंबोडिया में अब तक 360 भारतीयों को रेस्क्यू किया जा चुका है। अभी भी कंबोडिया में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। कंबोडिया में ऐसे भारतीयों को चिन्हित करने का सिलसिला जोरों पर है, जो मोटी पगार वाली नौकरी के झांसे में आकर वहां चले गए, लेकिन अब भारत सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। भारतीय दूतावास ने बताया कि सिहानोकविले प्रशासन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके लिए भारतीय नागरिकों ने भी कंबोडिया ऑपरेशन को धन्यवाद कहा।


बता दें कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि भारतीय नागरिक कंबोडिया में नौकरी करने के लिए जाने से बचें। अगर आप जाना चाहते हैं तो महज उन्हीं एजेंटों के जरिए जाएं, जिन्हें विदेश मंत्रालय द्वारा अप्रूव किया गया है। इससे पहले आंध्र प्रदेश पुलिस ने भी एक ऐसे रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जो युवाओं को मोटी सैलरी वाली नौकरी दिलाने का झांसा देकर सिंगापुर भेज देता था। इसके बाद उन्हें कंबोडिया रवाना कर उनसे गैर-कानूनी कृत्य कराए जाते थे।

वहीं, कंबोडिया से आए एक शख्स ने बताया कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की थी, लेकिन वहां जाने के बाद उससे टाइपिंग टेस्ट कराया गया। इसके बाद उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई गई। इसके बाद उन्हें लोगों से ठगी कर उनसे मोटी रकम वसूलने के लिए कहा गया।



सिहानोकविले प्रशासन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है : दूतावास

## वर्ग पहेली 6565



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य क वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४.जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्राय: सादा किनारा (उर्दू)
१४. कोमल
१५. चंदन,
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा,खिजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल या गिरोह का प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित(उर्दू)
९. रुढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6564

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | मु | २ दा | य | ■ | ■ | ३ ग | म | ४ ना | क |
| हा | ■ | रो | ■ | ५ ध | म | नी | ■ | का | ■ |
| ६ य | ती | म | खा | ना | ■ | ७ म | हा | रा | ८ ज |
| क | ■ | दा | ■ | ९ दे | हा | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ ला | न | त |
| ■ | री | ■ | र्ण | ■ | १३ दु | र्यो | ग | ■ | रं |
| १४ भि | क्षा | १५ ट | न | ■ | रू | ■ | १६ त | १७ रं | ग |
| सि | ■ | प | ■ | १८ मो | ह | १९ क | ■ | गी | ■ |
| २० चि | त्र | क | ■ | द | ■ | २१ र | वा | न | २२ गी |
| त्र | ■ | २३ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | ला |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# चीन में विश्व की 25 प्रतिशत खाद्य सामग्री का उत्पादन

**बीजिंग,** 24 मई (एजेंसियां)। चाइना फेडरेशन ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग ने 'चीनी खाद्य आपूर्ति श्रृंखला विकास रिपोर्ट (2024)' जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की खाद्य खपत की मांग लगातार बढ़ रही है और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला व उद्यम श्रृंखला धीरे-धीरे ऊपर की ओर बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में चीन की खाद्य खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। खानपान सामग्री की खपत का पैमाना 21.2 खरब युआन तक पहुंच गया, जिसमें वर्ष 2022 की तुलना में 20.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। खुदरा खाद्य खपत का पैमाना 72.5 खरब युआन तक पहुंच गया, जिसमें वर्ष 2022 की तुलना में 7.66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खानपान बाजार की पुनर्प्राप्ति और विकास के कारण खानपान उद्योग की श्रृंखला दर में वृद्धि जारी है।

चीन की खाद्य खपत धीरे-धीरे 'मात्रा आधारित' से 'गुणवत्ता संचालित' में स्थानांतरित हो रही है। चाइना फेडरेशन ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग के उपाध्यक्ष छुए चोंगफू के अनुसार चीन दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य उपभोग बाजार है, जो दुनिया के खाद्य उत्पादन का लगभग एक चौथाई हिस्सा है।

# प्रादेशिकी

## स्कूली बच्चे मतदान कर सेल्फी करें अपलोड जीतें इनाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शुक्रवार कहा कि मतदान के दिन स्कूली बच्चे भी चुनाव का पर्व-देश का गर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें, इसके लिए भी अनूठी पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा।श्री अग्रवाल ने कहा कि इस पहल के तहत बच्चों द्वारा मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी है। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, पांच हजार रु और ढाई हजार रु का नकद इनाम दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव में मोदी दे रहे निम्न स्तर के भाषण : केसी वेणुगोपाल

## इंडिया गठबंधन के सत्ता में आते ही राममंदिर की दोबारा होगी प्रतिष्ठा : राजीव शुक्ला

**शिमला,** 24 मई (देशबन्धु)। पीएम मोदी के हिमाचल दौरे को लेकर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री को प्रदेश में आई भयंकर आपदा के समय हिमाचल की याद नहीं आई वे किस मूंह से आज वोट मांग रहे हैं। शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के

### ■ मोदी किसान-बागवान, युवा और महिला विरोधी

दौरान एआईसीसी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और सांसद व कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने पीएम मोदी की रैली पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आजतक के इतिहास में निम्न स्तर का भाषण दे रहे हैं। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में पीएम को यह पता लग चुका है कि वे चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में वे असली मुद्दों से हटकर निम्न स्तर के भाषण देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने



कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी हर दिन विपक्ष के ख़िलाफ़ दुष्प्रचार करते हैं लेकिन 2014 और 2019 में किए वायदों का जिक्र तक नहीं करते। पीएम मोदी ने 2014 में देश के 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था लेकिन आज यह आंकड़ा 20 करोड़ पहुंच गया इस पर वे कुछ नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने सेना में युवाओं के भर्ती होने वाला सपना भी चकनाचूर कर दिया है। जहां उन्होंने अग्निवीर जैसी योजना लाई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीरों का राज्य है यहां से नौजवान युवा देश की रक्षा करने के लिए अपना प्राण त्याग देते हैं लेकिन मोदी ने यहां के नौजवानों के सपने को खत्म कर दिया। के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों-बागवानों के हितों पर भी कुठाराघात किया है। जहां उन्होंने सेब पर इम्पोर्ट डयूटी सौ फीसदी करने का वादा किया था आज उसे उल्टा घटाकर 50 फीसदी कर दिया है। इसलिए भाजपा किसान विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इतिहास की भयंकर प्राकृतिक आपदा आई लेकिन केंद्र सरकार का कोई योगदान नहीं रहा। आज किस मूंह से वे हिमाचल में वोट मांगने आए हैं। इस बात का जिक्र तक नहीं किया। आखिर ऐसा कौन सा कारण था जिसके चलते हिमाचल को आर्थिक मदद नहीं दी। वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी ने आपदा का पैसा सरकार को गिराने के लिए लगाया है। उन्होंने सुक्खू सरकार को गिराने के लिए सारा पैसा खर्च कर दिया है। जहां कांग्रेस के 6 विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा था। उन्होंने कहा इससे पहले भाजपा ने गोवा, महाराष्ट्र और एमपी में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाईं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने जनता से की गई 5 गारंटियों को पूरा किया है जिसको देखते हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताकर भेजेगी।

उधर,सांसद व कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने पीएम मोदी के हिमाचल दौरे की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जिन मुद्दों पर बोलना था उस पर बोले ही नहीं। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी ने न तो आपदा में न शक्ल दिखाई न एक रुपए की मदद की। इसके अलावा सेब उत्पादकों की समस्या पर कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कांग्रेस पाकिस्तान से डरती थी लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि कांग्रेस ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए थे जिसको लेकर आजतक पाकिस्तानी और बांग्लादेशी कोसते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस की बहादुर नेत्री पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने यह बहादुर कार्य किया था यह याद होना चाहिए। शुक्ला ने पीएम मोदी के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा है कि कांग्रेस आएगी तो राममंदिर पर ताला और बुलडोजर चला देंगे।लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि अयोध्या में राममंदिर की लड़ाई पूर्व पीएम राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में यह लड़ाई लड़ी थी।

# धनबल को जवाब देने और लोकतंत्र बचाने का जिम्मा जनता पर: सुक्खू

**शिमला,** 24 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी अनुराधा राणा और लोक सभा क्षेत्र मण्डी से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया और मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने उपचुनाव का बोझ लाहौल-स्पीति की जनता पर थोपा है क्योंकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया और भाजपा की राजनीतिक मंडी में अपना ईमान बेच दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सम्मान से ज्यादा भाजपा की अटैची में रखे सामान के बोझ के नीचे वे दब गए और बेशर्मी की सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि जब कुछ साथी कांग्रेसी विधायक उनसे राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट करने का कारण पूछने गए तो रवि ठाकुर ने उन कांग्रेसी विधायकों को भी भाजपा में शामिल होने के लिए उकसाया और कहा कि भाजपा 15-15 करोड़ रूपये दे रही है, ले लो। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर की हर मांग को कांग्रेस सरकार ने पूरा किया। आजादी के बाद पहला हिमाचल दिवस उनके



रवि ठाकुर दूसरे कांग्रेसी विधायकों को 15 करोड़ का लालच देकर भाजपा में मिलने को उकसाते रहे : ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री बनने के बाद स्पीति घाटी में मनाया गया और स्पीति की महिलाओं को 1500 रूपए प्रति माह देने की योजना भी यहीं से शुरू की गई। एक मई 2023 से स्पीति घाटी की सभी महिलाओं को 1500 रूपये पैंशन मिलना शुरू हो गई तथा 1 फरवरी, 2024 से पूरे जिले की महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया गया। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल स्पीति की महिलाओं को पैंशन मिलना आरम्भ हो गई है और उनके खाते में पैसे आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का गणित कमजोर है और एक महीने तक सरकार गिराने की उनकी कोशिशें असफल हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लाहौल स्पीति से एक ईमानदार उम्मीदवार के रूप में अनुराधा राणा को टिकट दिया है और क्षेत्र के मतदाता उन्हें सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि आजाद प्रत्याशी को वोट देकर मतदाता अपना वोट खराब न करें क्योंकि अनुराधा की जीत लाहौल- स्पीति से तय है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार आजाद उम्मीदवार अपना इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### मोदी ने सवर्णों को भी दिया आरक्षण : अनुराग ठाकुर

**नैनादेवी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी ने आर्थिक रूप कमजोर सवर्णों को भी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने काम किया, मगर आरक्षण विरोधी कांग्रेस को यह भी हज़म नहीं हो पा रहा है। ठाकुर ने यह बातें कुटलैहड़ और श्री नैना देवी विधानसभा मेंअपने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों और जनसभाओं के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को सेना और एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के मुद्दों पर भी जमकर घेरा। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अपने अस्तित्व से लेकर आज तक एससी, एसटी और ओबीसी विरोधी रही है वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी सदा ही एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के उत्थान के लिए कार्य करती आई है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू और कश्मीर से धारा 370 के निरस्त होने के बाद आज वहां अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण मिल रहा है। किसान सम्मान निधि योजना जिससे 12 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, उसमें 1.5 करोड़ किसान एससी समुदाय से हैं।

### सुविधा ऐप का लाभ उठाएं प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि: बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की परमिशन प्राप्त करने के लिए चुनाव आयोग के सुविधा ऐप का भरपूर लाभ उठाएं। इससे उन्हें त्वरित परमिशन मिलेगी तथा उनके बहुमूल्य समय की बचत होगी। श्री बैरवा ने कहा कि सुविधा ऐप के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। सुविधा ऐप आवेदकों को अपने आवदेनों की ताजा स्थिति को ट्रैक करने में भी सक्षम बनाता है, जिससे इस प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। इसके अतिरिक्त उनके लिए ऑफलाइन आवेदन के विकल्प भी उपलब्ध हैं।

### आयकर विभाग की छापेमारी के विरोध में उतरे व्यापारी

**रुद्रपुर।** लकड़ी कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई 24 घंटे के बाद भी जारी रही। आयकर विभाग की टीम चारों जगहों पर जमी है। इस दौरान आयकर विभाग के छापेमारी के विरोध में व्यापारी सड़क पर उतरे है। व्यापारियों ने विरोध में एक बजे तक बाजार बंद का आह्वान किया है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, देवभूमि व्यापार मंडल के साथ ही कांग्रेस और भाजपा के नेता भी बंद के आह्वान में शामिल हैं।

### सुडोकू 6565 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## वनों की आग पर नियंत्रण पाने को जन सहभागिता आवश्यक : सक्सेना

**शिमला,** 24 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश में वनों को आग से बचाने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि वन हमारी अमूल्य सम्पदा है जिसकी सुरक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। वनों में लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने के लिए जन सहभागिता और लोगों को जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है। सक्सेना ने यहां कहा कि स्थानीय लोगों को वनों में आग लगने पर उसे बुझाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि जंगल में धुंआ या आग की जानकारी मिलने पर निकटतम वन विभाग कार्यालय या आपातकालीन सेवाओं के टोल-फ्री नम्बर-1077 और 1070 पर सूचना अवश्य दें। मुख्य सचिव ने कहा कि आग लगने का कारण बनने वाली गतिविधियों जैसे वन क्षेत्रों में जलती हुई सिगरेट फेंकना, प्रतिबंधित क्षेत्रों में कैंप फायर करना या जंगलों के पास आतिशबाजी इत्यादि बिल्कुल भी नहीं की जानी चाहिए।

# हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि : मोदी

**मण्डी,** 24 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडी में कंगना के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मंडी का नाम लेकर कंगना के लिए जो भद्दी बातें कही हैं, वो मंडी का अपमान है, छोटी काशी का अपमान है, हिमाचल के अपमान है, हिमाचल की हर बेटी का अपमान है कांग्रेस की सरकार तो इतनी डरपोक थी कि दलाई लामा जी का नाम लेने से भी डरती थी। मेरी तो दलाई लामा से अक्सर बात होती है, वो हमारी समृद्ध विरासत के प्रणेता हैं। दिल्ली के जिस शाही परिवार ने हिमाचल को धोखा दिया, उसने फिर मुड़कर यहां अपनी शक्ल नहीं दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडी, हिमाचल प्रदेश में विशाल जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा। मोदी ने कहा की



अगर आपके एक वोट ने मोदी की ताकत नहीं बढ़ाई होती, तो कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनने देती : नरेन्द्र मोदी , प्रधानमंत्री

पालमपुर यहां से ज्यादा दूर नहीं है। मैं आज याद दिलाना चाहता हूं कि पालमपुर में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक थी, उसमें जो निर्णय हुआ था, उससे एक इतिहास रचा गया था। इसी अधिवेशन में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। यानी हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है। हिमाचल में लिया गया वो ऐतिहासिक संकल्प सिद्ध हो चुका है। 500 साल का इंतजार, 500 साल अविरत संघर्ष चला, लाखों लोगों ने शहादत दी। अब वो 500 साल का इंतजार खत्म हुआ। ये इंतजार खत्म किया है आपके एक वोट ने, आपके वोट की ताकत ने 500 साल का इंतजार खत्म किया। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, हिमाचल खुश हुआ है, देवी-देवता आशीर्वाद बरसा रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस खुश नहीं है। अगर आपके एक वोट ने मोदी की ताकत नहीं बढ़ाई होती, तो कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनने देती। मोदी ने कहा की 2024 के इस चुनाव में 5 चरणों के चुनाव हो चुके हैं।

## कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा मतदान कराएं : राज बब्बर

**गुरुग्राम,** 24 मई (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सांसद राज बब्बर ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आह्वान किया है कि वे मतदान के दिन सक्रिय रहकर ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए काम करें। शनिवार को होने वाले मतदान के दिन मतदाताओं से निरंतर संपर्क में रहते हुए हर वोटर को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बब्बर ने कहा कि मौसम के मिजाज को देखते हुए कार्यकर्ता का सक्रिय रहना आवश्यक है। वे यह भी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वोटर को उसकी मतदान पर्ची सुविधापूर्वक मिल जाए। वोटर को उसके मतदान केंद्र की जानकारी भी दी जानी चाहिए। दोपहर बाद से देर सायं तक उन्होंने गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर वहां अपने चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ता और समर्थकों की बैठकें कर सचेत किया।



# दून पुलिस की मुठभेड़ में यूपी के दो गौ तस्करो को लगी गोली

## टी-स्टेट में हुई पुलिस की मुठभेड़

**देहरादून,** 24 मई (देशबन्धु)। थाना प्रेमनगर क्षेत्र के अन्तर्गत टी स्टेट में में दो बदमाशों के साथ थाना प्रेमनगर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों बदमाशों पर फायरिंग की। फायरिंग करने से दोनों बदमाशों के पैरों पर गोली लगी। पुलिसने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करके दोनों बदमाशों को इलाज के लिए



### ■ पैर में गोली लगने के बाद तस्करों को चिकित्सालय में कराया गया भर्ती

पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों के साथी तीसरे आरोपी टेंपो ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपी गौकशी करने के इरादे से आए थे और चेकिंग देखकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में अग्रिम कार्रवाई जारी है। बता दें कि थाना प्रेमनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 3 बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। मखबिर की सूचना के आधार पर मीठी बेरी टी स्टेट थाना प्रेमनगर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीम ने एक विक्रम टेंपो की चेकिंग की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि टेंपो में सवार तीन लोगों को चेकिंग के दौरान रोकने की कोशिश की तो दो लोगों ने टेंपो से उतर कर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश सुल्तान और फैसल निवासी बिजनौर को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही टेंपो चालक आरोपी असलम निवासी बिजनौर को भी गिरफ्तार किया गया।

## दून के बड़े बिल्डर ने की आत्महत्या

देहरादून, 24 मई (देशबन्धु)। राजधानी देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र में बिल्डर ने आत्महत्या कर ली है। बिल्डर का शव निर्माणाधीन बिल्डिंग के नीचे मिला है। बिल्डर का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपनी आत्महत्या के लिए बड़े बिजनेसमैन को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के मुताबिक बिल्डर सतेंद्र सिंह साहनी देहरादून में ही पैसिफिक गोल्फ सोसाइटी में रहते थे। शुक्रवार को उन्होंने सोसाइटी के पास ही निर्माणधीन बिल्डिंग में सुसाइड कर लिया। परिजन सतेंद्र सिंह साहनी को लेकर हॉस्पिटल भी गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सतेंद्र सिंह साहनी के पास जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें उन्होंने अपनी आत्महत्या के लिए साउथ अफ्रीका के बड़े बिजनेसमैन को जिम्मेदार ठहराया है। सतेंद्र सिंह साहनी ने अपने सुसाइड नोट में साउथ अफ्रीका के बड़े बिजनेसमैन पर निर्माणाधीन परियोजना में भागीदार के एग्रीमेंट के खिलाफ हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा सतेंद्र सिंह साहनी ने सुसाइड नोट में एक बड़े नेता का नाम भी लिखा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के सबसे बड़े बिल्डर सतेन्द्र सिंह साहनी (बाबा साहनी) ने एक निर्माणाधीन इमारत से कूद कर आत्महत्या कर ली गयी है। उन्होने पैसेफिक हिल्स के नजदीक एक निर्माणाधीन इमारत की आठंवी मजिल से छंलाग लगाकर अपनी जान दे दी है। सूंत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बिल्डर सतेन्द्र सिंह साहनी के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उन्होने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम यह सुसाइड नोट लिखा है। सुसाइड नोट में उन्होने अपनी आत्महत्या के कारणों का जिक्र करते हुए शहर के कई बिल्डर व सहारनपुर के कुछ लोगों को नामित किया गया है।

# केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर का रूडर खराब होने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग

**रुद्रप्रयाग,** 24 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में आज एक हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया। इसके बाद पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग कराई है। जहां लैंडिंग कराई है वहां पर नाला था। लेकिन पायलट की सूझबूझ से केदारनाथ में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

दरअसल इन दिनों उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2024 चल रही है। केदारनाथ धाम के लिए हवाई सेवा भी चल रही हैं। रोजाना बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर तीर्थयात्रियों को लेकर केदारनाथ की उड़ान भर रहे हैं।बताया जा रहा है कि केदारनाथ धाम से ठीक 100 मीटर पहले पहाड़ी पर क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया। इस कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट कल्पेश ने सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराकर उसमें सवार यात्रियों की जान बचा ली। हेलीकॉप्टर में 6 यात्री सवार थे। पायलट सहित ये सभी सभी यात्री सुरक्षित लैंडिंग से बाल-बाल बच गए। शुक्रवार सुबह केदारनाथ



धाम हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले क्रिस्टल एविएशन की आपातकालीन लैंडिंग हुई। पायलट सहित 6 यात्रियों को लेकर शेरसी हेलीपैड से

### ■ पायलट की सूझबूझ के चलते टला बड़ा हादसा

केदारनाथ धाम आ रहे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी समस्या आ गई। इस कारण 7 बजे बजे केदारनाथ धाम के हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

पायलट कल्पेश ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। अगर पायलट कल्पेश सूझबूझ के साथ इमरजेंसी लैंडिंग नहीं कराते तो बड़ा हादसा हो सकता था। केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई बार हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो चुके हैं। केदारनाथ धाम में इस समय 9 हेलीकाप्टर सेवाएं चल रही हैं। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है और पायलट समेत सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेली जिसने तीर्थ यात्रियों को लेकर शेरसी से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इस कारण हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में केदारनाथ हेलीपैड से पहले ही लैंडिंग कराई गई। पायलट की सूझबूझ के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। पायलट ने अपना धैर्य नहीं खोया एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई। सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं। सभी यात्रियों को बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी की जांच कराई जा रही है।

# चारधाम यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग के लिए गठित की जाएगी कमेटी

**देहरादून,** 24 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड चारधाम यात्रा चरम पर है। मौजूदा स्थिति ये है कि अभी तक 9 लाख से अधिक श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। चारों धामों में श्रद्धालुओं की मौत का आंकड़ा 52 हो गया है। धामों में बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की व्यवस्था और लगातार बढ़ रहे मौत के आंकड़ों को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर नजर आ रही है, जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली से वर्चुअली चारधाम यात्रा की बैठक के दौरान सीएम धामी ने एसीएस आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने और सभी विभागों को आपसी



समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा मार्गों पर शासन के उच्च अधिकारी और पुलिस विभाग के आईजी स्तर के अधिकारियों को यात्रा के बेहतर संचालन के लिए लगातार फील्ड में रहने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सीधे कार्रवाई की बात कही। बैठक में सीएम ने कहा कि अगर कोई श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन के धामों में पहुंचते हैं, तो उसकी जवाबदेही संबंधित अधिकारियों की होगी। मंदिरों में सभी श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए एक समान समय मिले। साथ ही रजिस्ट्रेशन और दर्शन व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के शुरुआती पड़ाव ऋषिकेश, हरिद्वार समेत अन्य होल्डिंग वाले स्थानों से केदारनाथ, बदरीनाथ के लिए जा रही गाड़ियों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाए। अगर जरूरत पड़े तो बीकेटीसी से बातकर मंदिरों में दर्शन के समय सीमा को भी बढ़ाया जाए। सीएम धामी ने अधिकारियों को मानसून सीजन में चारधाम यात्रा से संबंधित तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बरसात के दौरान चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो।

## रजिस्ट्रेशन को लेकर श्रद्धालुओं के साथ एक और फर्जीवाड़ा, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के लिए कराये गये आनलाइन पंजीकरण में महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया हैं। जांच के दौरान सामने आए फर्जीवाड़े के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार बीते रोज पुष्कर थिटे पुत्र रामकृष्ण थिटे निवासी लाथूर महाराष्ट्र द्वारा कनखल थाने में तहरीर देकर बताया गया कि 20 मई को उनके द्वारा स्वंय व अपने 8 साथियों के लिए एक ट्रेवलर्स के कथित स्वामी सुमित से यात्रा पैकेज लिया गया। जिसमे उनके लिये 2 गाडियां, ठहरने के लिए होटल व यात्रा रजिस्ट्रेशन शामिल है जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए थी जिसमे से 96 हजार रुपए भुगतान किए गए थे व शेष 36 हजार रुपये यात्रा के दौरान दिए जाने थे। 22 मई को यानि बीते रोज वादी व उसके साथी दो गाडियो से बैरागी कैम्प कनखल हरिद्वार पंहुचे जहां पर पुलिस बैरियर पर चारधाम यात्रा के वाहनो की सघन चौकिंग के दौरान उनके व उनके साथियों के यात्रा रजिस्ट्रेशन लेटर को चौक किया गया तो उसमे यात्रा की तिथि 21 से 26 मई थी परन्तु पुलिस द्वारा स्कैन करने पर पाया कि उक्त लोगों की यात्रा की वास्तविक तिथि 21 से 26 जून तक है। इस पर वादी को जानकारी हुयी कि उसके साथ सुमित द्वारा उत्तराखण्ड टूरिज्म डप्लिममैन्ट बोर्ड के यात्रा रजिस्ट्रैशन लेटर मे कूटरचना कर फर्जी रजिस्ट्रेशन लेटर देकर धोखाधड़ी की गई है। तहरीर के आधार पर थाना कनखल में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गयी है।

## कश्यप समाज ने बाबा कालू महराज की जयंती मनाई

**फर्रुखाबाद,**24 मई (देशबन्धु)। कश्यप एकता मंच के द्वारा भगवान कालू महाराज जयंती का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ बाथम गेस्ट हाउस दिलवाल गढ़िया में मनाया गया जिसमें समाज के लोगों ने बाढ़-चल हिस्सा लिया सभी लोगों ने कालू बाबा के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित किए तथा आरती उतार कर सभी लोगों ने कालू बाबा से आशीर्वाद मांगा इस मौके पर सभी लोगों ने कहा कि समाज को एक एक साथ होना चाहिए तथा सभी लोग अपने-अपने पूर्वजों का इतिहास अपने बच्चों को एवं आने वाली पीढ़ियों को बताएं। सभी ने अपने विचार रखें तथा बताया गया कि हमारे समाज का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा क्योंकि हमारे समाज में न जाने कितने महापुरुषों ने जन्म लिया।

# आरक्षण में सेंध लगाने की विपक्ष की मंशा : योगी

**लखनऊ/देवरिया,** 24 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस की मंशा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण में सेंध लगाने की थी जिसे लोगों ने भांप कर उसे दरकिनार कर

■ **मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मांगे वोट**

दिया है। बरहज में बांसगांव लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि उन्हें पूरे देश में एक ही आवाज हर तरफ सुनाई दे रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। कांग्रेस और सपा की हालत 400 पार का नारा सुनकर जलेबी जैसी हो गई है। योगी ने कहा कि कांग्रेस सपा के समय गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। युवा पलायन करता था।

कांग्रेस ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का बार बार अपमान किया। कांग्रेस का मेनिफेस्टो कहता है कि सत्ता में आएंगे तो मिलकर लूटेंगे। सत्ता में आएंगे तो एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाएंगे। सत्ता में आएंगे तो पर्सनल लॉ लागू करेंगे। इसका मतलब बेटी स्कूल नहीं



**कांग्रेस-सपा की हालत चार सौ पार का नारा सुनकर जलेबी जैसी हो गई है : योगी आदित्यनाथ**

जा पाएंगी, महिलाएं बुर्का पहनकर रहेंगी। हम भारत का तालिबानीकरण नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोकशी की छूट देना चाहती है। कांग्रेस और सपा के बहकावे में नहीं आना है। इन्होंने पहले देश बांटा, फिर क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटा और अब जाति के नाम पर बांटकर आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश कह रहा है कि रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत के सम्मान, सुरक्षा की चिंता करने वाले, विकास और गरीब कल्याणकारी योजना से जोड़ने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी ओर राम का विरोध करने वाले, आतंकवाद और नक्सलवाद का समर्थन करने वाले वे लोग हैं, जिन्हें विकास से कोई लेना देना नहीं है। ये भारत को कमजोर करना चाहते हैं और हमारी आस्था पर चोट करने वाले हैं। पांच चरण ने तय कर दिया है कि रामभक्त एक तरफ हैं और रामविरोधी दूसरी ओर। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते हैं कि राममंदिर बेकार बना है। राममंदिर नहीं बल्कि इनकी बुद्धि बेकार है।

आज अयोध्या में हर रोज लाखों लोग पहुंच रहे हैं। राममंदिर मोदी के नेतृत्व में जरूर बना है, मगर इसके पुण्य के भागीदार आप बनेंगे। क्योंकि आपने कमल चुनाव चिह्न दबाकर मोदी और मुझे ताकत दी है। सीएम ने कहा कि हमारा देश बदल चुका है। 10 साल में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। पाकिस्तान को भी पता है कि आज का भारत छेड़ता नहीं है, और किसी ने छेड़ने की कोशिश की तो उसे छोड़ता भी नहीं है। हमें मजबूत हिन्दुस्तान के लिए मजबूत सरकार चाहिए और मजबूत सरकार के लिए मोदी जी चाहिए। योगी ने कहा कि चार जून को फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी तो 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख रुपए हर वर्ष उपचार की सुविधा मिलेगी। जिनके पास कच्चा मकान है या झोंपड़ी है उन्हें एक एक मकान भी मिलेगा। इस अवसर पर विधायक जयप्रकाश निषाद, राजेश त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, विमलेश पासवाल, एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी, रतनपाल सिंह, विस प्रभारी उपेन्द्र सिंह, कामेश्वर सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### योगी की सभा में उपयुक्त कुर्सी न मिलने से नाराज हुए सांसद



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के गढ़ रामपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में मंच पर उपयुक्त कुर्सी न मिलने से मिलने देवरिया सदर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी नाराज हो गए। दरअसल, देवरिया सदर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में योगी की जनसभा थी जिसमें मौजूदा सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी मंच पर पहुंचे लेकिन राजनीतिक कद के मुताबिक मंच पर कुर्सी नहीं मिलने से वह नाराज हो गए और मंच से नीचे उतरने लगे। इसे देख कर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पार्टी प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने उनका मनुहार कर उचित कुर्सी पर बैठाया।

## आरबीआई में जमा करा दिए नकली नोट

**मेरठ,** 24 मई (देशबन्धु)। बैंकों के जरिए आरबीआई को नकली नोट भेजने के मामले में बैंक मैनेजर के खिलाफहुई रिपोर्ट के बाद खुफिया विभाग सक्रिय हो गया है। यह पहली दफा नहीं है जब मेरठ में नकली करेंसी का मामला सामने आया हो। इससे पहले भी शहर में कई बार नकली करेंसी के साथ आरोपी अरेस्ट हुए हैं।

उनके पास दो हजार के नकली नोट भारी तादात में मिले हैं। जब उसकी जांच हुई तो उनका पाकिस्तान, नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है। पता चला कि मेरठ में नेपाल, पाकिस्तान से लाकर नकली करेंसी खपाई जा रही थी। नकली को असली रुपया बताकर चलाने का पूरा खेल समझिए। मेरठ से अलग-अलग बैंकों के जरिए आरबीआई कानपुर ब्रांच में जनवरी में दो हजार रुपए के नकली नोट भेजे गए। जब आरबीआई में नोटों की जांच हुई तो पूरा सच सामने आया। इस मामले में कानपुर के दावा अनुभाग प्रबंधक की ओर से मेरठ के चार बैंक मैनेजर्स के खिलाफ पांच रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई है।

## कायमगंज मंडी निरीक्षक पर गिर सकती है निलंबन की गाज

**फर्रुखाबाद,**24 मई (देशबन्धु)। कायमगंज मंडी निरीक्षक की रिपोर्ट में लक्ष्य से अधिक राजस्व आनें पर जिलाधिकारी असंतुष्ट नजर आए उन्होंने मंडी निरीक्षक को निलंबित करनें को पत्र लिखने व कर चोरी की जानकारी उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा.वीके सिंह नें कर-करोत्तर राजस्व प्राप्तियों व राजस्व प्रशासन सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता की।

■ **डीएम ने की राजस्व प्रशासन संबंधित बैठक की अध्यक्षता**

बैठक में बताया गया कि व्यापारियों नें एक करोड़ अठारह लाख रुपए का माल यूपी से बाहर भेजा है, जिससे राजस्व कम हुआ है। इसके साथ ही कमालगंज, कायमगंज व मोहम्मदाबाद में हो रही कर चोरी रोंकने में प्रवर्तन विभाग नाकाम रहा है जिसकी सूचना भी अधिकारियों को देनें की आवश्यकता है। आबकारी विभाग को अबैध ताड़ी बिक्री पर रोंक लगानें के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डा.वीके सिंह नें कहा कि जिले में हो रही डग्गामारी का जिम्मेदार परिवहन विभाग को ही माना जाए। लगता है कि डग्गामारी कराने में परिवहन विभाग की मिली भगत है। डग्गामारी रोंकने को कठोर कदम उठाए जाएं।

निजी गाड़ी टैक्सी के रूप में प्रयोग हो रहीं हैं इस तरह की गाड़ियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कर डाटा तैयार करें। कायमगंज मंडी निरीक्षक की रिपोर्ट में पाया गया कि मंडी लक्ष्य से भी अधिक राजस्व प्रदान कर रही है। मंडी निरीक्षक की रिपोर्ट से जिलाधिकारी असहमत होनें पर उन्होंने मंडी निरीक्षक कायमगंज को निलंबित करनें के लिए पत्र लिखनें व कर चोरी के मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करानें के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नें जनपद में बालू खनन के कारोबार के विषय में जानकारी मांगी तो अधिकारियों नें जबाब दिया कि बाबू खनन नही हो रहा है। जिस पर जिलाधिकारी नें कहा कि जब बाबू खनन नही हो रहा तो फिर जिले में खनन अधिकारी का क्या काम है। खनन अधिकारी के जबाबों से डीएम संतुष्ट नही हुए। उन्होंने एसडीएम, पुलिस व खनन अधिकारी संयुक्त रूप से जाँच कर रिपोर्ट दें।

**सार संक्षेप**

### विवाहिता से बलात्कार के प्रयास की एसएसपी से की शिकायत

**मेरठ।** सरूरपुर थाना क्षेत्र से दबंगई का एक मामला प्रकाश में आया है। जहां गांव के रहने वाले एक दबंग ने घर में अकेली विवाहिता के साथ रेप का प्रयास कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़िता का पति घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जाने लगा तो दबंग ने उसे रास्ते में रोक कर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की जिसके चलते पति-पत्नी एसएसपी ऑफिस पहुंचे और दबंग पर कार्यवाही की मांग की। सरूरपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। पीड़िता ने बताया कि आठ मई की सुबह करीब नौ बजे वह घर में अकेली थी। तभी गांव का रहने वाला एक दबंग घर में घुस गया और महिला के साथ रेप का प्रयास करने लगा, महिला ने शोर मचाया तो महिला का पति घर पर आ गया। महिला के पति को देखकर आरोपी दबंग मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसका पति थाने जा रहा था। तभी रास्ते में दबंग ने रोक कर महिला के पति पर जानलेवा हमला कर दिया। दबंग के हमले में महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई लेकिन थाना पुलिस ने दबंग पर कार्यवाही नहीं की। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### बस्ती में ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

**बस्ती।** बस्ती जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग स्थान पर ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गौर थाना क्षेत्र के बभनान रेलवे स्टेशन के अंतिम छोर पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से विजय कुमार गौड़ की मौत हो गई है जबकिचिरंजीवी निवासी ग्राम हरैया थाना लालगंज जनपद बस्ती भागलपुर-अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई।

### प्रतापगढ़ के पूर्व विधायक हरि प्रताप का निधन

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह का निधन हो गया। वह करीब 70 साल के थे। परिजनों के अनुसार वह लंबे समय से बीमार थे और दिल्ली के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था जहां बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। सिंह के निधन की सूचना मिलते ही उनके नगर आवास पर शोक व्यक्त करने वालो का तांता लग गया। उनके निधन पर निवर्तमान सांसद संगम लाल गुप्त, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। हरि प्रताप सिंह लगातार पांच बार और उनकी पत्नी प्रेम लता सिंह एक बार नगर पालिका पालिका परिषद प्रताप गढ़ की अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शानू और उसकी पत्नी साबरीन से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है।

**-नौशाबा पत्नी खालिद, आजादनगर, कस्बा सरधना (मेरठ)।**

## भड़ाना पार्क में उगी घास व टूटे उपकरण देख जताई नाराजगी

**मवाना,** 24 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने शुक्रवार को नगर मवाना के वार्ड 17 मोहल्ला काबलीगेट में भड़ाना पार्क, आकांक्षा कुंज पार्क, नालों व पुलिया के निर्माण आदि कार्यो का निरीक्षण किया। वार्ड 17 मोहल्ला काबलीगेट के सभासद ओमपाल के साथ पालिका अध्यक्ष ने वार्ड का भ्रमण किया। वार्ड के नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा



नालों का निर्माण कराया जा रहा है, इस दौरान उन्हें आने-जाने में ज्यादा परेशानी हो रही है। भड़ाना पार्क में खड़ी घास, ओपन जिम में टूटे हुए उपकरण देख पालिका अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। उन्होंने पार्को में उगी घास, ओपन जिम, लाईटों आदि को तत्काल दुरुस्त करने के लिए आदेशित किया। उन्होंने हस्तिनापुर रोड पर नाला निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को सम्बन्धित ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। पालिका अध्यक्ष ने प्रतिदिन नगर के वार्डों का भ्रमण अभियान चला रखा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को मोहल्ला काबलीगेट का भ्रमण किया।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा वित्तीय प्रबंधन का महत्व

■ **सशस्त्र बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए किया प्रेरित**

■ **70 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

**मेरठ,** 24 मई (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में 70 यूपी वाहिनी एनसीसी द्वारा आयोजित दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन एनसीसी कैडेट्स ने अपने दिन की शुरुआत पीटी एवं योग से की। इसके पश्चात सूबेदार एसपी शर्मा एवं सूबेदार सुभाष चन्द के साथ सीएचएम जितेन्द्र कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह, हवलदार सुभाष चन्द्र, हवलदार दिवेन्द्र कुमार, हवलदार चौन सिंह ने कैडेट्स को चार कम्पनी एल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा में बॉटकर ड्रिल का दैनिक अभ्यास कराते हुए तेज चाल से चलने, थम करने एवं सैल्यूट करने का तरीका सीखाया। नायब सूबेदार जोगिन्द्र सिंह के नेतृत्व में सीएचएम मुथप्पा, हवलदार दिवेन्द्र



कुमार एवं हवलदार चौन सिंह ने कैडेटस् को भारतीय सेना के तीनों अंगों एवं सशस्त्र सेना बलों के विषय में जानकारी साझा करते हुए सशस्त्र बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। नायब सूबेदार प्रवीण ठाकुर, सी एच एम संजीव कुमार एवं कैडेट कन्या अनुदेशक लक्ष्मी ने कैडेट्स को सेना में प्रयोग किए जाने वाले संचार के साधनों के बारे में जानकारी दी। कैम्प एडजूटेन्ट ले आशीष गौड़, सह एन सी सी अधिकारी सुबोध कुमार ने कैडेटस् को अलग अलग कक्षाओं के माध्यम से पयार्वरण एवं पारिस्थितिकी' एवं भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था' विषय पर व्याख्यान दिया। अतिथि प्रवक्ता के रूप में जनहित फाउंडेशन की निर्देशिका, कौशर जहां, प्रधानाचार्या, प्राथमिक विद्यालय जीजमाना, माला सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग ने कैडेट्स को 'बाल विवाह एक कुरीति' के विषय में व्याख्यान दिया। वित्तीय सलाहकार वीपी सिंह ने कैडेट्स को वित्तीय प्रबन्धन एवं वित्त का महत्व समझाते हुए बचत करने एवं बचत का सही ढ़ग से सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### कैडेट्स को सांस्कृतिक कायर्कमों की कराई गई तैयारी

शाम आठ बजे के उपरान्त ले. आशीष गौड़, एवं सहयोगी एनसीसी अधिकारी सुबोध कुमार द्वारा छात्र एवं छात्रा कैडेट्स को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी कराई गई। शिविर में कैम्प कमानडेन्ट कर्नल पंकज मग्गो, डिप्टी कैम्प कमानडेन्ट कर्नल नीरज कुमार, कैम्प एडजूटेन्ट ले आशीष गौड़, ले मौ जकी, ले. मनीष कुमार, ले. शिफाली मल्होत्रा, सहयोगी एनसीसी अधिकारी सुबोध कुमार, दीपक कुमार, जूली सिंह, कमलेश राघव सूबेदार मेजर नरेन्द्र सिंह, सूबेदार सुभाष चन्द, सूबेदार एस पी शर्मा, नायब सूबेदार जोगिन्द्र सिंह, नायब सूबेदार प्रवीण ठाकुर, बीएचएम विनोद कुमार, सीएचएम पवन कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, मुथप्पा एच के, हवलदार दिवेन्द्र कुमार, सुभाष चन्द्र, चौन सिंह, करण सिंह, संजीव कुमार, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# मतगणना के लिए तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन




■ **जिलाधिकारी ने मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**मेरठ,** 24 मई (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों व राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने मतगणना केंद्र पर बैठने की व्यवस्था, एजेंटो के आने-जाने की व्यवस्था, मीडिया सेंटर, पीने का पानी, पंखों की व्यवस्था, शौचालय, वाहन पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, ऑब्जर्वर तथा आरओ के लिए व्यवस्थाएं, मतगणना की ससमय फीडिंग तथा उसका एनाउन्समेंट, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को मतगणना तैयारियों का स्थलीय भ्रमण कराते हुए जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्याशी-प्रतिनिधियों को मतगणना केंद्र पर की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उनकी जिज्ञासा का समाधान किया गया। तदोपरांत सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों के साथ बैठक की व संबंधित अधिकारियों को समस्त व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

### ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होने वहां कंट्रोल रूम, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेदपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व निर्वाचन कार्यालय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## पुलिस को सौंपा बच्चा चोर

**मेरठ,** 24 मई (देशबन्धु)। बच्चा चोर गैंग का मामला प्रकाश में आया है। जहां गैंग के एक आरोपी ने लिया गेट के अहमदनगर से एक 14 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया और किशोर को दिल्ली ले जाकर किशोर से भीख मंगवाने लगे। किशोर द्वारा फोन करने पर उसके परिवार वाले दो दिन पहले दिल्ली से किशोर को मेरठ ले आए। शुक्रवार को एक बार फिर आरोपी किसी बच्चे को उठाने की फिराक में अहमदनगर में घूम रहा था। जिसे दबोचकर किशोर के परिवार वालों ने जमकर पिटाई कर दी और उसे पुलिस को सौप दिया पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। अहमदनगर गली नंबर 12 के रहने वाले वहाब ने बताया कि उनके 14 साल के बेटे जैद को 9 मई को अज्ञात युवक बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। आरोपी किशोर से दिल्ली में किशोर से जबरन भीख मंगवा रहा था। पीड़ित परिवार में बताया कि 12 मई को जैद ने एक दुकानदार से फोन मांग कर अपने परिवार वालों को फोन कर घटना की जानकारी दी।

## गांवों में तिराहे पर चस्पा होगी बकाएदारों की सूची

**मवाना,** 24 मई (देशबन्धु)। देहात क्षेत्र में लगातार शिविर लगाये जाने के बावजूद बिजली बकायेदार बिलों का भुगतान नहीं कर रहे है। अब बिजली विभाग बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची गांव के प्रमुख स्थानों पर चस्पा करेंगे ताकि गांव के बकायेदारों के नाम अन्य लोग भी जान सके।

■ **उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का 14 करोड़ रुपए बकाया**

विद्युत वितरण खंड द्वितीय के उपभोक्ताओं पर करीब 14 करोड़ रुपए बकाया है। विद्युत वितरण खंड द्वितीय में घरेलू करीब 50 हजार उपभोक्ता और नौ हजार ट्यूबवेल वाले उपभोक्ता है। घरेलू उपभोक्ताओं पर करीब दस करोड़ रुपए और ट्यूबवेल वाले उपभोक्ताओं पर करीब चार करोड़ रुपये बिजली बिल के बकाया है। अधीक्षण अभियंता देहात ने मवाना विद्युत वितरण खंड द्वितीय के कार्यालय में बैठक लेकर बकाया वसूली शत-प्रतिशत करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में उन्होंने कई बार क्षेत्र का दौरा कर एसडीओ व अवर अभियंता को सख्ती से वसूली करने को कहा है। अधिशासी अभियंता द्वितीय महेश विश्वकर्मा ने बताया कि अधीक्षण अभियंता के आदेश पर प्रत्येक गांव में दो-दो बार शिविर लगाकर बकायेदारों से वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं प्रत्येक गांव के बकायेदारों की सूची गांच के प्रमुख स्थानों पर चस्पा की जा रही है।

**आयोजन** *भारतीय लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका पर संगोष्ठी आयोजित*

# अभाव व प्रभाव में सिद्धंतों से जो न डिगे वही पत्रकार : ऋषिकेश

**अयोध्या, 24 मई (देशबन्धु)। पत्रकार राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की 10वीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब में भारतीय लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार मनमोहन ने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर वर्तमान समय तक पत्रकारिता की भूमिका विभिन्न तरीकों से दिखाई देती रही। आज पत्रकार चौथा स्तम्भ कहलाते हैं। वरिष्ठ पत्रकार मनमोहन ने कहा कि हमने देश में आपातकाल भी देखा। सत्ता के खिलाफ एक शब्द लिखने वाले पत्रकार को जेल में डाल दिया।**

**लोकतंत्र को मजबूत करने को अपनी भूमिका का निर्वाहन करता रहा पत्रकार : मनमोहन**

लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पत्रकार अपनी भूमिका का निर्वाहन करता रहा है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में गिरावट आई है। राजनीति पहले से बदलकर अब स्वार्थ की हो गई है। अधिकारियों के काम करने का तरीका बदल गया है। उससे पत्रकारिता भी अछूती नहीं रह गई है। आज पत्रकारिता का व्यवसायीकरण हो गया है। मुख्य अतिथि सांसद




लल्लू सिंह ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय का चरित्र, जुझारूपन वर्तमान पत्रकारों के लिए पथ प्रदर्शक की भांति है। उन्होंने सत्य को हमेशा सत्य की तरह परिभाषित किया। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय कभी अभाव व प्रभाव में अपने सिद्धान्तों से नहीं डिगे। सिद्धान्तों से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। वरिष्ठ पत्रकार त्रियुग नारायन तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता में उन्होंने कभी अपने विचार को हावी नहीं होने दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में पत्रकार का बहुत योगदान होता है। पत्रकारिता को लेकर हमारा उद्देश्य राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अजय प्रताप सिंह व संचालन वरिष्ठ पत्रकार इंदुभूषण पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सूर्यकांत पाण्डेय ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेश पाठक, सुमन गुप्ता, रमाशरण अवस्थी, जेपी तिवारी, प्रमोद पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार सिंह, उग्रसेन मिश्रा, पवन मिश्रा, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी, ओम शंकर पाण्डेय, जेपी सिंह तथा प्रो विक्रमा प्रसाद पाण्डेय, सूर्यकांत पाण्डेय, राजेन्द्र प्रताप सिंह भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, कमलाशंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, इन्द्रभान सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, रामकृष्ण तिवारी, शक्ति, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, करुणाकर पाण्डेय, परमानंद, निखिल त्रिपाठी, मोहित पाण्डेय, अर्जित पाण्डेय, अनन्या पाण्डेय, मोहित पाण्डेय मौजूद रहे।

## छात्राओं ने खो-खो और छात्रों ने कबड्डी खेली

**मवाना,** 24 मई (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को समर कैंप में पुराने खेलों को जीवित रखने के लिए शुक्रवार को खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने प्रतिभा का हुनर दिखाया। शिक्षिकाओं ने सबसे पहले खेल के नियमों एवं खेल को किस प्रकार खेलते हैं उसकी संपूर्ण जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि खेल का हमारे जीवन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। खेल से ऊर्जा का संचार होता है।



नई स्फूर्ति उत्पन्न होती है तथा मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इसके उपरांत को-ऑर्डिनेटर अंजू सिंह के निर्देशन में निकिता शर्मा, तनु, अदिति, मीनाक्षी रस्तोगी, डोली देशवाल, स्वाति बंसल, विभा जैन, कीर्ति शर्मा, वैशाली राणा, अंजली शर्मा, साक्षी पाल, शिवानी चौधरी, मधु यादव, मीनू विश्वकर्मा ने छात्राओं के मध्य खो-खो प्रतियोगिता, छात्रों के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता कराई।




# बिहार में 8 सीटों पर 86 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज

## पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या एक लाख चार हजार 873

**पटना,** 24 मई (एजेंसियां)। बिहार में छठे चरण की आठ लोकसभा सीटों वाल्मिकिनगर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापक इंतजाम के बीच होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें एक करोड़ 49 लाख 32 हजार 165 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह समेत 86 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। राज्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छठे चरण की इन आठ लोकसभा सीटों पर फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को मतदान सुबह 07 बजे शुरू होगा और शाम 06 बजे तक चलेगा। इस चरण के मतदान में 78 लाख 23 हजार 793 पुरुष, 71 लाख सात हजार 944 महिला और 428 थर्ड जेंडर समेत कुल एक करोड़ 49 लाख 32 हजार 165 मतदाता हिस्सा लेंगे। इस तरह प्रत्येक मतदान केन्द्र पर औसतन 1004 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस चरण के चुनाव में दिव्यांझग (पीडब्ल्यूडी) वोटरों की संख्या एक लाख 42 हजार 568, पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या एक लाख चार हजार 873, एक सौ वर्ष से अधिक उम्र के वोटरों की संख्या 3014, सेवा मतदाताओं की संख्या 27 हजार 334 और ओवरसीज वोटर की संख्या 21 हैं। इस चरण में दो लाख 12 हजार 496 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे वहीं 20 से 29 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 31 लाख 49 हजार 316 है।

इस चरण में कुल 14 हजार 872 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1281 शहरी और 13 हजार 591 ग्रामीण क्षेत्र के बूथ शामिल हैं। इस




दौरान महिलाओं द्वारा प्रबंधित बूथों की संख्या 62, मॉडल मतदान केंद्रों की संख्या 77 और दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित बूथों की संख्या 54 हैं। कुल 7660 मतदान केंद्रों से लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

छठे चरण के मतदान के दिन 17846 बैलेट यूनिट, 17846 कंट्रोल यूनिट और 19334 वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर और सबसे छोटा सीवान है। मतदाताओं की संख्या के अनुसार, सबसे बड़ा गोपालगंज और सबसे छोटा पश्चिम चंपारण है। इसी तरह वैशाली में सबसे अधिक 15 जबकि महाराजगंज में सबसे कम पांच उम्मीदवार हैं।

इस चरण के चुनाव में आठ महिला और 78 पुरुष समेत कुल 86 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के 21, पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के 30 और निर्दलीय 35 प्रत्याशी शामिल हैं। छठे चरण के चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के चार, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के चार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन तथा कांगेस, के दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एक प्रत्याशी हैं। छठे चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन संसदीय क्षेत्रों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और महाराजगंज, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने चार वाल्मीकिनगर, शिवहर, गोपालगंज और सीवान तथा लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) ने वैशाली में उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, महागठबंधन के प्रमुख घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) चार सीटों वाल्मीकिनगर, शिवहर, वैशाली और सीवान पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस दो सीटों पश्चिम चंपारण और महाराजगंज में अपनी किस्मत आजमा रही है। इसी तरह विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) पूर्वी चंपारण और गोपालगंज से चुनाव लड़ रही है।

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने चार सीटें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और महाराजगंज जीती थी जबकि जदयू ने तीन सीटों वाल्मीकिनगर, गोपालगंज और सीवान पर कब्जा जमाया था। वहीं, वैशाली सीट पर तत्कालीन लोजपा ने विजय पताका फहराया था।

भाजपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने निवर्तमान सांसदों पर भरोसा जताते हुए पश्चिमी चंपारण से डॉ. संजय जायसवाल, पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह और महाराजगंज से जनार्दन सिंह सीग्रीवाल को टिकट दिया है। हालांकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीटों के तालमेल के तहत जदयू शिवहर संसदीय क्षेत्र पर चुनाव लड़ रहा है, जहां उसने हाल ही में जेल से रिहा हुए बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को उतारा है।

जदयू ने वाल्मीकिनगर से अपने निवर्तमान सांसद सुनील कुमार और गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन को दोहराया है। पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा की पत्नी विजया लक्ष्मी देवी सीवान से जदयू प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं।

## झारखंड की चार सीटों पर जोरदार मुकाबला

**रांची।** झारखंड की चार सीटें रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में कल सुबह 7:00 बजे से 5:00 बजे शाम तक मतदान होगा और इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इन चारों सीटों पर 2019 में एनडीए जीती थी। इनमें से तीन पर भाजपा और गिरिडीह पर आजसू के खाते में थी। इस बार भी तीन पर भाजपा और एक पर आजसू चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने इस बार धनबाद का कंडीडेट बदल दिया है। दूसरी ओर इंडी गठबंधन से कांग्रेस रांची और धनबाद से तो गिरिडीह और जमशेदपुर से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है। दोनों पार्टियों के सभी कंडीडेट पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो के उम्मीदवार तो उन क्षेत्रों से विधायक हैं जबकि कांग्रेस की दोनों ही उम्मीदवार राजनैतिक परिवारों की महिलाएं हैं। और पहली बार चुनाव में हैं। इसके बावजूद चारों सीट पर सीधा मुकाबला है। जे बी के एस एस के जयराम महतो गिरिडीह में लड़ाई को तिकोना बनाने का दावा कर रहे हैं। रांची सीट पर शहरी इलाकों में भाजपा और कांग्रेस के केन्द्रीय मुद्दे हैं। लेकिन कस्बाई और ग्रामीण इलाके में संविधान, आरक्षण और आदिवासी मुद्दे मुखर हैं। दोनों दलों के प्रत्याशियों का मामला भी मतदाताओं को प्रभावित करेगा। रांची से भाजपा के संजय सेठ सांसद हैं और इस बार फिर से भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है ।लोग इनके पिछले काम काज का लेखा जोखा तौल रहे हैं। तो इनका गैर झारखंडी होना भी एक मुद्दा है। कांग्रेस की यशस्विनी सहाय को खांटी खतियानी माटी की बेटी के तौर पर पेश किया जा रहा है। लेकिन राजनीति में इनका नया होना मतदाताओं में थोड़ा झिझक पैदा कर रहा है। हालांकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कंसाई की बेटी होने का लाभ भी उन्हें मिल रहा है।जे बी के एस एस के देवेन्द्र महतो की सिल्ली और ईचागढ़ में वोटों की सेंधमारी का नुक़सान भाजपा को साफ दिख रहा है। कांग्रेस को झामुमो के जमीनी संगठन का भी लाभ होगा।

वैसे झारखंड की राजधानी रांची भाजपा आर एस एस की सांगठनिक मजबूती के कारण उसके पक्ष में दिखती है लेकिन इंडिया गठबंधन ने इसे कांटे की लड़ाई बना दी है। धनबाद में ढुलू महतो को टिकट दिये जाने से भाजपा के राजपूत और पुराने नेता नाराज हैं। कांग्रेस ने बेरमो से के विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया है। कारण चाहे जो हो, जयराम महतो वाली जे बी के एस एस ने धनबाद से अल्पसंख्यक समुदाय का कंडीडेट देकर अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को मदद पहुंचा रही है।

# छठवें चरण के शांतिपूर्ण मतदान के लिए उत्तर प्रदेश तैयार

**लखनऊ,** 24 मई (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत छठवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के साथ ही गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मतदान की प्रक्रिया 25 मई शनिवार को संपन्न होगी। छठवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील करते हुए बताया कि छठवें चरण में उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (अ0जा0), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अ0जा0), भदोही लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही तथा विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मतदान संपन्न कराया जाएगा। विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी जनपद बलरामपुर में अवस्थित है। उन्होंने बताया कि फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मतदेय स्थल 343 प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान भी शनिवार को संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठवें चरण में कुल 2 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874 मतदाता हैं, जिसमें 1 करोड़ 43 लाख 30 हजार 361 पुरूष तथा 1 करोड़ 27 लाख 38 हजार 257 महिला एवं 1,256 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। छठवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संत कबीरनगर तथा सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 162 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं। छठवें चरण में सबसे अधिक 26 प्रत्याशी प्रतापगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 6 प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

छठवें चरण के चुनाव में कुल 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिसमें से 3978 क्रिटिकल हैं। 17,113 मतदान केंद्र हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों



■ **शनिवार को प्रदेश के 14 लोकसभा क्षेत्रों के अतिरिक्त गैंसड़ी विधानसभा में प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा मतदान**

पर (14,480 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5,057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। छठवें चरण में कुल 293 आदर्श मतदेय स्थल एवं 86 महिला, 52 दिव्यांग तथा 63 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनाव में मतदान के लिए 34,145 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 36,986 बैलट यूनिट तथा 36,385 वीवीपैट तैयार किए गए हैं।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 3 विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक तथा 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 6952 भारी वाहन, 7560 हल्के वाहन तथा 1,21,246 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। अर्द्ध सैनिक बलों/पुलिस बलों के व्यवस्थापन के लिए आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 24 व 25 मई को अयोध्या में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 25 मई को प्रयागराज में रहेगी।

# माइक्रो आब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**शिमला,** 24 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र (सुरक्षित) के लिए चुनाव आयोग की ओर से तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां बचत भवन के सभागार में शिमला जिला के लिए तैनात किए गए माइक्रो ऑब्ज़र्वर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्ज़र्वर को जिला के विभिन्न मतदान केन्द्रों में तैनाती दी जाएगी, जिसके आदेश 29 मई, 2024 को दूसरे प्रशिक्षण के दौरान प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्ज़र्वर का कार्य मतदान केन्द्र में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की देख-रेख करना रहेगा। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्ज़र्वर पोलिंग पार्टी का हिस्सा न होते हुए, मतदान केन्द्र में हो रही सभी प्रकार की गतिविधियों की देखरेख करेंगे तथा मतदान के उपरांत वह अपनी रिपोर्ट संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्ज़र्वर को प्रिजाइडिंग ऑफिसर द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की देख-रेख भी करनी होगी ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जिला के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग भी की जाएगी। सभी माइक्रो ऑब्ज़र्वर को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान केन्द्र में कैमरा मशीन के ऊपर न लगा हो ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यादव ने कहा कि मतदान के दिन प्रात: पांच बजे सभी माइक्रो ऑब्ज़र्वर अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि प्रात: 5.30 पर मॉकपोल का आयोजन किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि मॉकपोल के दौरान पॉलिटिक्ल पार्टी के एंजेट वहां पर मौजूद नहीं है तो इस स्थिति में 15 मिनट तक राजनैतिक प्रतिनिधियों का इंतजार करना होगा।

# भगवान श्रीराम का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ : नाना पटोले



**नागपुर,** 24 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भाजपा और पीएम मोदी को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 4 जून के बाद पीएम मोदी इस देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने 20 मई को कहा था कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भक्त हैं। इस पर नाना पटोले ने कहा कि वे अब कुछ भी बोल सकते हैं। भाजपा वाले भगवान से भी बड़े हो गए हैं, इसलिए इसके बारे में कोई बात ही नहीं करनी। ये लोकतांत्रिक व्यवस्था का चुनाव है, इसलिए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बात होनी चाहिए। लोगों के लिए और देश के लिए क्या किया जाए, इस पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मकसद स्पष्ट है। जनता के मुद्दे पर चुनाव लड़ना है। भगवान का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। भगवान हनुमान जी का आर्शीवाद कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के साथ था और अब भगवान श्रीराम का आर्शीवाद भी कांग्रेस के साथ है। सभी भगवान का आशीर्वाद हमारे साथ है, लेकिन ये लोग खुद को भगवान से ऊपर समझते हैं। पीएम मोदी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है, राजद आरजेडी नेता और राज्यसभा सांसद मनोज झा के इस बयान पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अभी प्रधानमंत्री के पद पर हैं, तो हम सबके जवाबदारी है कि उनकी रिस्पेक्ट करें। चार तारीख के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, तब उस समय इस पर विश्लेषण करेंगे। आज वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं।

# नतीजे वाले दिन राजस्थान में 29 मतगणना केंद्र बने

**जयपुर,** 24 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि रेगिस्तानी राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों में 29 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लोगों द्वारा डाले गए वोटों की गिनती की जाएगी। शुरुआत डाक मतपत्रों की गिनती से की जाएगी और उसके बाद ईवीएम में पड़े मत गिने जाएंगे। राज्य की 25 लोकसभा सीटों पर मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जोधपुर, नागौर, करौली-धौलपुर और गंगानगर लोकसभा क्षेत्रों में दो-दो मतगणना केंद्र होंगे। गुप्ता ने कहा कि राज्य में ईवीएम के जरिए डाले गए वोट 4,033 राउंड में पूरे होंगे। मतगणना के लिए कुल 235 कक्ष होंगे, जबकि डाक मतपत्रों के लिए 62 कक्ष होंगे। ईवीएम वोटों की गिनती के लिए 2,713 टेबलें लगाई जाएंगी और डाक मतपत्रों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रसारित डाक मतपत्र प्रणाली के माध्यम से डाले गए वोटों की गिनती के लिए 800 टेबलें लगाई जाएंगी।

# बंगाल में अंतिम चरण के मतदान को लेकर राजनीतिक दलों में उत्साह



**कोलकाता,** 24 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में 20 मई को पांचवें चरण में शून्य रक्तपात के साथ 77 प्रतिशत से अधिक मतदान के बाद शनिवार को महत्वपूर्ण छठे और अंतिम चरण के मतदान को लेकर राजनीतिक पार्टियों में खासा उत्साह है। राज्य में अंतिम चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर में मतदान होगा। इस चुनाव में पांच जिलों के 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता 79 उम्मीदवारों में से आठ भाग्यशाली विजेताओं को चुनेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 15,600 मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए लगभग 145,34,228 मतदाताओं को पंजीकृत किया गया है जिनमें से 71,70,822 महिलाएं हैं। केंद्रीय सशस्त्र बलों की लगभग 1000 कंपनियों की निरंतर निगरानी में इस चरण के 79 उम्मीदवारों में से अधिकांश स्वतंत्र उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। चुनाव आयोग (ईसी) ने मार्च के मध्य में मतदान कार्यक्रम की घोषणा करते हुए दोहराया कि इस बार चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




# चुनाव सामग्री वितरण केन्द्रों पर अव्यवस्था से चुनावकर्मी बेहाल

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में राजधानी दिल्ली में शनिवार को होने वाले मतदान से पहले चुनावकर्मियों को मशीनें तथा चुनावी सामग्री का वितरण करने वाले केन्द्रों पर बड़े पैमाने पर अव्यवस्था की शिकायतें मिली हैं जिससे चुनावकर्मियों को भीषण गर्मी में सामान लेने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

राजधानी में भीषण गर्मी के कारण निरंतर बढ़ते तापमान के बीच इन केन्द्रों पर अव्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के सर्वोदय कन्या विद्यालय भारत नगर ट्रेनिंग सेंटर पर चुनाव सामग्री के इंतजार में बैठी एक शिक्षिका बेहोश हो गई और उन्हें स्ट्रेचर पर अस्पताल ले जाना पड़ा। इस केन्द्र पर आये चुनावकर्मी रमेश कुमार ने



टेलीफोन पर बताया कि कई घंटे से इंतजार में बैठी इस शिक्षिका की घबराहट और गर्मी के कारण धीरे धीरे तबीयत बिगड़ने लगी और वह अचानक बेहोश हो गई।

एक अन्य शिक्षिका रचना ने बताया कि करीब 45 डिग्री तापमान में चुनावकर्मी केवल एक शामियाने के नीचे तीन से पांच घंटे तक इंतजार कर रहे हैं। केन्द्र पर पहुंचे कई चुनावकर्मियों ने शिकायत की कि राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से चुनाव सामग्री के वितरण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई है जिससे लोगों को बहुत इंतजार करना पड़ रहा है। चुनावकर्मियों द्वारा शिकायत किये जाने पर सामग्री वितरण करने वाले अधिकारी बीच बीच में उद्घोषणा करते हैं कि वे अभी इंतजार करें। चुनावकर्मियों ने कहा कि उनके सहयोगियों ने टेलीफोन पर बताया है कि कमोबेश सभी केन्द्रों पर अव्यवस्था है।

**चुनाव सामग्री के इंतजार में बैठी शिक्षिका बेहोश**

दिल्ली निर्वाचन कार्यालय ने सभी चुनावकर्मियों को गुरूवार को संदेश भेजकर चुनाव सामग्री के वितरण के लिए सुबह और दोपहर दो पाली में इन केन्द्रों पर बुलाया था। केन्द्र पर उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सुबह की पाली में बुलाये गए चुनावकर्मियों को दोपहर की पाली शुरू होने तक भी पूरी तरह सामान वितरित नहीं किया जा सका था। दूसरी पाली में आये चुनावकर्मियों का कहना है कि उन्हें भी इस तपती धूप में कई घंटों तक इंतजार करना पड़ेगा। चुनावकर्मियों ने बताया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा उन्हें भेजे गये संदेश में लिखा है कि यदि वे इस आदेश का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र पर जो घोर अव्यवस्था है उसके लिए भी कार्रवाई की जानी चाहिए। चुनावकर्मियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राज्य सरकारों और चुनाव करा रही प्रशासनिक मशीनरी से भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी तरह के समुचित इंतजाम करने को कहा गया है उसके बावजूद यदि राजधानी दिल्ली में व्यवस्था का यह हाल है तो दूर दराज के क्षेत्रों में क्या हाल होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 1.64 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.12 प्रतिशत |
| एलटी | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.68 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.61 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.21 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.18 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.15 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## चालू वित्त वर्ष में मिल रहे आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने अप्रैल 2024 की रिपोर्ट में आज कहा कि चालू वित्त वर्ष के शुरूआती संकेत आर्थिक गतिविधियों में तेजी रहने के मिल रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था बाजार की अपेक्षाओं से अधिक वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 में मजबूत रही है। शुरुआती संकेत वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान आर्थिक गति जारी रहने का संकेत देते हैं। जीएसटी संग्रह, ई-वे बिल, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, वाहनों की बिक्री, क्रय प्रबंधकों के सूचकांक और डिजिटल लेनदेन के मूल्य और संख्या जैसे विकास के महत्वपूर्ण उच्च आवृत्ति संकेतकों में उभरते मजबूत रुझान अर्थव्यवस्था की बढ़ती ताकत की पुष्टि करते हैं।




■ मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान शहरी बेरोजगारी दर में आई गिरावट

औद्योगिक गतिविधि गति पकड़ रही है। यह औद्योगिक क्षमता उपयोग और विनिर्माण के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जैसे वॉल्यूम संकेतकों में सुधार से स्पष्ट है। समवर्ती रूप से, पूंजीगत व्यय पर सरकार के फोकस और इसके परिणामस्वरूप निजी निवेश में वृद्धि के कारण निश्चित निवेश गति पकड़ रहा है। रिज़र्व बैंक के भविष्योन्मुखी सर्वेक्षण भी उपभोक्ता विश्वास और औद्योगिक दृष्टिकोण में सुधार का संकेत देते हैं।

नौकरी बाजार के रुझान आश्वस्त करने वाले हैं। जबकि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान शहरी बेरोजगारी दर में गिरावट आई, श्रम बल भागीदारी दर और श्रमिक-से-जनसंख्या अनुपात में सुधार हुआ है। औपचारिक नौकरियां बढ़ रही हैं, जैसा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बढ़ती शुद्ध पेरोल वृद्धि से संकेत मिलता है। विकास और रोजगार के साथ-साथ अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों में भी सुधार हो रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 648.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी की बदौलत 17 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 648.7 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 644.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 569.00 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 57.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 11.3 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 16.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.3 अरब डॉलर पर आ गया।

## गेहूं की सरकारी खरीद पिछले साल के पार

**नई दिल्ली**, 24 मई (एजेंसियां)। सरकारी एजेंसियों ने चालू खरीद सत्र में अब तक 59,715 करोड़ रुपए से अधिक का 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा है। आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि यह मात्रा पिछले साल की कुल 262.02 लाख टन की खरीद को पार कर गया है।

उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गेहूं की सरकारी खरीद सुचारु रूप से जारी है और इससे 22.31 लाख किसानों को फायदा हुआ है। में सबसे अधिक योगदान पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का है। इन राज्यों से क्रमश: 124.26 लाख टन, 71.49 लाख टन, 47.78 लाख टन, 9.66 लाख टन और 9.07 लाख टन की खरीद की गई है।

मंत्रालय ने बताया है कि खरीफ विपणन सत्र 2023-24 की धान की सरकारी खरीद के तहत 728.42 लाख टन धान खरीदा गया है। यह 489.15 लाख टन चावल के बराबर है। धान की सरकारी खरीद से 98.26 लाख किसानों को 1,60,472 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस समय केद्रीय पूल में वर्तमान गेहूं और चावल का कुल भंडार छह करोड़ टन से अधिक है। स्टॉक की यह स्थिति प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न की जरूरतों को पूरा करने और बाजार हस्तक्षेप के लिए निश्चित मानी जा रही है।




■ अब तक का आंकड़ा 262.48 लाख टन

■ 22.31 लाख किसानों को हुआ फायदा

## अडाणी पोर्ट 24 जून को सेंसेक्स में होगा शामिल

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। अडाणी ग्रुप की पोर्ट कंपनी अडाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) 24 जून को बीएसई के मुख्य बेंचमार्क सेंसेक्स में शामिल होने जा रहा है। अडाणी पोर्ट बीएसई के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगा। एशिया इंडेक्स प्राइवेट की ओर से शुक्रवार को इंडेक्स में बदलाव के नतीजे जारी किए गए। इसमें बताया गया कि 24 जून को अडाणी पोर्ट सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगा। अडाणी पोर्ट की सेंसेक्स में एंट्री ने बाजार को आश्चर्यचकित किया है, क्योंकि इस हफ्ते बाजार में आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि अडाणी एंटरप्राइजेज, विप्रो की जगह सेंसेक्स में ले सकता है। शुक्रवार को कारोबारी सत्र में भी अडाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला। अडाणी टोटल गैस 2.5 प्रतिशत बढ़कर, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस करीब 0.50 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।हालांकि, अडाणी एंटरप्राइजेज करीब सपाट बंद हुआ है। भारतीय बाजार में शुक्रवार के सत्र में सीमित दायरे में कारोबार देखने को मिला।



■ आईटी दिग्गज विप्रो होगा बाहर

## मजबूत भुगतान सेवाओं के लिए ध्यान केंद्रित करेगा पेटीएम

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। भुगतान व वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने भुगतान सेवा व्यवसाय को और मजबूत करने के लिए कार्ड प्रोसेसिंग और ईएमआई भुगतान के साथ-साथ यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर ध्यान केंद्रित करेगा। उसे उम्मीद है कि इससे कंपनी के हालात में फिर से सुधार होगा और वह देश में भुगतान सेवा में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखेगी।

कंपनी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहले कुल सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 70 प्रतिशत का योगदान देने वाला यूपीआई, अब लगभग 80-85 प्रतिशत योगदान दे रहा है। कंपनी ने बिजनेस मॉडल में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।




वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 24 के नतीजे जारी करने के बाद बुधवार को अर्निंग कॉल के दौरान, पेटीएम ने अपने मर्चेंट जीएमवी की रिकवरी पर भी जोर दिया। वित्तीय वर्ष 24 में, पेटीएम का जीएमवी पिछले साल के मुकाबले 39 प्रतिशत बढ़कर 18.3 लाख करोड़ रुपए हो गया।

■ कंपनी यूपीआई, कार्ड प्रोसेसिंग व ईएमआई पर देगा जोर

पेटीएम के राजस्व प्रवाह में यूपीआई प्रोत्साहन और रुपे क्रेडिट कार्ड लेनदेन, ओवरड्राफ्ट और ईएमआई एकत्रीकरण से उच्च भुगतान प्रसंस्करण मार्जिन शामिल हैं। जबकि यूपीआई मर्चेंट भुगतान मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) उत्पन्न नहीं करता है। पेटीएम को सरकार से सबवेंशन भुगतान से लाभ मिलता है। पेटीएम को वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 288 करोड़ रुपए की यूपीआई प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई।

## सार संक्षेप

### जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज का मुनाफा 153प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फिनटेक कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 19.16 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 7.56 करोड़ रुपए की तुलना में 153.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 273.37 करोड़ रुपए रहा है जो मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के 186.85 करोड़ रुपए की तुलना में 46.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 44 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 22.9 करोड़ रुपए की तुलना में 92.2 प्रतिशत अधिक है।

### डेटा सेंटर के चलते रियल एस्टेट में आएगी तेजी : रिपोर्ट

**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का चलन तेजी से बढ़ने के कारण 2026 तक भारत में अतिरिक्त 791 मेगावाट की डेटा सेंटर की क्षमता की आवश्यकता होगी। इसके लिए 10 मिलियन स्क्वायर फीट एरिया की मांग रियल एस्टेट सेक्टर में देखने को मिल सकती है। यह करीब 5.7 अरब डॉलर का निवेश इस सेक्टर में आकर्षित कर सकता है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया। जेएलएल रिसर्च की रिपोर्ट में बताया गया कि एआई का चलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत में डेटा सेंटर की मांग 2024-26 तक 650 से लेकर 800 मेगावाट तक रह सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के आकार के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत होगा। जेएलएल इंडिया के आरईआईएस में मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान एवं प्रमुख, डॉ. सामंतक दास ने कहा कि 2026 तक भारत में डेटा सेंटर की मांग 1,645 मेगावाट तक रह सकती है, जो कि 2023 में 853 मेगावाट के करीब थी।

### स्विगी ने मतदाताओं को डाइनआउट पर एक्सक्लुसिव ऑफर देने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसी बीच स्विगी ने वोट डालने वाले मतदाताओं के लिए स्विगी डाइनआउट पर एक्सक्लुसिव ऑफर देते हुए 50 प्रतिशत तक के डिस्काउंट की घोषणा की है। वोट डालने के बाद अंगुली पर लगी स्याही का निशान दिखाकर वोटर्स यह डिस्काउंट मिनिस्ट्री ऑफ बीयर, द दारजी बार एंड किचन, चिडो, ब्रूओक्रेट : ब्रूओक्रेट स्काईबार एंड किचन, वियतनोम जैसे कई अन्य लोकप्रिय रेस्टोरेंट्स में अपने डाइन-इन बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट का आनंद उठा सकते हैं। इस विशेष पहल का उद्देश्य नागरिकों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना और मतदान प्रक्रिया को ज्यादा समावेशी बनाना है


## बारह समूहों में बिकवाली से थमी बाजार की तेजी

**मुंबई,** 24 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई।

■ सेंसेक्स 7.65 अंक फिसलकर 75,410.39 पर रहा

■ निफ्टी 10.55 अंक उतरकर 22,957.10 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.65 अंक फिसलकर 75,410.39 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 10.55 अंक उतरकर 22,957.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,519.44 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,996.45 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2159 में बिकवाली जबकि 1689 में लिवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में गिरावट जबकि 17 में तेजी रह वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 12 समूह कमजोर रहे। इससे कमोडिटीज 0.35, सीडी 0.29, एफएमसीजी 0.71, हेल्थकेयर 0.51, आईटी 0.55, ऑटो 0.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.04, धातु 0.41, पावर 0.27, रियल्टी 0.47, टेक 0.17 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.52 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.38, जर्मनी का डैक्स 0.37, जापान का निक्केई 1.17, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.88 प्रतिशत कमजोर रहा।




शुरूआती कारोबार के सेंसेक्स 83 अंक टूटकर 75,335.45 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,244.22 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 75,636.50 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 75,418.04 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 75,410.39 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 37 अंक उतरकर 22,930.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,908.00 अंक के निचले जबकि 23,026.40 अंक के ऊंचे स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,967.65 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,957.10 अंक रह गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान में रही कंपनियों में एशियन पेंट 1.21, टेक महिंद्रा 1.18, आईटीसी 1.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.15, टीसीएस 1.14, टाइटन 1.05, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.92, एचसीएल टेक 0.79, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.61, सन फ़ार्मा 0.56, इंफ़ोसिस 0.54, विप्रो 0.52, एसबीआई 0.45, रिलायंस 0.44, टाटा स्टील 0.37, आईसीआईआई बैंक 0.33, टाटा मोटर्स 0.14 प्रतिशत शामिल है। वहीं, एचडीएफसी बैंक 1.64, भारती एयरटेल 1.12, एलटी 1.11, एनटीपीसी 0.68, एक्सिस बैंक 0.61, अल्ट्रासिमको 0.61, मारुति 0.50, बजाज फाइनेंस 0.18 और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.09 प्रतिशत मजबूत रहे।

## कृष व भूमि नाम से दो एआई एंकर लॉन्च करेगा डीडी किसान

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। दूरदर्शन किसान अपने 9 साल पूरे होने पर 26 मई (रविवार) को एआई कृष और एआई भूमि नाम से दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर लॉन्च करेगा।



डीडी किसान दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर-एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने वाला पहला सरकारी टीवी चैनल बन जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि एआई एंकर एक कंप्यूटर है, जो इंसान की तरह काम कर सकता है। उनके पास 50 अलग-अलग भाषाओं में बोलने की क्षमता है और वह 24 घंटे और 365 दिन बिना रुके समाचार पढ़ सकता है।

यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंकर देश और दुनिया में कृष अनुसंधान के बारे में लोगों को नई जानकारी उपलब्ध कराएगा। वह मंडियों के रुझानों, मौसम संबंधी अपडेट के साथ लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी देगा। डीडी किसान चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को किसानों को मौसम, वैश्विक और स्थानीय बाजारों आदि में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी देने के लिए की गई थी ताकि किसान कोई भी जरूरी कदम उठाने से पहले अच्छी तरह से उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सही निर्णय ले सके। मंत्रालय ने कहा कि डीडी किसान चैनल देश में कृष और ग्रामीण समुदाय की सेवा करने और उन्हें शिक्षित करने के साथ प्रगतिशील किसानों के प्रयासों को सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए भी काम कर रहा है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि चैनल कृषि की त्रि-आयामी अवधारणा को मजबूत कर रहा है जिसमें संतुलित खेती, पशुपालन और पौधारोपण शामिल है। दूरदर्शन किसान एक भारतीय कृषि संबंधित जानकारी देने वाला टेलीविजन चैनल है, जिसे 24 घंटे प्रसारित किया जाता है।

## सरसों व मूंगफली तेल चढ़ा, दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी तेजी के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल के भाव चढ़ गए तथा दालें महंगी हो गई। वहीं अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 13 रिंगिट बढ़कर 3866 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट की बढ़त लेकर 45.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 110 रुपए और मूंगफली तेल में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200 रुपए, मूसर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

## बचत व निवेश करना चाहते हैं दो-तिहाई उपभोक्ता

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। देश के अधिकांश उपभोक्ताओं को अगले वर्ष तक उनकी आय बढ़ने की उम्मीद है और लगभग दो तिमाई उपभोक्ताओं को अपने वाले वर्षों में अधिक बचत और अधिक निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने अपने वार्षिक कंज़्यूमर सर्वे - द ग्रेट इंडियन वॉलेट स्टडी प्रमुख फ़ाइनेंशियल पहलुओं के प्रति कंज़्यूमर का व्यवहार का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसमें यह दावा किया गया है।

ग्रेट इंडियन वॉलेट का अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, लखनऊ, जयपुर, भोपाल, पटना, रांची, चंडीगढ़, देहरादून, लुधियाना और कोच्चि सहित 17 शहरों में किया गया था। इसमें 18 -55 वर्ष के आयुवर्ग में लगभग 2500 लोग शामिल थे जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की थी।

अध्ययन के अनुसार, वर्तमान स्थिति और भविष्य की धारणा दोनों के संदर्भ में शहरी और अर्ध-शहरी कंज़्यूमरों के बीच वित्तीय कल्याण सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। 52प्रतिशत कंज़्यूमर्स ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में उनकी आय में वृद्धि हुई है, जबकि 74प्रतिशत कंज़्यूमरों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष तक उनकी आय में वृद्धि होगी। लगभग दो-तिहाई दावा करते हैं कि वे आनेवाले वर्ष में अधिक (66प्रतिशत) बचाने और अधिक (66प्रतिशत) निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर्स भावना में यह उछाल अर्थव्यवस्था में वृद्धि, कमाई की क्षमता में वृद्धि और आय वृद्धि की सकारात्मक धारणा से प्रेरित है। इस अध्ययन से पता चलता है कि 2024 में व्यक्तिगत मासिक आय का औसत मेट्रो के लिए 35 हज़ार और टियर 1 और 2 शहरों के लिए 32 हज़ार है, जो 2023 में 33 हज़ार (मेट्रो), 30 हज़ार (टियर 1) और 27 हज़ार (टियर 2) से ज़्यादा है। मेट्रो और टियर 1 शहरों में, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे हैं, जो तरक्की चाहने वाले कंज़्यूमर्स के लिए नई और बेहतर संभावनाएं मुहैया करवाते हैं। इन शहरों में आय के स्तर में वृद्धि देखी गई है, जिसमें बेंगलुरु और हैदराबाद क्रमश: राष्ट्रीय औसत से 15प्रतिशत और 33प्रतिशत ज़्यादा आय के साथ सबसे आगे हैं। यह अध्ययन 2024 में निम्न-मध्यम वर्ग के व्यक्तियों के बीच आय और व्यय का अवलोकन भी करवाता है। औसतन, निम्न-मध्यम वर्ग के व्यक्तियों की व्यक्तिगत मासिक आय लगभग 33,000 है, जबकि 2024 में मासिक खर्च 19,000 है। पिछले एक साल में आय में वृद्धि ने खर्चों में वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखा है।

■ शहरी व अर्ध-शहरी कंज्यूमरों के बीच वितीय कल्याण सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि

■ 74प्रतिशत कंज्यूमरों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष तक उनकी आय में वृद्धि होगी

HOME CREDIT

# खेल जगत

## दिनेश कार्तिक के संन्यास पर धवन ने लिखा भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने अंडर-19 और भारतीय टीम के साथी दिनेश कार्तिक को उनकी अविश्वसनीय यात्रा के लिए बधाई दी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद दिनेश कार्तिक ने अपनी आईपीएल पारी समाप्त की। अब वो आईपीएल में नहीं खेलेंगे। शिखर धवन ने दिनेश कार्तिक को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और जोश की सराहना की है। शिखर धवन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, भाई, हमारे अंडर-19 दिनों से लेकर अब तक, यह कड़ी मेहनत और उपलब्धियों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। आपका समर्पण हमेशा प्रेरणादायक रहा है। मुझे वह ऊर्जा पसंद है।



# जब मैं संघर्ष कर रहा था तब कार्तिक ने मेरी मदद की : कोहली

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां) करिश्माई भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के टीम साथी दिनेश कार्तिक का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जब वह संघर्ष कर रहे थे तब ऐसे मुश्किल समय में दिनेश कार्तिक ने उनकी मदद की। बेंगलुरु के आईपीएल एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से चार विकेट से हारने के बाद कार्तिक का करियर समाप्त हो गया। कार्तिक ने 2004 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से भारत के लिए 26 टेस्ट,94 वनडे और 60 टी20 खेले।

■ मैदान के बाहर मेरी कार्तिक के साथ अच्छी और दिलचस्प बातचीत : विराट

कोहली ने फ्रैंचाइजी द्वारा पोस्ट किये गए विशेष वीडियो में कहा कि मैदान के बाहर मेरी कार्तिक के साथ अच्छी और दिलचस्प बातचीत हुई है। वह एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं और उनके पास केवल क्रिकेट ही नहीं बल्कि काफी चीजों के बारे में अच्छी जानकारी है। मैंने उनके साथ बातचीत का पूरा आनंद लिया है। उन्होंने कह कि यहां तक कि 2022 के उस चरण में भी जब मेरे पास एक अच्छा आईपीएल सीजन नहीं था, मैं वास्तव में आत्मविश्वास के लिए संघर्ष कर रहा था, कार्तिक ने मुझे कुछ बार बैठाया और मुझे बहुत ईमानदार स्पष्टीकरण दिया कि वह चीजों को कैसे देख रहा है और शायद मैं नहीं देख रहा हूं। कार्तिक ने 2008 से इंडियन प्रीमियर लीग के हर सीज़न में खेला और 2015 सीज़न के बाद आरसीबी में यह उनका दूसरा कार्यकाल था। कोहली ने कहा कि तो, मुझे उसकी ईमानदारी और साहस पसंद है कि वह किसी के पास जाकर उन चीज़ों के बारे में बात करे जिनके बारे में वह बहुत अच्छा महसूस करता है। और मुझे लगता है कि जब कार्तिक की बात आती है तो यह मेरे लिए सबसे खास बात है और यह एक ऐसी चीज है जिसे मैंने हमेशा उसके बारे में याद रखा है। यही कारण है कि हम वास्तव में बहुत अच्छे से साथ रहते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने राष्ट्रीय टीम के सेट-अप में कार्तिक के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। पहली बार जब मैं डीके से मिला, तो मुझे याद है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी 2009 में दक्षिण अफ्रीका में खेल रहे थे। यह पहली बार था जब मैंने दिनेश के साथ चेंजरूम साझा किया था और मुझे वह बहुत मनोरंजक लगा, मैं कहूंगा अतिसक्रिय, भ्रमित व्यक्ति, अधिकांश समय वह हर जगह घूमता रहता था, कभी नहीं रुकता था। वह दिनेश के बारे में मेरी पहली धारणा थी। उत्कृष्ट प्रतिभा, देखने में शानदार बल्लेबाज और मेरी पहली छाप और आज की छाप में ज्यादा अंतर नहीं है। बस वह समझदार हो गया है और काफी शांत हो गया है। मैं हमेशा दिनेश को देखता था और महसूस करता था कि वह तकनीकी रूप से इतना सही खिलाड़ी था कि उसे दी गई किसी भी तरह की भूमिका में ढल सकता था, और मुझे उसे 2013 सीज़न में देखना याद है जहां उसने 600 रन या कुछ और बनाए थे। मैंने उन्हें ऐसे शॉट्स खेलते हुए देखा जो 'वाह' जैसे थे। मुझे लगता है कि उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है और एक प्रसिद्ध फिनिशर बन गए हैं। मैं उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि क्रिकेट में उनकी विशेषज्ञता अमूल्य है। मुझे लगता है कि वह इस फ्रैंचाइज़ी के लिए बहुत मूल्यवान हैं। आरसीबी के क्षेत्ररक्षण कोच मालोलन रंगराजन ने बताया कि 2010 के दशक में अपने सबसे निचले स्तर पर रहने के बाद कार्तिक अब एक शांत व्यक्ति हैं। अब हर कोई जो देख रहा है वह एक बहुत ही सूक्ष्म संस्करण है। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि उनकी स्थिति, खासकर पिछले चार या पांच वर्षों में, बहुत गंभीर है। इसलिए, अपनी सीट पर बैठे रहना, अपना हेलमेट पहनना बहुत मुश्किल है।



■ मैं हमेशा दिनेश को देखता था और महसूस करता था कि वह तकनीकी रूप से इतना सही खिलाड़ी था कि उसे दी गई किसी भी तरह की भूमिका में ढल सकता था : कोहली

# पुरुष हॉकी : बेल्जियम ने भारत को 4-1 से हराया

**एंटवर्प,** 24 मई (एंजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 1-4 से हार गई। भारत के लिए अभिषेक (55%) ने एकमात्र गोल किया, जबकि बेल्जियम के लिए फेलिक्स डेनेयर (22%), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34%, 60%) और सेड्रिक चार्लियर (49%) ने गोल दागे। शुरुआती समय से ही बेल्जियम अटैकिंग दिख रहा था। हालांकि, उनका सामना एक मजबूत डिफेंस से था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यह दबाव अच्छी तरह से संभाला और इस मुकाबले का पहला क्वार्टर 0-0 पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी और दमदार शुरुआत की। क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाई, क्योंकि हरमनप्रीत के पावरफुल शॉट का बेल्जियम के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। हालांकि, आठ मिनट शेष रहने पर

■ बार-बार आक्रमण के बावजूद, भारत हॉफ टाइम तक अपना खाता खोलने में सफल नहीं रही

फेलिक्स डेनेयर (22%) ने मैच का पहला गोल किया और बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। बार-बार आक्रमण के बावजूद, भारत हाफ टाइम तक अपना खाता खोलने में सफल नहीं रही। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम का डिफेंस काफी मजबूत था। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी एक्शन देखने को मिला, लेकिन बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलने के बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34%) के गोल की मदद से बढ़त दोगुनी की। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बनाई। इसके बाद



मैच में 15 मिनट शेष रहते ही, भारत ने पूरी जान लगा दी। लेकिन बेल्जियम ने सेड्रिक चार्लियर (49%) के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त 3-0 कर ली। मैच के पांच मिनट शेष रहते हुए अभिषेक (55%) ने भारत के लिए पहला गोल दागा। फिर, मैच के अंत में बेल्जियम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (60%) ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील किया। मैच बेल्जियम की 4-1 से जीत के साथ समाप्त हुआ। अब चाहे डिफेंस में चूक कहें या भारतीय खिलाडियों के अटैक में कमी, लेकिन इसका खामियाजा तो भारतीय टीम को भुगतना ही पड़ेगा।

# अमेरिका ने टी 20 में बांग्लादेश के खिलाफ बनाई 2-0 की अपराजेय बढ़त

**ह्यूस्टन (अमेरिका),** 24 मई (एजेंसियां)। अमेरिका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश को दूसरे टी 20 मुकाबले में गुरूवार को छह रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत के सौरभ नेत्रवलकर और पाकिस्तान के अली खान की जोड़ी ने आपस में पांच विकेट लेकर अमेरिका को यादगार जीत दिलाई। मुम्बई और भारत अंडर 19 के पूर्व खिलाड़ी नेत्रवलकर ने बांग्लादेश को शुरूआती झटके देते हुए तीन ओवर में 15 रन पर दो विकेट झटके जबकि पाकिस्तान में जन्मे और 16 वर्ष की उम्र में अमेरिका आ गए अली खान ने 3.3 ओवर में 25 रन पर तीन विकेट लिए और अमेरिका के 144 रन के मामूली स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव कर लिया। नेत्रवलकर ने बांग्लादेश को पहला झटका दिया जबकि अली खान ने शाकिब अल हसन (23 गेंदों पर 30 रन) का बेशकीमती विकेट लिया। शेड्ली वान शाल्विक ने 21 रन पर दो विकेट लिए। जसदीप सिंह और कोरी एंडरसन ने एक-एक विकेट लेकर बांग्लादेश को 19.3 ओवर में 138 रन पर समेट दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर अमेरिका 20 ओवर में 144/6 रन ही बना पाया, लेकिन उसके गेंदबाजों ने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया। बांग्लादेश की तरफ से शरीफुल इस्लाम (2-29), मुस्तफिजुर रहमान (2-31) और रिशद हुसैन(2-21) ने दो-दो विकेट लिए। अमेरिका की तरफ से कप्तान मोनांक पटेल ने 38 गेंदों में सर्वाधिक 42 रन बनाये जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था। कोरी एंडरसन ने 10 गेंदों में 11 रन का योगदान दिया।




# टॉप सीड हान युई को हराकर सिंधु सेमीफाइनल में

**कुआलालम्पुर,** 24 मई (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने टॉप सीड चीन की हान युई को शुक्रवार को तीन गेमों के संघर्ष में हराकर मलेशिया मास्टर्स, बीडब्लूएफ 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 2022 में सिंगापुर ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में जुटी सिंधु ने विश्व की छठे नंबर की खिलाड़ी युई को 21-13 14-21 21-12 से पराजित कर दिया। सिंधु पिछले महीने चीन में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पहली बार युई से तीन गेमों में हार गई थीं।

28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का वर्ष का यह सातवां टूर्नामेंट है। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोट से उबरकर लौटीं। सिंधु की धीमी और स्थिर प्रगति ने उन्हें मलेशिया मास्टर्स में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंचने में मदद की वह सात महीने में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचीं। वह आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल चरण में पहुंची थीं। भारतीय का अगला मुकाबला थाई शटलर बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा, जिन्होंने पुत्री कुसुमा वर्दानी को 21-12, 21-23, 21-16 से हराया। सिंधु थाई खिलाड़ी से करियर मुकाबलों में 17-1 से आगे हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने लगातार पांच अंक हासिल कर 16-13 की बढ़त से पहला गेम जीत लिया। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने वापसी की और दूसरे गेम में 15-3 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधु 18-13 से अंतर को कम करने में सफल रही, लेकिन शुरुआती घाटे

■ सिंधु पिछले महीने युई से तीन गेमों में हार गई थीं

■ सिंधु थाई खिलाड़ी से करियर मुकाबलों में 17-1 से आगे हैं

को कम करने में विफल रही और उन्हें निर्णायक गेम खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरा गेम हारने के बावजूद, सिंधु ने निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखते हुए जीत सुनिश्चित की और अंतिम गेम में युई को 21-16 से हरा कर 55 मिनट में मैच जीत लिया। सिंधु ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा कि तीसरा गेम हम दोनों के लिए महत्वपूर्ण था। पहली रैली से, मैंने सुनिश्चित किया कि मैं खेल पर केंद्रित करूं और आसान अंक नहीं दिए। मैं नियंत्रण में थी और मुझे जीत का भरोसा था। मैं अपने खेल से खुश हूं क्योंकि मैं उनसे अपना आखिरी मैच हार गई थी, यह शर्म की बात थी क्योंकि मैं आगे चल रही थी, लेकिन यह जीत एक बदले की तरह है। मैं तीन गेमों के लिए तैयार थी, मैं लंबी रैलियों के लिए तैयार थी। इस स्तर पर, आप सीधे मैच की उम्मीद नहीं कर सकते। शीर्ष 10 खिलाड़ी उच्चतम मानकों के हैं, आप इसे आसानी से नहीं ले सकते। यह अच्छा है कि मैं सेमीफाइनल में पहुंची हूं, इससे मुझे बहुत आगे तक जाने का आत्मविश्वास मिला है। पेरिस 2024 दो महीने दूर है, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता - रियो 2016 (रजत) और टोक्यो 2020 (कांस्य) - को विश्वास है कि वह समय के साथ अपने चरम पर पहुंच सकती है। अन्य महिला एकल मैच में, अश्मिता चालिहा छठी वरीयता प्राप्त चीन की झांग यी मैन से सीधे गेम में हार गईं, जिससे क्वार्टर फाइनल में उनका अभियान समाप्त हो गया।




चालिहा को दुनिया के 16वें नंबर की चीनी खिलाड़ी के हाथों 30 मिनट में 10-21,15-21 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की बेइवेन झा ंग को

# टी-20 विश्वकप के लिए आईसीसी ने किया कमेंट्री पैनल का ऐलान

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंसियां)। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 1 जून से लेकर लेकर 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले इस मेगा-इवेंट के लिए आईसीसी ने कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है, जिसमें दिनेश कार्तिक को भी शामिल किया गया है। रिकी पोंटिंग, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज़ राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम टूर्नामेंट के दौरान प्रमुख कमेंटेटर होंगे। क्रिकेट जगत की कुछ प्रतिष्ठित आवाज़ों के साथ-साथ अमेरिकी कमेंटेटर जेम्स ओ ब्रायन भी होंगे, जिन्हें जोम्बॉय के नाम से जाना जाता है। विश्व कप में यह उनका पहला मौका होगा जहां वो अमेरिकी दर्शकों को संबोधित करेंगे। आधुनिक खेल की अच्छी समझ रखने वाले दिनेश कार्तिक, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, फिंच और लिसा स्टालेकर जैसे पूर्व पुरुष और महिला टी20 विश्व कप चैंपियन शामिल होंगे। दिनेश कार्तिक ने आईसीसी से कहा कि यह टूर्नामेंट कई मायनों में अलग होगा, जो इसे और भी रोमांचक बनाता है। 20 टीमें, 55 मैचों और कुछ नए स्थानों के साथ, यह एक रोमांचक आयोजन है मैं इसमें शामिल होने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इतनी बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बनना शानदार एहसास है और जिन खिलाड़ियों के साथ मैंने हाल ही में खेला है उन पर कमेंट्री करना इसे और भी दिलचस्प बनाता है। दिनेश कार्तिक के अलावा कमेंट्री पैनल में भारत के हर्षा भोगले, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर को भी जगह मिली है। भारतीय फैंस को इस बार टीम इंडिया से काफी उम्मीदें होंगी। पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया टी-20 विश्व कप 2007 की जीत के बाद एक और टी-20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम करना चाहे ी। इस सफर की शुरुआत टीम इंडिया 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। फिर 9, 12 और 14 जून को भारत का मुकाबला पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से होगा। खेल के सभी पहलुओं में युवा जोश और अन भव के साथ भारत टूर्नामेंट में भरपूर आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करेगा।



■ पोंटिंग, गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज़ राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम टूर्नामेंट के दौरान प्रमुख कमेंटेटर होंगे

# ग्रीम स्वान ने केकेआर को बताया आईपीएल खिताब का दावेदार

**नई दिल्ली,** 24 मई (एजेंअसियां)। पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के पूर्व सदस्य ग्रीम स्वान ने कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2024 के लिए खिताब का दावेदार माना है। केकेआर ने पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को अहमदाबाद में आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बाहर कर क्वालीफायर दो में जगह बनायी थी जहां उसका सामना शुक्रवार को एसआरएच से होगा। स्वान ने कहा कि केकेआर वो टीम है जो फाइनल में ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्र कवर कर रखे हैं। उन्होंने आईपीएल के इस सत्र में दबदबा बनाया है और गौतम गंभीर के प्रमुख कोच के रूप में रहते वे सर्वश्रेष्ठ हैं। मंगलवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्वालीफायर एक के मैच की दूसरी गेंद पर ट्रेविस हेड को आउट करने के बाद, स्टार्क ने पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतीश कुमार रेड्डी और शाहबाज़ अहमद को आउट कर एसआरएच को मुश्किल में डाल दिया। कुल मिलाकर, स्टार्क ने 3-34 विकेट हासिल किए और क्वालीफायर 1 में बड़ी जीत के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टार्क के फॉर्म में वापस आने पर स्वान ने अन्य टीमों को चेतावनी दी कि वे स्टार ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज से डरें क्योंकि वह जानते हैं कि फाइनल के दबाव को कैसे संभालना है। उन्होंने कहा कि वहफॉर्म में वापस आ गए हैं और जो भी फाइनल में पहुंचता है, यह अन्य टीमों के लिए खतरा है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 0-2 से हारी

**एंटवर्प,** 24 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे संघर्षपूर्ण मुकाबले में बेल्जियम से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बेल्जियम के लिए एलेक्सिया 'टी' सेरस्तेवेन्स (34′) और लुइस ड्वाइट (36′) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। हालांकि भारत ने बेल्जियम पर दबाव बनाना जारी रखा जबकि बेल्जियम ने जवाबी हमले पर भरोसा किया लेकिन भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला किया और हर हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि बेल्जियम को मैच की शुरुआत में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करना पड़ा था। मेजबान टीम ने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे भारतीय गोलकीपर सविता ने बिना किसी परेशानी के बचा लिया। इस बीच भारत ने सर्कल में कुछ प्रवेश किए लेकिन नेट नहीं ढूंढ सके और पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

■ बेल्जियम के लिए एलेक्सिया 'टी' सेरस्तेवेन्स (34′) और लुइस ड्वाइट (36′) ने एक-एक गोल किया

दूसरे कार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमलों और पासिंग से दबाव बनाये रखा। भारत ने दबाव को बखूबी झेला और गेंद पर कब्जे तथा तेज पास से मैच का रुख अपनी तरफ रखने की कोशिश की। भारत ने बेल्जियम के डिफेंस को दो बार झकझोरा, लेकिन गतिरोध जारी रहा और पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ।



बेल्जियम तीसरे क्वार्टर में आक्रामक अंदाज में उतरा और उसने दो मिनट में एलेक्सिया 'टी' सेरस्तेवेन्स (34′) और लुइस ड्वाइट (36′) की मदद से दो मैदानी गोल कर 2-0 की बढ़त बना ली। इस बीच भारत ने वापसी करने की कोशिश की और तीसरे क्वार्टर के अंत में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उसका फायदा नहीं उठा पाए।

चौथे क्वार्टर में भारत ने बेल्जियम के डिफेंस की परीक्षा ली लेकिन मेजबान ने सफलतापूर्वक अपनी बढ़त का बचाव किया। भारत काफी कोशिश के बावजूद बेल्जियम का नेट नहीं ढूंढ सका और मैच बेल्जियम के पक्ष में 2-0 के साथ समाप्त हुआ। भारतीय फॉरवर्ड दीपिका सोरेंग ने मैच में अपना सीनियर पदार्पण किया।

# नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

**एम्स्टर्डम।** 23 मई (एजेंसियाँ) फ्रेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज काइल ने अब तक केवल तीन अंतरराष्ट्रीय मैचों में नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है।

## सार संक्षेप

### आईओसी अध्यक्ष, फिडे अधिकारी पुणे में 'चेस फॉर फ्रीडम' कॉन्फ्रेंस में लेंगे हिस्सा

**चेन्नई।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य, एक शतरंज ग्रैंडमास्टर, एक जेल अधिकारी और कई देशों से पूर्व कैदी अगले महीने पुणे में 'चेस फॉर फ्रीडम' कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने यह जानकारी दी है। फिडे ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस का मकसद सुधार गृहों में शतरंज का उपयोग करना है। फिडे आईओसी के सहयोग से इस कॉन्फ्रेंस को पुणे में 19-21 जून तक आयोजित कर रहा है। इसकी मेजबानी अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और महाराष्ट्र शतरंज संघ करेंगे। वैद्य भारत में 'चेस फॉर फ्रीडम' परियोजना पर बोलेंगे। इंडियन ऑयल अपनी 'परिवर्तन - प्रिजन टू प्राइड' पहल के तहत विभिन्न भारतीय जेलों में कैदियों को शतरंज, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कैरम जैसे विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य जेल के कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में मदद करना और सुधार करना है।

### आईओसी अध्यक्ष, फिडे अधिकारी पुणे में' चेस फॉर फ्रीडम कॉन्फ्रेंस में लेंगे हिस्सा

**चेन्नई।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य, एक शतरंज ग्रैंडमास्टर, एक जेल अधिकारी और कई देशों से पूर्व कैदी अगले महीने पुणे में 'चेस फॉर फ्रीडम' कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने यह जानकारी दी है। फिडे ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस का मकसद सुधार गृहों में शतरंज का उपयोग करना है। फिडे आईओसी के सहयोग से इस कॉन्फ्रेंस को पुणे में 19-21 जून तक आयोजित कर रहा है। इसकी मेजबानी अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और महाराष्ट्र शतरंज संघ करेंगे। वैद्य भारत में चेस फॉर फ्रीडम. परियोजना पर बोलेंगे। इंडियन ऑयल अपनी परिवर्तन - प्रिजन टू प्राइड पहल के तहत विभिन्न भारतीय जेलों में कैदियों को शतरंज, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कैरम जैसे विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य जेल के कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में मदद करना और सुधार करना है।

### वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराया

**किंगस्टन।** ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को पहला विकेट सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (1) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान ब्रैंडन किंग ने काईल मेयर्स के साथ पारी को संभाला।